सूर्योदय 6:27 सूर्यास्त 6:31

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.4 न्यू | 19.0 अधि |
| धर्मशाला | 12.2 न्यू | 24.9 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72643 .43 |
| निफ्टी | 22023 .35 |
| सोना | 66,110 |
| चांदी | 75,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



follow us on:

धर्मशाला | सोमवार, 18 मार्च, 2024 | 5 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 90, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए

आज के अंक में

- द लाइफ एंड डेथ ऑफ ए सिद्धू मूसेवाला पर चर्चा
- दिल्ली से हिमाचल चलने वाली प्राइवेट वोल्वो बसों में खुली लूट

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- नगर पंचायत जवाली में टैक्स के खिलाफ जनता ने खोला मोर्चा
- बैजनाथ-पपरोला नगर पंचायत के चुनाव स्थगित

पृष्ठ 4 पर पढ़ें



- बनना था शिक्षक, बन गई परिचालक
- महिला सम्मान निधि के नाम पर मातृशक्ति के साथ धोखा

पृष्ठ 6 पर पढ़ें



- अदा शर्मा की 'बस्तर' का नहीं चला जादू
- इसराइल की सीरिया में एयरस्ट्राइक चरमपंथियों के कई ठिकाने तबाह

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## न्यूज शॉर्ट्स

### महादेव ऐप मामला : पूर्व सीएम बघेल के खिलाफ एफआईआर

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। रायपुर की आर्थिक अपराध शाखा ने महादेव ऐप मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। ईओडब्लू और एसीबी विंग ने महादेव बेटिंग ऐप के मालिकों से 508 करोड़ रुपये प्रोटेक्शन मनी लेने के मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल समेत 21 अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है।

### सांप के जहर तस्करी मामले में यू-ट्यूबर एल्विश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रेव पार्टी में सांपों के जहर सप्लाई करने के मामले में बिग बॉस विजेता और मशहूर यू-ट्यूबर एल्विश यादव को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को एल्विश को पूछताछ के लिए बुलाया था और उसे गिरफ्तार कर लिया। एल्विश यादव समेत छह लोगों के खिलाफ पीपुल्स फॉर एनिमल संस्थान ने केस दर्ज कराया था। वहीं, एल्विश यादव को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### ईडी ने केजरीवाल को भेजा नौवां समन, 21 को बुलाया



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नौवां समन जारी किया है। केजरीवाल को 21 मार्च को जांच एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। उधर, सुप्रीम कोर्ट मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सोमवार को अपना फैसला सुनाएगा।

### पंजाब में गैंगस्टर के साथ मुठभेड़, पुलिस जवान की मौत

**चंडीगढ़।** अपराध जांच एजेंसी (सीआईए) की टीम रविवार को जब पंजाब के होशियारपुर जिले में गैंगस्टर के घर छापा मारने पहुंची तो गैंगस्टर ने फायरिंग कर दी। इस मुठभेड़ में गोली लगने से कांस्टेबल अमृतपाल सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मुकेरियां के मंसूरपुर गांव में गैंगस्टर के आवास पर छापा मारा। घर में गैंगस्टर ने भारी संख्या में अवैध हथियार रखे थे।

अनंत ज्ञान

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**सर्कुलेशन विभाग**

अनंत ज्ञान अखबार को प्रचार और प्रसार के लिए कुशल और अनुभवी सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

### चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों का चुनावी बांड का नया डाटा किया जारी, वेबसाइट पर अपलोड, 2017-18 के बांड्स की भी जानकारी

# भाजपा ने भुनाए 6,986 करोड़ के चुनावी बांड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**चुनाव** आयोग ने सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री से 16 मार्च को मिला इलेक्टोरल बांड का नया डाटा रविवार को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। नए डाटा में फाइनेंशियल ईयर 2017-18 के बांड्स की जानकारी भी शामिल है। इससे पहले आयोग ने 14 मार्च को अपनी वेबसाइट पर 763 पेज की दो लिस्ट अपलोड की थी। इसमें अप्रैल 2019 के बाद खरीदी या कैश की गई बांड की जानकारी थी। एक लिस्ट में बांड खरीदने वालों की जानकारी, जबकि दूसरी में राजनीतिक दलों को मिले बांड की डिटेल है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने 14 मार्च को ही चुनाव आयोग को बांड से जुड़ी जानकारी दी थी। इसमें यूनीक अल्फा न्यूमेरिक नंबर्स का खुलासा नहीं था। इससे यह पता नहीं चल सका कि किसने किसे कितना चंदा दिया है। इसको लेकर कोर्ट ने 15 मार्च को एसबीआई को नोटिस जारी किया और 18 मार्च तक जवाब मांगा।

### दो जनवरी 2018 को लांच हुई थी चुनावी बांड स्कीम

**केंद्र** सरकार ने दो जनवरी 2018 को बांड स्कीम को नोटिफाई किया था। स्कीम के प्रावधानों के मुताबिक इलेक्टोरल बांड को कोई भी नागरिक अकेल या किसी के साथ मिलकर खरीद सकता है। योजना को 2017 में ही चुनौती दी गई थी, लेकिन सुनवाई 2019 में शुरू हुई।









**कॉर्पोरेट व्यावसायिक घरानों ने कुल 11,780 करोड़ के बांड खरीदे**

### 2019-20 में भाजपा को सबसे ज्यादा दो हजार 555 करोड़ मिले

**चुनाव** आयोग के डाटा के मुताबिक, भाजपा ने कुल छह हजार 986 करोड़ रुपए के चुनावी बांड कैश करवाए हैं। पार्टी को 2019-20 में सबसे ज्यादा दो हजार 555 करोड़ रुपए मिले हैं। वहीं, डीएमके को इलेक्टोरल बांड के माध्यम से 656.5 करोड़ रुपए मिले, जिसमें लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के फ्यूचर गेमिंग से 509 करोड़ रुपए भी शामिल हैं।

**12 अप्रैल 2019 और 15 फरवरी 2024 के बीच कुल 18,871 बांड खरीदे**

### किसे, कितना चंदा मिला

| | |
|---|---|
| भाजपा | 6,986.5 करोड़ |
| कांग्रेस | 1,334.35 करोड़ |
| बीजद | 944.5 करोड़ |
| वाईएसआर कांग्रेस | 442.8 करोड़ |
| टीडीपी | 181.35 करोड़ |
| तृणमूल कांग्रेस | 1,397 करोड़ |
| बीआरएस | 1322 करोड़ |
| सपा | 14.05 करोड़ |
| अकाली दल | 7.26 करोड़ |
| अन्नाद्रमुक | 6.05 करोड़ |
| नेशनल कॉन्फ्रेंस | 50 लाख |

### राजनीतिक पार्टियों ने मांगे बांड्स के यूनिक नंबर्स

**डाटा** के मुताबिक कुछ पार्टियों ने एसबीआई से बांड्स के यूनिक नंबर्स मांगे हैं। तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि उसे नंबर्स चाहिए। बसपा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा कि उसे इलेक्टोरल बांड्स से कोई चंदा नहीं मिला। कांग्रेस ने कहा कि वह एसबीआई की ओर से चुनाव आयोग को दिया गया डाटा जारी करेगी।

### सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बांड के यूनिक नंबरों का खुलासा करेगा एसबीआई

**भारतीय** स्टेट बैंक (एसबीआई) चुनावी बांड के यूनिक अल्फा न्यूमेरिक नंबरों सहित संपूर्ण विवरण सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में देगा। चुनाव आयोग को वेबसाइट पर पूरा डाटा अपलोड नहीं करने पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई थी और उसे नोटिस जारी कर सोमवार तक अपना जबाव दाखिल करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राजनीतिक पार्टियों को जो चुनावी बांड के तहत चंदा मिला है उसका पूरा खुलासा एसबीआई को करना चाहिए था।

सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को मामले में नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान साफ किया कि एसबीआई ने बांड के बारे में जो ब्यौरा दिया है उसमें उसे नंबरों का खुलासा जरूर करना होगा। चुनाव आयोग ने कहा कि उसने गोपनीयता का पालन करने के कारण दस्तावेज की कोई कॉपी अपने पास नहीं रखी है ऐसे में उसे लिफाफा वापस किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि भारतीय स्टेट बैंक बांड की खरीद और भुनाने के संबंध में पहले से बताए गए विवरणों के अलावा, चुनावी बांड संख्या यानी यूनिक नंबरर का भी खुलासा करना होगा।

## हिमाचल में लटकी हजारों भर्तियां

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अब लोकसभा चुनाव के बाद ही स्कूलों में हजारों शिक्षक नियुक्त होंगे। देश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लगने से टीजीटी, जेबीटी, कंप्यूटर शिक्षकों की भर्तियां लटक गई हैं। दो दिन पहले 1023 टीजीटी का बैचवाइज भर्ती के माध्यम से चयन हुआ है।

इन शिक्षकों को नियुक्तियों के लिए अब जून तक इंतजार करना होगा। 1161 परों पर जेबीटी की बैचवाइज भर्ती का परिणाम भी जून में ही जारी होगा। कंप्यूटर साइंस प्रवक्ता के 985 पद भरने को विज्ञापन जारी करने पर भी रोक लग गई है। प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने विगत 13 मार्च को अक्तूबर-नंवबर 2023 के दौरान हुई बैचवाइज काउंसिलिंग का परिणाम घोषित किया है। इसमें टीजीटी आर्ट्स में 496, नॉन मेडिकल में 333 और मेडिकल में 194 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

## प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से मांगा 100 दिन का एक्शन प्लान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**लोकसभा** चुनावों की घोषणा के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की और मंत्रियों से नई सरकार से पहले 100 दिन और पांच वर्ष का रोडमैप बनाने के निर्देश दिए हैं। पीएम ने कहा कि भाजपा सरकार फिर से सत्ता में आ रही है, इसलिए विकास के काम लगातार जारी रहने चाहिए।

मंत्रियों को पांच साल के व्यापक रोडमैप के साथ अगले 100 दिन के लिए प्रमुख पहलों और डिलिवरेबल्स की रूपरेखा तैयार करने का काम भी सौंपा। वहीं, कैबिनेट ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चुनाव आयोग की सिफारिश भेजकर सात चरण के संसदीय चुनावों की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू की।

### कामयाबी : अरब सागर में अभियान चलाकर 40 घंटे में 17 बंधकों को करवाया आजाद

## भारतीय नौसेना के आगे समुद्री डाकुओं का सरेंडर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**समुद्री** डाकुओं के खिलाफ भारतीय नौसेना को एक बार फिर बड़ी कामयाबी मिली है। भारतीय युद्धक जहाज आईएनएस कोलकाता ने अरब सागर में एक अपहृत जहाज में सवार सभी 35 समुद्री डाकुओं को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया। भारतीय नौसेना का यह अभियान करीब 40 घंटे चला।

भारतीय नौसेना की तरफ से एक्स पर इससे ऑपरेशन से संबंधित जानकारी साझा की गई है, जिसमें बताया है कि आईएनएस कोलकाता ने भारतीय तट से करीब 2,600 किमी दूर समुद्री लुटेरों के जहाज रुएन को घेरा था। लुटेरों को तुरंत सरेंडर करने और बंधकों को छोड़ने के लिए कहा गया और चालक दल के 17 सदस्यों को सकुशल बचा लिया गया।

### अभियान में आईएनएस सुभद्रा को उतारा

अभियान में आईएनएस सुभद्रा और समुद्री गश्ती विमान के साथ सी17 एयरक्रॉफ्ट से भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो को इस जहाज पर उतारा गया। इस साझा प्रयास से समुद्री डाकुओं के जहाज को रोकने में कामयाबी मिली।



**सोमालिया के समुद्री डाकू**

**सभी** समुद्री डाकू सोमालिया के रहने वाले हैं और समुद्र में अपहरण को अंजाम देने के लिए 14 दिसंबर को इन समुद्री लुटेरों ने एमवी रुएन जहाज का अपहरण कर लिया था। भारतीय नौसेना के युद्धपोत ने 15 मार्च को इसका पीछा किया और इस दौरान अपहृत जहाज से गोलीबारी की गई। भारतीय युद्धपोत ने भी अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक जवाबी कार्रवाई की।

### पहले भी किए हैं डकैती के प्रयास विफल

**भारतीय** नौसेना ने इस महीने की शुरुआत में सोमालिया के पूर्वी तट पर 11 ईरानी और 8 पाकिस्तानी नागरिकों के चालक दल वाले जहाज पर डकैती के प्रयास को विफल कर दिया था।

जनवरी में भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं द्वारा हमला किए जाने के बाद ईरानी ध्वज वाले जहाज के 19 पाकिस्तानी चालक दल को बचाया था। नौसेना ने 5 जनवरी को उत्तरी अरब सागर में लाइबेरिया के झंडे वाले जहाज एमवी लीला नोरफोक के अपहरण के प्रयास को विफल कर दिया था।

## सिद्धू मूसेवाला के घर गूंजी किलकारी

### मां चरणकौर ने 58 साल की उम्र में दिया बेटे को जन्म

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**दिवंगत** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के घर छोटे भाई ने जन्म लिया है। शुभदीप सिंह उर्फ सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने सोशल मीडिया पर रविवार सुबह नवजात के साथ तस्वीर साझा करके यह जानकारी दी। कुछ माह पहले मूसेवाला के पिता ने सोशल मीडिया साइट पर दावा किया था कि उनके घर नया मेहमान आने वाला है।

मूसेवाला की माता चरणकौर लंबे समय से घर से बाहर नहीं निकली थी। मूसेवाला के पिता फोटो साझा करते हुए कहा कि शुभदीप के लाखों-करोड़ों चाहने वालों की दुआओं के सदका वाहेगुरू ने उनकी झोली में शुभदीप का छोटा भाई डाला है। अकाल पुरख की कृपा से परिवार तंदरुस्त है। शुभचिंतकों का अथाह प्यार के लिए आभार।





### आईवीएफ तकनीक का लिया सहारा

**सिद्धू** मूसेवाला की 29 मई, 2022 को पंजाब के मनसा जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सिद्धू अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। इसके बाद सिद्धू मूसेवाला के चाचा ने सिद्धू की मां चरण कौर की प्रेगनेंसी की खबर के बारे में मीडिया को बताया था। अब 58 वर्ष की उम्र में चरण कौर ने बेटे को जन्म देने के लिए आईवीएफ तकनीक का इस्तेमाल किया

### वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज के लिए जारी हो चुके हैं टेंडर, तीन माह में मिलेगी सुविधा

## गोबिंदसागर में फर्राटे भरेंगे क्रूज-शिकारे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**सब** ठीक रहा तो बिलासपुर जिले की सुप्रसिद्ध गोबिंदसागर झील में जल्द ही क्रूज शिकारे फर्राटे भरते नजर आएंगे। यहां राइड, सोफा राइड जैसी वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां भी शुरू हो जाएंगी। पर्यटक दूर-दूर से आकर बिलासपुर जिले में जल क्रीड़ाओं का आनंद ले सकेंगे।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि तीन माह पूर्व गोबिंदसागर झील में एडवेंचर एक्टिविटीज के लिए जिला प्रशासन बिलासपुर ने निविदाएं आमंत्रित की थीं और इस प्रक्रिया को पूरा करने के बाद अब टेंडर अवार्ड कर दिए हैं। प्रक्रिया पूरी करने के बाद जिला प्रशासन बिलासपुर ने गोबिंदसागर झील में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज के लिए टेंडर अवार्ड कर दिए हैं। टेंडर के माध्यम से चुनी गई कंपनी अगले तीन माह में गोबिंदसागर झील में अपनी गतिविधियां शुरू कर देगी और इस अवधि के दौरान कंपनी अपनी तैयारियां पूरी करेगी।



### कांग्रेस ने की बजट में बढ़ोतरी

**बिलासपुर** जिले के साथ-साथ प्रदेश में पर्यटकों की संख्या को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। पर्यटन के साथ प्रदेश के हजारों परिवार जुड़े हैं और यह क्षेत्र हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी का मुख्य आधार है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। राज्य सरकार ने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए अपने बजट में बढ़ोतरी की है और हिमाचल प्रदेश में ग्रीन इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### टूरिज्म कैपिटल बनेगा कांगड़ा जिला

**कांगड़ा** जिले को टूरिज्म कैपिटल के रूप में विकसित किया जा रहा है और जिले में पर्यटन का आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए तीन हजार करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि खर्च की जा रही है। राज्य सरकार के इन प्रयासों के नतीजे आने वाले समय में दिखाई देंगे और प्रदेश में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी।

### शोध — मेडिकल जर्नल द लैंसेट रीजनल हेल्थ की रिपोर्ट में किडनी रोग के चौंकाने वाले आंकड़े

## डायलिसिस से 10 माह में गई 28% भारतीयों की जान

**एजेंसी, चेन्नई**

**भारत** में क्रोनिक किडनी रोग के लिए डायलिसिस से गुजरने वाले रोगियों के आंकड़े चौंकाने वाले सामने आए हैं। 28 प्रतिशत भारतीयों की 10 माह के भीतर मौत हो रही है। मेडिकल जर्नल द लैंसेट रीजनल हेल्थ के शोध में कई खुलासे हुए हैं।

डायलिसिस से गुजरने वाले दस में से लगभग तीन मरीज (28 प्रतिशत) उपचार शुरू करने के एक साल के भीतर दम तोड़ देते हैं, जो उच्च आय वाले देशों में दर्ज की गई मृत्यु दर से दोगुनी है। 193 निजी डायलिसिस क्लीनिकों के अध्ययन से यह भी ज्ञात हुआ है कि डायलिसिस वाले मरीजों में छह महीने के भीतर मृत्यु दर 83-97 प्रतिशत तक पाई गई। चौंकाने वाली बात यह है कि शहरी क्लीनिकों की तुलना में ग्रामीण क्लीनिकों में छह महीने में मृत्यु दर लगभग 32 प्रतिशत अधिक थी।



### खराब लाइफ स्टाइल बढ़ी वजह

**खराब** लाइफ स्टाइल से बढ़ रहे किडनी के मरीज, डायलिसिस कराने वालों में आधे कम उम्र वाले पिज्जा बर्गर कोल्ड्रिंक जैसे फास्ट फूड सिर्फ दिल व कैंसर की बीमारी के ही कारण नहीं हैं, बल्कि किडनी डैमेज का खतरा भी बढ़ा देते हैं। नेफ्रोलॉजी विशेषज्ञों का कहना है कि खराब लाइफ स्टाइल व खानपान से ही डायबिटीज और बीपी के मरीज बढ़ रहे हैं, जो किडनी की बीमारी होने का मुख्य कारण है। दुनिया में 850 मिलियन से ज्यादा मरीज किडनी रोग से पीड़ित हैं।

### सरकार करे आर्थिक सहयोग और डायलिसिस प्रबंधन में सुधार

**द** जॉर्ज इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ के कार्यकारी निदेशक डॉ. विवेकानंद झा ने मृत्यु दर को प्रभावित करने वाले सामाजिक-आर्थिक कारकों की खोज के महत्व पर जोर दिया। शिक्षा और मरीज की आर्थिक स्थिति का डायलिसिस की गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ता है। उच्च आय वाले देशों में 16 महीनों के औसत में 14 प्रतिशत मृत्यु दर रिकॉर्ड की गई। डॉ. झा ने सरकार से किडनी रोग की रोकथाम के लिए मरीज के आर्थिक सहयोग और डायलिसिस प्रबंधन में सुधार का आग्रह किया।

### वैज्ञानिकों ने माना, तकनीक में सुधार की जरूरत

**वैज्ञानिकों** ने स्वीकार किया है कि डायलिसिस वाले मरीजों की मृत्यु दर की ऐसी हालत पर अभी अधिक अध्ययन की आवश्यकता है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि चिंताजनक मृत्यु दर को रोकने के लिए डायलिसिस की तकनीक और प्रबंधन में गुणात्मक सुधार की जरूरत है। भारत में डायलिसिस की बढ़ती पहुंच के बावजूद, डायलिसिस पर जीवित रहने के लिए एक राष्ट्रीय बेंचमार्क न होने के कारण प्रतिकूल परिणाम मिल रहे हैं। फिलहाल, अनुसंधानकर्ताओं ने सुझाव दिया है कि इस विषय पर गौर करने तथा इस समस्या पर गहराई से अध्ययन करने की जरूरत है।

## हिमाचल में दो दिन बारिश के आसार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** के अधिकतर क्षेत्रों में पिछले दो दिन से अच्छी धूप खिल रही है। इसके चलते तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि न्यूनतम तापमान सामान्य है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ 20 मार्च की रात से सक्रिय होगा। इसके चलते 21 और 22 मार्च को मैदानी क्षेत्रों को छोड़कर बाकी क्षेत्रों में एक-दो स्थानों पर बारिश और बर्फबारी हो सकती है। 23 और 23 मार्च को पूरे हिमाचल में मौसम बिगड़ सकता।

**20 मार्च से सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ**

मैदानी क्षेत्रों उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में एक दो स्थानों पर बारिश और बर्फबारी की संभावना है। प्री-मानसून सीजन में एक मार्च से 17 मार्च 2024 तक अच्छी बारिश हुई है। बिलासपुर में सामान्य से 71, चंबा में 47, हमीरपुर में 36, कांगड़ा में 18, किन्नौर में 49, कुल्लू में 110, लाहौल-स्पीति में 62, मंडी में 79, शिमला में 99 फीसदी अधिक बारिश रिकॉर्ड की है।

### पहली जुलाई से बदलेंगे नियम

## सिम कार्ड स्वैप करने पर मोबाइल नंबर नहीं होगा पोर्ट

**नई दिल्ली।** टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) ने मोबाइल सिम कार्ड के नए नियम नियम जारी कर दिए हैं, जो एक जुलाई 2024 से देशभर में लागू हो जाएंगे। ट्राई का कहना है कि नियमों में बदलाव करने से फ्रॉड की घटनाओं पर रोक लगाई जा सकती है। हालांकि, इससे आम यूजर्स को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नए नियमों के तहत, मोबाइल यूजर्स ने हाल ही में अपने सिम कार्ड स्वैप किया है, तो वो अपना मोबाइल नंबर पोर्ट नहीं कर पाएंगे। सिम की अदला-बदली की सिम स्वैपिंग कहा जाता है। सिम स्वैपिंग सिम कार्ड खो जाने या फिर उसके टूट जाने पर होती है। ऐसा होनो पर आप अपने टेलीकॉम ऑपरेटर से अपना पुराना सिम बदलकर नया सिम लेने के लिए कहते हैं।



**क्या है सिम स्वैपिंग:** आज के दौर में सिम स्वैपिंग फ्रॉड बढ़ गए हैं, जिसमें फ्रॉड करने वाले आपके पैन कार्ड और आधार की फोटो काफी आसानी से हालिस कर लेते हैं। इसके बाद मोबाइल खो जाने का बहाना बनाकर नया सिम कार्ड जारी करवा लेते हैं। इसके बाद आपके नंबर पर आने वाली ओटीपी फ्रॉड करने वालों के पास पहुंच जाती है।

## आईएस किरण को सौंपी जिम्मेदारी



**शिमला।** प्रदेश सरकार ने एक आईएएस को नई जगह तैनाती दी है। वहीं, पोस्टिंग का इंतजार कर रही महिला आईएएस किरण भड़ाना को भी नियुक्ति मिली है। इस बारे में अधिसूचना जारी हुई है। सूचना एवं जन्मसपर्क विभाग की निदेशक रहीं 2017 बैच की आईएएस किरण भड़ाना को अनुसूचित जाति (एससी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अल्पसंख्यकों और विशेष रूप से विकलांग सशक्तिकरण विभाग का निदेशक लगाया गया है। इस पद का जिम्मा संभाल रहे 2014 बैच के आईएएस प्रदीप कुमार ठाकुर को शिमला मंडल का बंदोबस्त अधिकारी लगाया गया है। निदेशक परिवहन आईएएस डीसी नेगी को शिमला मंडल के बंदोबस्त अधिकारी के अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त कर दिया गया है।

# असिस्टेंट लाइब्रेरियन का पदनाम और क्लास बदलना भूल गया शिक्षा विभाग

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

अनंत ज्ञान स्पैशल

एक लंबी जद्दोजहद के बाद हिमाचल प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत लेफ्ट आउट 164 असिस्टेंट लाइब्रेरियनों को भी उच्चतम वेतनमान तो मिल गया। बावजूद इसके इस पूरी कैटेगरी को लाइब्रेरियन का पदनाम व क्लास के बारे में अभी तक भी संशय बरकरार है। आलम यह है कि वेतनमान की अधिसूचना में ही विभाग द्वारा इन्हें स्कूलों से उठाकर महाविद्यालयों व राज्य, जिला, तहसील, ट्राइबल व सामुदायिक केंद्र पुस्तकालयों में तब्दील कर दिया। अब लगभग सभी सेवारत असिस्टेंट लाइब्रेरियन इन उच्च स्तरीय पुस्तकालयों में कार्यरत हो गए, लेकिन विभाग अपनी पुरानी अधिसूचना के तहत इन्हें लाइब्रेरियन का पद नाम देना और वेतनमान के मुताबिक कर्मचारी या अधिकारी श्रेणी में शामिल करना भूल गया।

उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत असिस्टेंट लाइब्रेरियनों ने न्यायालय में एक लंबी लड़ाई लड़कर उच्चतम वेतनमान प्राप्त किया। यह मामला राज्य सहायक पुस्तकाध्यक्ष ऐसोसिएशन द्वारा विभाग के ध्यान में कई बार लाया जा चुका है पर स्थिति जस की तस है। इस बारे में उच्च शिक्षा निदेशक अमरजीत शर्मा ने नियमों के तहत उचित कार्रवाई करने की बात कही।पुरानी अधिसूचना के बाद भी 14 नवंबर व तीन दिसंबर 2018 को शिक्षा निदेशक द्वारा जारी पत्रों में यूजीसी के वेतनमान प्रदान करने को लाइब्रेरियन की पदोन्नति के समकक्ष कहा है। ऐसे में अब सेवारत लगभग दो सौ असिस्टेंट लाइब्रेरियन को उच्चतम वेतनमान प्रदान करने के बावजूद लाइब्रेरियन पदनाम ना देना एक यक्ष प्रश्न है । (अनंत ज्ञान)

### 1978 में जारी हुआ था पदनाम परिवर्तन का पत्र

**हिमाचल** सरकार के तत्कालीन शिक्षा सचिव भगत चंद्र नेगी द्वारा 12 मई 1978 को जारी पत्र में शिक्षा एवं प्रशिक्षण संबंधी पाबंदियों पर छूट देते हुए असिस्टेंट लाइब्रेरियनों को यूजीसी स्केल प्रदान कर उन्हें लाइब्रेरियन का ही पदनाम दिया था। इसके तहत राज्य केंद्र पुस्तकालय सोलन में पांच पद, जिला पुस्तकालय धर्मशाला, चंबा, बिलासपुर, नाहन, किन्नौर, ठियोग, कुल्लू, केलांग में एक एक और हमीरपुर, उना, नाहन व मंडी में दो दो कुल 20 पदों को अधिसूचित किया गया था।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की गाइडलाइन की कसौटी में अव्वल चंबा की वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी

# न अच्छी रैंकिंग का दावा, न देते हैं भ्रामक विज्ञापन: अर्चना प्लाह

**कोचिंग सेंटर्सः भाग-1**

**एमएम डैनियल, चंबा**






केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की गाइडलाइंस पर विशेष बातचीत

'पहल' वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी की एमडी अर्चना प्लाह

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने देशभर में चल रहे कोचिंग सेंटर्स के लिए बहुत सारी नई गाइडलाइंस जारी की हैं। इसमें प्रमुख गाइडलाइंस यह है कि अब 16 साल से कम उम्र के बच्चे कोचिंग सेंटरों में कोचिंग नहीं ले पाएंगे। कोचिंग सेंटर्स पर नई गाइडलाइंस का क्या प्रभाव पड़ेगा, इसको लेकर चंबा जिले की 'पहल' वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी की एमडी अर्चना प्लाह से 'अनंत ज्ञान' ने विशेष बातचीत की। प्रस्तुत हैं बातचीत के मुख्यांश:

**कोचिंग को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की नई गाइडलाइंस से क्या आप सहमत हैं ?**

वैसे तो 'पहल' वेलफेयर एजुकेशन सोसायटी दी गई गाइडलाइन को फॉलो कर कर रही है, लेकिन अगर कोई चेंज है तो उनको बिलकुल फॉलो करेंगे।

**16 साल से कम उम्र वाले कोचिंग सेंटरों में कोचिंग नहीं ले पाएंगे। क्या इस नियम अनुसरण करेंगे?**

इंस्टीट्यूट पर निर्भर करता है कि वह कौन से प्रोग्राम्स फॉलो कर रहे हैं। कई प्रोग्राम्स छोटे बच्चों के लिए ही होते हैं, लेकिन 'पहल' सोसायटी में ऐसा कोई प्रोग्राम या कोर्स नहीं है, जो 16 वर्ष की कम उम्र के लिए हो। वैसे भी स्कूल एजुकेशन में बच्चों के पास स्कूल की कक्षाओं, परीक्षाओं की तैयारी व ट्यूशन में भी देर सायंकाल तक समय व्यतीत हो जाता है। ऐसे में कोचिंग सेंटर में पहुंचने के लिए कम उम्र के बच्चों के पास समय ही नहीं बचता और न ही 'पहल' 18 वर्ष के उम्र के बच्चों को कोचिंग प्रदान करती है।

**16/18 वर्ष की कम उम्र के बच्चे कोचिंग सेंटर में नहीं आएंगे तो क्या इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा?**

मैं पहले भी बता चुकी हूं कि स्कूल स्टूडेंट्स के लिए हमारे कोचिंग सेंटर में कोई कोर्स नहीं हैं। स्टूडेंट्स को कंप्यूटर शिक्षा स्कूलों में ही केंद्र व राज्य सरकार की गाइडलाइन के तहत शिक्षा प्रदान की जा रही है, जिससे उनके आने या न आने से सेंटर को प्रभाव नहीं पड़ता है।

**कोचिंग सेंटर न तो अच्छी रैंकिंग की गारंटी दे सकते हैं और न ही भ्रामक विज्ञापन। अब स्टूडेंस की संख्या कैसे बढ़ाएंगे?**

**'पहल'** किसी भी स्टूडेंट्स को अच्छी रैंकिंग या जॉब गारंटी अथवा भ्रमित करने वाले विज्ञापन नहीं देती, बल्कि हर स्टूडेंट्स को कोर्स के मुताबिक शिक्षा प्रदान करने सहित उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा अवश्य देती है।

**कोई अंडर ग्रेजुएट ट्यूशन नहीं दे सकेगा। उसका कोई आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं होना चाहिए। क्या इस नियम को भी फॉलो करेंगे?**

जी, यह केंद्रीय मंत्रालय का एकदम उचित निर्णय है। 'पहल' में इंस्ट्रक्टर भी पीजीडीसीए और एमसीए हैं, जबकि मैं खुद एमसीए, एमएससी आईटी इंग्लिश हूं। हर स्टाफ आपराधिक रिकॉर्ड/चरित्र प्रमाण पत्रों की जांच के बाद ही नियुक्त किया है।

**किसी ने पूरी फीस दी है और वह पाठ्यक्रम बीच में ही छोड़ देता है तो उसे दस दिन के भीतर फीस रिफंड करेंगे?**

'पहल' ने विभिन्न कोर्सों की फीस सामान्य रखी है। हर कोर्स फीस की स्टूडेंट्स को रसीद दी जाती है। एक साथ फीस लेने की बजाय बच्चों एवं अभिभावकों के मासिक बजट अनुसार फीस ली जाती है। यदि स्टूडेंट्स किन्हीं कारणों से कोर्स बीच में छोड़ देते हैं तो उनकी काउंसलिंग कर सर्वप्रथम वजह जाने का प्रयास किया जाता है। ऐसे विशेष स्टूडेंट्स को ऑनलाइन कोर्स करवाया जाता है। निकट भविष्य में ऐसी बात होती भी है तो स्टूडेंट्स की सहायता संस्थान अवश्य करेगा। इसके अतिरिक्त संस्थान प्रतिभाशाली छह स्टूडेंट्स को निशुल्क कोर्स भी प्रदान कर रहा है।

**कोचिंग सेंटरों को वेबसाइट बनाने के लिए भी कहा है। क्या वेबसाइट बनी है या नहीं ?**

जी, 'पहल' सोसायटी चंबा की अपनी वेबसाइट है, जिसे देश के किसी भी कोने में आप खोल कर उसमें दी तमाम जानकारियां व चलाए जा रहे कोर्स की जानकारी हासिल कर सकते हैं।

**कोचिंग सेंटरों के पास फायर और भवन सुरक्षा संबंधी एनओसी क्या उपलब्ध है?**

**हमारे** मौजूदा भवन में फायर सुरक्षा के तमाम इंतजाम हैं। आपातकालीन द्वार के अतिरिक्त बाहर निकलने के रास्ते मौजूद हैं। इसके अतिरिक्त फायर संबंधी उपकरण भी कंप्यूटर प्रयोगशाला, क्लासों में लगाए गए हैं। वहीं, स्टूडेंट्स को भी फायर, भूकंप आदि प्राकृतिक आपदा पर गाइडलाइन दी जाती है।

**स्टूडेंट्स को परीक्षा और सफलता के दबाव से निकालने और मनोवैज्ञानिक व मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता भी उपलब्ध करवाते हैं ?**

अभिभावक बच्चों पर परीक्षा, सफलता का दबाव दूसरे बच्चों को देख कर बनाते हैं। आजकल 99.9 प्रतिशत की रेस लगी हुई है। बच्चों को ऐसे दबाव से निकालने के लिए संस्थान उनकी काउंसलिंग करता है। समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जाते हैं। नई गाइडलाइन में मनोवैज्ञानिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता का जो जिक्र आया है, 'पहल' सोसायटी उसका जरूर अनुसरण करेगी। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं अध्ययनरत स्टूडेंट्स

**स्टूडेंट्स** पूनम का कहना है कि संस्थान में कोर्स के हिसाब से शुल्क देने पर उसकी बकायदा रसीद प्रदान की जाती है, जबकि हर प्रकार की सुरक्षा के यहां पुख्ता इंतजाम हैं। प्रशांत का कहना है संस्थान में एडमिशन लेने के दौरान काउंसलिंग हुई। संस्थान हमारे करियर को लेकर गाइड करता है। कंप्यूटर कितना इंपॉर्टेंट है और कैसे कोर्स से हम भविष्य बना सकते हैं, यह सिखाया जाता है। नितिन कहते हैं कि संस्थान करियर कोर्स से लेकर पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के संदर्भ में गाइड करता है। स्टूडेंट्स जतिन का ने कहा, तमाम साक्षात्कार के लिए टीचर मार्गदर्शन करते हैं। संस्थान के समस्त टीचर्स हर तरह से सहायता के लिए सदैव तैयार रहते हैं।

# दिल्ली से हिमाचल चलने वाली प्राइवेट वोल्वों बसों में खुली लूट

## यात्रियों से वसूल किया जा रहा मनमाना किराया, ऑनलाइन बुकिंग में फर्जीवाड़ा

**जय ठाकुर, शिमला**

दिल्ली से हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों के आने वाली प्राइवेट वोल्वों बसों में यात्रियों के साथ किराए को लूट को खुली छूट दी जा रही है। हालात यह है कि प्राइवेट वोल्वो बसों में यात्रियों की बुकिंग के हिसाब से मनमर्जी का किराया वसूला जा रहा है।

लूट इस प्रकार से की जा रही है कि यदि क्षेत्र के लिए चलाई जा रही वोल्वो बस में एडवांस बुकिंग कम है तो साधारण किराया या इससे कम पर भी बसें चलाई जा रही हैं, लेकिन यदि एडवांस बुकिंग बढ़ जाती है, तो पहले एंडवांस बुकिंग कर चुके यात्रियों की बुकिंग कैंसिल की जा रही है और जब यात्री द्वारा बुकिंग कैंसिल करने के बारे में पूछा जाता है, तो बस खराब होने का हवाला दिया जाता है। निजी बसों के दबंग इस दौरान न ही किसी कार्यवाही से डरते हैं और न ही इन्हें किसी प्रकार के नियमों और कानून की परवाह है। दरअसल ऐसा ही मामला 11 मार्च को सामने आया है, जिसमें दिल्ली में रह रहे नगरोटा बगंवा के डॉ. अरुण कुमार ने आरोप लगाते हुए बताया कि उन्होंने दिल्ली से नगरोटा बगवां के लिए अकसर चलने वाली एक निजी प्राइवेट वोल्वों बस में एडंवास बुकिंग करवाई थी, जिसमें उन्होंने 22 मार्च को दिल्ली से नगरोटा बगंवा के लिए सफर करना था, लेकिन 15 मार्च को उन्हें व्हाहट्स ऐप पर मैसेज आता है कि उनकी बुकिंग कैंसिल हो गई है। इस पर उन्होंने संबंधित बस की वेबसाइट पर मिले नंबर पर बात की तो, वहां से जानकारी मिली कि बस खराब हो गई है और बस नहीं जा रही है और उनका किराया, जो कि 1197 रुपए बनता है वह वापस हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि जब उन्होंने फिर से ऑनलाइन बुकिंग चौकिंग तो वही बस बुंकिंग के लिए ऑनलाइन मौजूद थी, लेकिन उसमें किराया करीब 2200 रुपए था। उन्होंने कहा कि ये यात्रियों के साथ सरेआम लूट है। इसी तरह के एक अन्य मामले में यात्रियों ने इसकी इसकी शिकायत 1100 हैल्पाइन व पर्यटन विकास निगम चेयरमैन रघुवीर सिंह बाली व प्रबंध निदेशक एचआरटीसी के निदेशक को की है। उन्होंने डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री से भी इस बारे में कार्रवाई की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

> प्राइवेट वोल्वो बसों के चलने के कारण बसों की संख्या को नहीं बढ़ाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त निगम पालमपुर, धर्मशाला आदि क्षेत्रों एक एक वोल्वो बस चला रहा है, जिसमें भी सवारियां कम है।
>
> **पंकज सिंघल, जीएम, एचआरटीसी**

## न्यूज ब्रीफ

### झूठा फॉर्म वापस ले सरकार: धर्माणी



**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि चुनाव आचार संहिता लग चुकी है और जो झूठी गारंटी पूरा करने वाला झूठा फॉर्म पूरे हिमाचल प्रदेश में घूम रहा है, जिसके माध्यम से कांग्रेस नेताओ के दावे से महिलाओं को 1500 रुपए प्रति महीने मिलने जा रहे हैं, उसके ऊपर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का चित्र लगा हुआ है। इस योजना का नाम भी सरकार द्वारा स्वीकृत कर दिया गया है, जो कि इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना है। इस फॉर्म को कांग्रेस पार्टी को तुरंत प्रभाव से वापस लेना होगा, नहीं तो भारतीय जनता पार्टी आंदोलन करेगी। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्मानी ने कही।

### हिमाचल पीएम का दूसरा घर: बिंदल



**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा की पीएम नरेंद्र मोदी ने हिमाचल को अपना दूसरा घर माना और केंद्र सरकार ने हिमाचल को कई बड़ी सौगात दीं, जिससे हिमाचल को बड़ा लाभ हुआ। उन्होंने कहा की हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले के समदो-काजा-ग्राम्फू खंड पैकेज-4 के लिए केंद्र सरकार ने 518.90 करोड़ की स्वीकृति दे दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसे लेकर सूचना भी दी है। यह मार्ग मनाली-लेह और भारत-तिब्बत मार्ग को आपस में जोड़ता है। सड़क की स्थिति सुधरने से पर्यटन को भी रफ्तार मिलेगी। केंद सरकार ने सामरिक महत्व के 209 किलोमीटर लंबे समदो-काजा-ग्राम्फू सड़क मार्ग को स्तरोन्नत करने का फैसला लिया है।

# किस-किस के कहां-कहां होंगे पैराशूटी उम्मीदवार

## उपचुनाव और आम चुनाव के बीच में भाजपा-कांग्रेस वर्कर्स के चेहरों पर चिंता की 'लकीरें'

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

लोकसभा के आम चुनावों के साथ ही हिमाचल में दह विधानसभा उपचुनावों की 'धमाल' के बीच में भाजपा और कांग्रेस दोनों के वर्कर्स अजीबोगरीब असमंजस में हैं। चिंता की लकीरें दोनों के चेहरों पर बढ़ती जा रही हैं।

हालांकि भाजपा की स्थिति अभी औपचारिक रूप में क्लियर नहीं हुई है, लेकिन जिन कारणों से यह सब कुछ हुआ है, उसकी स्थिति भी भाजपा के खेमे में स्पष्ट हो चुकी है। केवल ऐलान होना बाकी है।



कांग्रेस के भीतर भी इसी तरह की 'कन्फ्यूज्ड चमक' वर्कर्स के लिए परिस्थितियों को बुझा-बुझा सा देखने के लिए मजबूर कर रही हैं। मुकम्मल तौर पर यह कहा जाए कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में नेताओं की साख कसौटी पर कितना खरा उतरेगी, इसकी फिक्र इधर भी है और उधर भी।

सत्तासीन कांग्रेस के लिए हमीरपुर संसदीय सीट पर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और एक काबीना मंत्री की मौजूदगी शायद लोकसभा चुनाव के लिए उतना महत्व न रखें, लेकिन विधानसभा के उपचुनाव के नफे-नुकसान का एहसास अभी से करवा रही है। कारण यह है कि छह में से चार विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर संसदीय हल्के में ही पड़ते हैं, जहां पर एक तरफ कांग्रेस को अपने ही बागी विधायकों की वजह से उपचुनाव का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, भाजपा को पैराशूटी स्थिति के साथ सामना करना पड़ेगा। यही वजह है कि अभी दोनों तरफ 'सन्नाटा' है। कांग्रेस को बदली परिस्थितियों में जिताऊ उम्मीदवार की तलाश करना इतना आसान काम नहीं है, जबकि भाजपा के लिए अपने काडर में बाहर से आने वालों को 'हाजम' कर पाना बड़ी चुनौती रहेगी। सुजानपुर, बड़सर, कुटलैहड़ और गगरेट विस उपचुनाव होना है। यहां चारों सीटें भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव में गंवा दी थीं, जिनकी वजह से भाजपा यहां हारी थी, अब शायद उन्हीं को जीतने की 'हुंकार' भरेगी। यह सारी स्थिति 18 मार्च के बाद क्लियर होती जाएगी। अभी छोटी-मोटी किंतु-परंतु है, लेकिन भाजपा के भीतर हाई कमान के फैसलों पर कोई टालमटोल करे, इसकी गुंजाइश मौजूदा दौर में दिखती नहीं है।

इन चुनावों में भाजपा के पास खोने को तो कुछ नहीं है, जो कुछ भी होगा पाने के लिए ही होगा। क्योंकि जिन्होंने बड़ा उलट फेर करके भाजपा को राज्यसभा सीट जितवाई है। उसके मायने केंद्रीय हाई कमान के लिए कितने हैं, और प्रदेश के नेताओं के लिए क्या महत्व रखते हैं। इसके लिए भी भले ही भाजपा के भीतर नेता बंटे हुए हों, लेकिन उनकी 'चुप्पी' केंद्रीय हाई कमान के आदेशों को फॉलो करने वाली ही लगती है।

### कौन होगा कांग्रेस का उम्मीदवार ?

**लोकसभा** उम्मीदवारी को लेकर कांग्रेस के भीतर अभी भी ऊहापोह की स्थिति बरकरार है। भाजपा ने पांचवीं मर्तबा अनुराग ठाकुर को उम्मीदवार बनकर कांग्रेस के लिए पुरानी स्थितियां ही पैदा करने की जो स्थिति तैयार की है, उसमें इस बार कांग्रेस का उम्मीदवार कौन होगा, कहां से होगा? इस पर अंदर खाते जबरदस्त माथा-पच्ची चल रही है। पूर्व विधायक सतपाल रायजदा होंगे, या फिर कोई और चेहरा चुनाव भी दंगल में उतर जाएगा, इस पर अभी वक्त लगेगा, जबकि अनुराग ठाकुर और भाजपा का पूरा कुनबा काफी पहले से ही मैदान में डाटा हुआ है।

# आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है कांग्रेस सरकार: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। कांग्रेस चुनाव के समय प्रदेश के लोगों के साथ धोखा करके जन समर्थन हासिल करना चाहती है। इसलिए चुनाव आते ही वह बड़ी-बड़ी बातें और घोषणाएं करती है, झूठी गारंटियां देती है और चुनाव के बाद भूल जाती है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस को भूलना नहीं चाहिए कि झूठ और फरेब की राजनीति ज्यादा दिन तक नहीं चलती है। कांग्रेस का भांडा फूट चुका है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा आम चुनाव के समय कांग्रेस ने हिमाचल में दस गारंटियां दीं और उन्हीं झूठी गारंटियों के नाम पर सरकार में आई। उन गारंटियों में एक गारंटी प्रदेश की 18 से 60 साल की महिलाओं को 1500 रुपए महीना देने की थी, जिसके लिए कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश की माताओं-बहनों से नकली फॉर्म भी भरवा लिए थे। सत्ता में आने के डेढ़ साल बाद तक सरकार ने कोई काम नहीं किया और जब चुनाव की तारीख एकदम नजदीक आ गई, तो बिना बजट में इस योजना का प्रावधान किए महिलाओं को फिर से 1500 रुपए देने की घोषणा कर दी और फॉर्म भरवाना शुरू कर दिए। आचार संहिता लगने के बाद भी कांग्रेस सरकार द्वार इस तरह के महिलाओं के साथ धोखा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कांग्रेस सरकार की नीति और नीयत पर सवाल उठ रहे हैं। चुनाव आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा मातृ शक्ति से साथ फिर से धोखा करने के साथ आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग सब समझ चुके हैं। इसलिए कांग्रेस के हथकंडे अब नहीं चलने वाले हैं। लोकसभा के चुनाव में सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी चल रही है।

# कांग्रेस के छह विधायकों के क्षेत्रों में उपचुनाव, कौन साथ-कौन बाहर ?

**अरविंद शर्मा, शिमला**

देशभर में हो रहे लोकसभा चुनाव के साथ इस बार हिमाचल प्रदेश में अयोग्य घोषित किए गए कांग्रेस के छह विधायकों के क्षेत्रों में विधानसभा उपचुनाव होने से चुनावी माहौल दिलचस्प हो गया है। प्रदेश में आए सियासी तुफान की लहरों का असर अब लोकसभा चुनाव में नजर आएगा।

भाजपा को कांग्रेस में आए सियासी तुफान की लहरों के सहारे अपनी नैया पार लगने की आस है। वहीं, सत्ता के साथ और सत्ता के बाहर कौन से चेहरे होंगे, यह अभी भविष्य के गर्भ में है। आज सर्वोच्च न्यायालय में होने वाली कार्रवाई और उसके परिणाम पर भी पूरे देश सहित प्रदेश की जनता की निगाहें टिकी हुई हैं। यह चुनाव कांग्रेस व भाजपा ही नहीं, राज्य की सुक्खू सरकार की भी दशा-दिशा तय करेंगे। राज्यसभा चुनाव के बाद यह सरकार के लिए एक और इम्तिहान होगा। हालांकि कांग्रेस को प्रदेश में सत्ता पर काबिज होने से विधानसभा चुनावों में जीत की उम्मीद है और सरकार पर सियासी संकट पर बागी विधायकों को ही संगठन द्वारा जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। सरकार के कार्यकाल को अभी 15 माह का ही समय हुआ है। इसलिए सत्ता विरोध उतना नहीं होगा, लेकिन चुनाव से कुछ दिन पहले ही राज्यसभा की एक सीट के लिए हुए चुनाव के दौरान पार्टी के छह विधायकों की बगावत ने पूरा परिदृश्य और समीकरण ही बदल दिए हैं। भाजपा इन्हीं अयोग्य विधायकों के बूते कांग्रेस को जितना संभव हो सके, उतना नुकसान पहुंचाने की पूरी फिराक में है। पिछले लोकसभा चुनाव में मोदी लहर और राज्य में पार्टी की ही सरकार होने से चारों सीटें भाजपा की झोली में आई थीं। वहीं, मंडी में हुए उपचुनाव में सहानुभूति और राज्य सरकार के प्रति कुछ नाराजगी के चलते कांग्रेस की प्रतिभा सिंह ने जीत हासिल की थी। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा मोदी और राम मंदिर से उत्साहित

**भाजपा** इस बार भी मोदी के नाम के साथ ही राममंदिर निर्माण को लेकर बहुत ही उत्साहित है। ऐसे में राज्य के हर एक विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को फिर से कुछ अप्रत्याशित होने की उम्मीद है। कांग्रेस में उपजे असंतोष से भी उम्मीद है कि चारों सीटें जीतकर पार्टी के 400 पार मिशन में अपना सौ फीसदी दे देगी।

### प्रथम श्रेणी के कांग्रेस नेता छोड़ चुके पार्टी

**वहीं, कांग्रेस** की बात की जाए तो राज्य के 6 विधानसभा क्षेत्रों में पैदा हुई बगावत से प्रथम श्रेणी के नेता अब कांग्रेस पार्टी छोड़ चुके हैं।

**आयोजन** शूलिनी विवि में जुपिंदर जीत और निष्ठा शुक्ला के साथ पंजाबी संगीत आइकन की यात्रा पर बातचीत

# द लाइफ एंड डेथ ऑफ ए सिद्धू मूसेवाला पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय में चित्रकूट स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स द्वारा आयोजित शूलिनी लिटरेचर फेस्टिवल का चौथा संस्करण बौद्धिक और सांस्कृतिक संवर्धन की छाप छोड़ते हुए शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

फेस्ट के दूसरे दिन की शुरुआत 'द राइज ऑफ सेवन सिस्टर्स ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ नॉर्थ ईस्ट इंडिया' शीर्षक से एक ज्ञानवर्धक सत्र के साथ हुई, जिसमे स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशंस के निदेशक और द इंडियन एक्सप्रेस के पूर्व रेजिडेंट एडिटर प्रोफेसर विपिन पब्बी ने एक पैनल चर्चा का संचालन किया। लेखक और राष्ट्रीय भाजपा प्रवक्ता तुहिन ए सिन्हा और रामी देसाई उत्तर पूर्व भारत में विशेषज्ञता वाली मानवविज्ञानी ने भाग लिया।

'दास्तान-ए-दस्तरखान' सत्र में पाक कला का शानदार प्रदर्शन हुआ, जहां मास्टर शेफ शिप्रा खन्ना और मास्टर शेफ निधि शर्मा ने अपनी विशेषज्ञता साझा की। प्रोफेसर एकता सिंह और नीरज चौधरी ने इस सत्र का संचालन किया। कविता 'स्मोक्ड फ्रेम्स पोएट्री फ्रॉम द हार्ट' के साथ केंद्र-मंच पर आई, जिसमें शूलिनी विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर इंदु नेगी ने डॉ. दिवाकर गोयल और रूपासा के साथ बातचीत की। प्रसिद्ध कवि और प्रेरक वक्ता दिवाकर गोयल ने अपने प्रेरक शब्दों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्सव में 'द लाइफ एंड डेथ ऑफ ए लीजेंड सिद्धू मूसेवाला' के साथ संगीत के क्षेत्र में विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें जुपिंदर जीत सिंह और निष्ठा शुक्ला आनंद के साथ पंजाबी संगीत आइकन सिद्धू मूसेवाला की यात्रा पर बातचीत की गई। साहित्यिक उत्साही लोगों को डॉ. नासिर दश्त पेमा के साथ बातचीत में रुस्विका त्रिपाठी के साथ पुस्तक पढ़ने का सत्र और अभिनेत्री श्रुति सेठ की उपस्थिति वाले रील्स टू रियल माइंडफुलनेस जैसे आकर्षक सत्रों का आनंद मिला।

मंजू राममनन द्वारा संचालित, इस सत्र ने माइंडफुलनेस के महत्व पर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की। साहित्यिक उत्कृष्टता को मान्यता देते हुए, तीन प्रतिष्ठित लेखकों को साहित्य और पौराणिक कथाओं में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. हर्षाली सिंह, सिद्धार्थ पांडे और मोना वर्मा को हिमालय और इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रशंसा मिली। कार्यक्रम में उपस्थित चांसलर प्रो. पीके खोसला, एसआईएलबी की अध्यक्ष सरोज खोसला, प्रो. चांसलर विशाल आनंद, इनोवेशन एंड लर्निंग के निदेशक आशीष खोसला, मुख्य शिक्षण अधिकारी आशू खोसला और शूलिनी विश्वविद्यालय की ट्रस्टी निष्ठा शुक्ला आनंद शामिल थे।



शूलिनी विवि में शूलिनी लिटरेचर फेस्टिवल के समापन पर अतिथियों को किया सम्मानित।

## न्यूज ब्रीफ

### शिव मंदिर गलोड़ में भंडारा आज

**गलोड़।** सर्वहित ग्राम सुधार सभा हटली की ओर से शिव मंदिर गलोड़ में 18 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संस्था के प्रधान देशराज शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी समस्त गांववासियों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी इलाका वासियों से आह्वान किया है कि वे इस भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करें।

### बॉटनी के स्टूडेंट्स ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग के स्टूडेंट्स ने हिमालयन जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान पालमपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। विभागाध्यक्ष डॉ. आरती ने बताया कि इस भ्रमण पर गए स्टूडेंट्स ने लैब उपकरणों, टिश्यू कल्चर लैब, बंबू हाउस, टी प्रोसेसिंग यूनिट आदि की जानकारी प्राप्त की। असिस्टेंट प्रो. डॉ. प्रियंका स्टूडेंट्स के साथ इस शैक्षणिक भ्रमण पर गई थीं।

### नर्वदेश्वर मंदिर में लगाया भंडारा

**सुजानपुर।** सुजानपुर के वार्ड नंबर दो में ऐतिहासिक नर्वदेश्वर मंदिर में रविवार को भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा हर वर्ष शिवरात्रि के बाद लगाया जाता है। इस अवसर पर भारी संख्या में लोगों ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया।

### नमो एप से माइक्रो डोनेशन करवाएगा युवा मोर्चा : शामा



**हमीरपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कपिल शामा ने कहा कि समूचे प्रदेश में 18 मार्च को हमीरपुर जिले के सभी पांच मंडलों में पांच स्थानों पर नमो टी स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले में युवा मोर्चा की टीमें लोगों को चाय पिलाने के साथ-साथ देशभर में भाजपा की ओर से चल रहे माइक्रो डोनेशन अभियान में नमो टी स्टॉल के माध्यम से नमो ऐप डाउनलोड करवा कर माइक्रो डोनेशन करवाएगा। माइक्रो डोनेशन पांच से लेकर 2000 रुपए तक पार्टी ने तय की है। सभी अपनी क्षमता अनुसार इसमें सहयोग कर सकते हैं।

### मांगें मनवाने उतरे पदाधिकारियों के हुए तबादले

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की मांगों को स्वास्थ्य मंत्री ने पूरा करने का आश्वासन दिया है जिसके तहत 90 दिनों में अधिसूचना जारी की जाएगी। अपनी मांगों को लेकर मेडिकल एसोसिएशन ने पेन डाउन स्ट्राइक शुरू की थी, जिसका तोहफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों को दूरदराज क्षेत्रों में ट्रांसफर के रूप में मिला है। हालांकि लोकसभा चुनावों के चलते ट्रांसफर आर्डरों को वापस लिया जाना चाहिए था, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई इस बारे में कोई संज्ञान नहीं लिया है। बता दें कि मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन हमीरपुर इकाई के कोषाध्यक्ष डॉ. पंकज पठानिया का तबादला तीसा के बुंदेरी में किया है इसके अलावा डॉ. राजेश राणा का तबादला चंबा में किया गया है। यह सारे आदेश स्वास्थ्य मंत्री के साथ हुई बैठक की दो दिन बाद किए गए हैं। जिला अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने बताया कि सरकार ने हमारी मांगों को तो मान लिया है और 90 दिनों के भीतर अधिसूचना जारी करने को कहा है। उन्होंने बताया कि सुजानपुर उपमंडल में डॉक्टरों की कमी है फिर भी डॉक्टर का तबादला कर दिया। एसोसिएशन का मानना है कि अव्यवस्थाओं के चलते डॉक्टरों को प्रताड़ित किया जा रहा है। एक तरफ सरकार मांगों को मान रही है, जबकि दूसरी तरफ तबादले किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा जिस तरह से कार्रवाई की जा रही है उससे सरकार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा है।

### पनसाई के ईशाक ने पास की सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा



**नादौन।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला पनसाई शिक्षा खंड गलोड़ के छात्र मोहम्मद ईशाक पुत्र सदीक मोहम्मद ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा पास कर दी है। स्कूल की केंद्रीय मुख्य शिक्षिका वीना देवी व स्टाफ ने छात्र को इस उपलब्धि के लिए अभिभावकों को बधाई दी है।

### डेरा बाबा के हैप्पी ने जीती बड़ी माली




विजेता पहलवानों को सम्मानित करते हुए आयोजक।

**बिझड़ी।** शाहिद सुनील के नाम पर कोडरा में रविवार को कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दंगल में हिमाचल के साथ-साथ लगते पंजाब हरियाणा के पहलवानों ने भाग लिया। बड़ी माली डेरा बाबा की हैप्पी ने सलोनी के मदन को हराकर विजेता बने। बड़ी माली के विजेता को 11 हजार रुपए, गुर्ज व उपविजेता को आठ हजार रुपए और गागर पुरस्कार के रूप में दिए। इसी के साथ छोटी माली में हिमाचली पहलवानों के बीच मुकाबला हुआ। यह मुकाबला बहुत ही रोमांचकारी रहा आखिर में खेल हॉस्टल ऊना के शिवा कुमार ने सलोनी के साहिल को चित कर माली अपने नाम की। विजेता को 10 हजार रुपए तथा गुर्ज व उपविजेता को सात हजार रुपए और गागर भेंट करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि प्रदेश कांग्रेस सचिव कृष्ण कुमार चौधरी, पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा, समाजसेवी नीलक्ष लखनपाल आदि उपस्थित रहे।

### दियोटसिद्ध मेले में गुम हुई लड़की परिजनों को सौंपी

**बिझड़ी।** दियोटसिद्ध मंदिर में बाबा बालक नाथ के दर्शनों के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रदेश व अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु बाबा जी के दर्शनों के लिए आ रहे हैं। रविवार को पंजाब के होशियारपुर से अपने माता-पिता के साथ आई ईशजोत (8) मेले में बिछड़ गई। लड़की अपने परिजनों से बिछड़ जाने पर रो रही थी तो दियोटसिद्ध में स्थापित पुलिस चौकी में लड़की को ले जाया गया। जहां पर तैनात पुलिस के जवानों ने लड़की के परिजनों को ढूंढ निकाला और उनके हवाले किया। गौर रहे कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मंदिर में पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं जो श्रद्धालुओं की मदद भी कर रहे हैं।



मेले में गुम हुई लड़की को परिजनों को सौंपते पुलिसकर्मी।

# 50,000 श्रद्धालुओं ने नवाया बाबा बालक नाथ मंदिर में शीश

## देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध किए गुफा के दर्शन





बाबा बालक नाथ मंदिर में बाबा जी से आशीर्वाद लेते श्रद्धालु।

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

चैत्र माह के पहले रविवार को उत्तरी भारत के विश्वप्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में 50 हजार के करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लिया।

शनिवार शाम पांच बजे से ही लंबी-लंबी कतारें लगना शुरू हो गई थी। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं ने बड़े ही प्रेम से कतारबद्ध गुफा दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में चारों तरफ श्रद्धालु बाबा जी के जयकारों गूंज रहा था। मंदिर अधिकारी धर्मपाल नेगी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पर 24 घंटे तैनात रहते हैं। श्रद्धालुओं के लिए तीन टाइम का लंगर का प्रबंध मंदिर प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।

अपंग असहाय श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क टैक्सियों की व्यवस्था मंदिर प्रशासन द्वारा की गई है ताकि ऐसे श्रद्धालुओं को गुफा दर्शन करते समय किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़ सके। (अनंत ज्ञान)

### तीसरे दिन 38,86,042 रुपए चढ़ा चढ़ावा

**उत्तर** भारत के विश्व प्रसिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर में आजकल चैत्र माह के मेले चले हुए हैं। तीसरे दिन बाबा के भक्तों ने गुफा दर्शन करके 38,86,042 रुपए का चढ़ावा चढ़ाया। मंदिर अधिकारी धर्मपाल नेगी ने बताया कि रविवार को लगभग 15000 श्रद्धालुओं ने गुफा के दर्शन किए। गुफा में 29,28,701 रुपए तथा 9,57,701 रुपए दान के रूप में प्राप्त हुए हैं। वहीं सोना 26 ग्राम 310 मिलीग्राम, चांदी 214 ग्राम 220 मिलीग्राम, इंग्लैंड पाउंड 210, ऑस्ट्रेलिया डॉलर 25, कनाडा डॉलर 17, यूएसए डॉलर 138, यूरो 370, यूएई दराम 45, कतर रियात 200, न्यूजीलैंड डॉलर 600, कुवैत सात विदेशी मुद्रा के रूप में प्राप्त हुए हैं।

# कंज्याण-समीरपुर-भरेड़ी में खुलेंगे जल शक्ति विभाग के कार्यालय

**अनंत ज्ञान, जाहू**

भोरंज ब्लॉक के अंतर्गत जल शक्ति विभाग का सब-डिवीजन कंज्याण, समीरपुर व भरेड़ी में खुलने की नोटिफिकेशन प्रदेश सरकार ने कर दी है। यहां जल शक्ति विभाग के सेक्शन खुलने से लोगों को संबंधित कार्य करवाने के लिए अपने घर के नजदीक सुविधा मिलेगी।

**प्रदेश सरकार ने नोटिफिकेशन की जारी**

नोटिफिकेशन के अनुसार कंज्याण सब-डिवीजन में पंचायत कंज्याण, बलोह पंचायत का कुछ क्षेत्र, दिम्मी, अम्मण, केहरवीं, बजड़ोह, दरबयार, ढडवान, पंधेड़ पंचायत का कुछ क्षेत्र व टिक्कर बुहला को शामिल किया गया है। सब-डिवीजन खुलने से लगभग 50 से अधिक गांवों को अपने नजदीकी क्षेत्र में सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त समीरपुर में भी सब-डिवीजन खोला गया है। इस सब-डिवीजन के अंतर्गत 40 गांवों के लोगों को अपने नजदीकी जल शक्ति विभाग से संबंधित कार्य करवाने की सुविधा उपलब्ध होगी।

लोगों की मांग को पूरा करते हुए भरेड़ी में भी जल शक्ति विभाग का कार्यालय खोलने की नोटिफिकेशन हुई है। इस कार्यालय के अंतर्गत अमरोह, भुक्कड़, गरसाहड़, पपलाह, हनोह, धीरड़ पंचायत के कामों को शामिल किया गया है। भरेड़ी में कार्यालय खोलने से लगभग 25 गांवों के लोगों को इसकी सुविधा अपने घर द्वार में मिलेगी। उधर, लोगों ने जल शक्ति विभाग के कार्यालय खोलने पर विधायक सुरेश कुमार का आभार प्रकट किया है।

**क्या कहते हैं विधायक**

**विधायक** सुरेश कुमार का कहना है कि पिछले 35 वर्षों से लगातार लोगों की मांग थी कि हमें जल शक्ति विभाग के कार्य करवाने के लिए अवाहदेवी, भोरंज जाना पड़ता है। लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए इस मांग को प्रदेश सरकार व जल शक्ति विभाग के सामने रखा गया और सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान करने के बाद नोटिफिकेशन जारी हो चुकी है।

## गोगा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़



गोगा मंदिर ग्वाल पत्थर में शीश नवाते हुए श्रद्धालु।

**धनेटा।** गोगा मंदिर ग्वाल पत्थर में फाल्गुन माह के अंतिम रविवार को श्रद्धालुओं की खूब भीड़ देखने को मिली। सुबह पूजा-अर्चना व यज्ञ के बाद शुरू हुए कार्यक्रम में संकीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने शीश नवाया व आशीर्वाद लिया। पुजारी जीवन पाल ने बताया कि फाल्गुन माह का अपना विशेष महत्व होता है। इस महीने महापर्व महाशिवरात्रि व रंगों का त्योहार होली आता है। उन्होंने बताया कि इस महीने शिव-पार्वती, मां लक्ष्मी व चंद्र देव की आराधना करनी चाहिए, जिससे घर-परिवार में सुख-शांति व समृद्धि बनी रहती है।

## होली उत्सव में मंत्रियों की रहेगी अनुपस्थिति

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लगने के बाद मुख्यमंत्री या मंत्री कोई भी घोषणा, योजना का शिलान्यास और उद्घाटन भी नहीं कर सकते है। चुनाव आचार संहिता का असर 23 मार्च से सुजानपुर में शुरू होने जा रहे चार दिवसीय राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव पर भी पड़ेगा, जिसके लिए कुछ ही दिन शेष बचे हैं। होली मेले में सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित की जाएंगी।

होली मेले के लिए प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। साथ ही होली मेले का शुभारंभ किससे करवाया जाएगा, इसको लेकर भी चर्चा की जा रही है। शनिवार को निर्वाचन आयोग ने लोकसभा के चुनाव और विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव की भी घोषणा कर दी। इस स्थिति में अब मुख्यमंत्री या मंत्री होली मेले शिरकत नहीं कर पाएंगे।

सूत्रों से पता चला है कि इस बार होली मेले के शुभारंभ पर राज्यपाल या प्रदेश के मुख्य सचिव को मुख्यातिथि के रूप में बुलाया जा सकता है। हालांकि सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने वाले मुख्य कलाकारों का भी अभी तक चयन नहीं किया गया है। इस दौरान जिला प्रशासन के साथ विशेष रूप से आमंत्रित बड़े अधिकारी ही मेले में नजर आएंगे। इस बार मेले में सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की प्रदर्शनियां भी नहीं लगाई जा सकेंगी और न ही कोई घोषणा की जा सकेगी। ऐसे में चुनाव आचार संहिता का पालन प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन को भी करना पड़ेगा। बताया जा रहा है कि सोमवार से होली मेले में कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों के ऑडिशन लेने की तैयारी की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

**राज्यपाल या प्रदेश के मुख्य सचिव कर सकते हैं मेले का शुभारंभ**

> एक-दो दिन में राज्यपाल या मुख्य सचिव से इस बारे में समय लिया जाएगा तथा सांस्कृतिक संध्याओं में बुलाए जाने वाले कलाकारों को भी फाइनल किया जाएगा। -अमरजीत सिंह
> उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

## ऊना की टीम ने कांगड़ा को 430 रनों का दिया लक्ष्य

**पूर्व राज ने जड़ा शतक, दीप सिंह 51 रन बनाकर नॉट आउट**



**नादौन।** क्रिकेट स्टेडियम अमतर नादौन में चल रहे जिला वरिष्ठ क्रिकेट मैच के सेमीफाइनल के तीसरे दिन ऊना की टीम ने रविवार को शानदार पारी खेलते हुए कांगड़ा की टीम को जीत के लिए 430 रनों का टारगेट दिया। बल्लेबाज पूर्व राज ने 115 रन बनाकर कांगड़ा की टीम के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी। इसी तरह दीप सिंह 51 रन बनाकर नाबाद रहा। ऊना की टीम ने पहली पारी में ही 187 रनों की बढ़त ली थी और दूसरी पारी में रविवार को नौ रनों से आगे खेलते हुए 250 रन बनाए। टिंका ठाकुर ने बताया कि कांगड़ा के गेंदबाज साहिल कुमार ने पांच, रितिक ने दो और आयुष ने तीन विकेट लिए।

कांगड़ा की टीम ने तीसरे दिन का मैच समाप्त होने तक 16 ओवर में एक विकेट खोकर 44 रन बन लिए थे। सौरभ शरण 21 रन बनाकर नाबाद रहे।

# चुनावों के मद्देनजर सभी उपमंडलों में हटाए सरकार की उपलब्धियों के पोस्टर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी होने के बाद प्रदेश में भी आदर्श चुनाव संहिता लागू हो गई है, जिसके चलते प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं के पोस्टरों और होर्डिंग हटाने का कार्य शनिवार को ही शुरू कर दिया था, लेकिन कई जगहों पर पोस्टर और होर्डिंग हटाने बाकी थे।

रविवार को जिला के सभी उपमंडलों में भी इस कार्य को अंजाम दिया गया। जिसके तहत अब कहीं पर भी सरकार की उपलब्धियों के पोस्टर नजर नहीं आएंगे। चुनावों की अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन हमीरपुर, सुजानपुर, बड़सर, नादौन और भोरंज में भी सरकारी की उपलब्धियों के पोस्टरों को हटाने के लिए कर्मचारी दिन भर पोस्टरों को हटाते रहे।





लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के दूसरे दिन बस स्टैंड हमीरपुर में पोस्टरों व बैनरों को हटाते नगर परिषद के कर्मचारी।

बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनावों में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से भरे होर्डिंग और पोस्टर मतदाताओं को प्रलोभन देने की श्रेणी में आते हैं ऐसे में इन्हें चुनाव होने तक हटा दिया जाता है। चुनाव होने के बाद फिर से सरकार की उपलब्धियों के पोस्टर को लगा सकते हैं। इसके अलावा लोकसभा चुनावों में मतदाताओं को रिझाने के लिए धन या अन्य प्रलोभन राजनीतिक दल न दे सकें। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा व्यापक प्रबंध किए हैं। इसके अलावा चुनावों से संबंधित शिकायत करने के लिए टोल फ्री नंबर भी जारी कर दिए हैं। जिस पर चुनावों से संबंधित शिकायत कर सकते हैं व शिकायत करने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाती है। इस बारे में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमर जीत सिंह ने बताया कि चुनाव आचार संहिता का अक्षरश: पालन करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि सभी उपमंडलों में सरकार की उपलब्धियों के होर्डिंग व पोस्टरों को हटा दिया गया है।

**होर्डिंग व पोस्टरों को हटाने का कार्य दूसरे दिन भी जारी**

## करियर प्वाइंट विवि में अभिव्यक्ति की आजादी पर सेमिनार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के लॉ विभाग द्वारा राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अमन दीप नड्डा ने बताया कि इस सेमिनार का मुख्य विषय अभिव्यक्ति की आजादी विषय पर था। सेमिनार में मुख्यातिथि के तौर पर हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ सोशल साइंस के डीन प्रोफेसर संजीत सिंह ठाकुर और सामाजिक कार्य विभाग के प्रमुख डॉ. शशि पूनम उपस्थित हुए। इसके अलावा डॉ. जय माला, यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में प्रोफेसर, कैंपस लॉ सेंटर आदि ने भाग लिया।



सेमिनार के मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए रजिस्ट्रार व विभागाध्यक्ष।

मुख्यातिथि ने कहा कि भारत का संविधान अपने नागरिकों को विभिन्न मौलिक अधिकारों की गारंटी देता है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण अधिकार अनुच्छेद-19 के तहत स्वतंत्रता का अधिकार है। इसमें भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार, शांतिपूर्ण और बिना हथियारों के इकट्ठा होने का अधिकार आदि शामिल है। लोकतंत्र में स्वतंत्र अभिव्यक्ति का अधिकार न केवल एक व्यक्ति का अधिकार है, बल्कि समुदाय का सुनने और सूचित होने का अधिकार है। डॉ. शशि पूनम ने महिलाओं की वाक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने यह भी बताया कि महिलाएं आज तक कैसे भेदभाव का सामना कर रही हैं। अंत में लॉ विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शशि भूषण ने अतिथियों, प्रतिभागियों व अन्य गणमान्यों का सेमिनार का सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

## पूर्व विधायक उर्मिल ने की धूमल से भेंट



**टौणीदेवी।** पूर्व भाजपा विधायक उर्मिल ठाकुर ने रविवार को समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से भेंट की। इस दौरान उन्होंने हमीरपुर लोकसभा सीट से लगातार चार बार विजयी रहे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को पांचवीं बार टिकट मिलने पर बधाई दी। इसके अलावा सुजानपुर के वर्तमान राजनीतिक परिपेक्ष्य पर भी उर्मिल और धूमल के बीच बातचीत हुई। धूमल ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपने मतदान का प्रयोग जरूर करना चाहिए।

## 'चुनावों के लिए कमर कस लें कार्यकर्ता'



भोरंज में आयोजित भाजपा के त्रिदेव सम्मेलन में उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, जाहू**

भाजपा भोरंज मंडल में रविवार को त्रिदेव सम्मेलन का आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में संसदीय क्षेत्र के प्रभारी अमित शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ अभिषेक चंदेल, डॉ. अनिल धीमान, कमलेश कुमारी, देशराज शर्मा आदि उपस्थित रहे। सम्मेलन में अमित शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनावों में हम सभी को आज से ही अनुराग ठाकुर को जिताने के लिए कमर कस लेनी है।

**अनुराग ठाकुर को लीड दिलाने के लिए केंद्र की योजनाओं का करें प्रसार**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की झूठी गारंटी और झूठे वादों को घर-घर जाकर बताएं और मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का खूब प्रचार प्रसार करें। जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कहा कि हम सभी आज से ही एकजुट होकर अनुराग को पांचवीं बार जीत दिलवाने के लिए कार्य करेंगे।

**महोत्सव** 300 साल पहले महाराजा संसार चंद ने की थी मेले की शुरुआत

# सुजानपुर होली मेले के सफल आयोजन के लिए पूजा-अर्चना

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

अष्टमी के दिन सुजानपुर में आयोजित होने वाले होली मेले के सफल आयोजन की कामना लोअर बाजार में पूजा-अर्चना के साथ की गई। हर वर्ष यह त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। सुजानपुर में अप्पर बाजार में डोगरा खानदान, जबकि लोअर बाजार में पवारी खानदान द्वारा होली उत्सव के सफल आयोजन के लिए झंडा रस्म का आयोजन किया जाता है। शहरवासी झंडा रस्म का आयोजन कर मेले के सफल आयोजन की मन्नत मांगते हैं।

सुजानपुर होली मेले की शुरुआत लगभग 300 वर्ष पहले महाराजा संसार चंद ने की थी। महाराज मुरली मनोहर मंदिर में पूजा-अर्चना करने के साथ होली का गुलाल प्रजा के साथ खेलते थे। होली से पहले बुजुर्गों द्वारा अष्टमी के दिन होली मेले के सफल आयोजन के लिए झंडा रस्म का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर शहर के कई लोग मौजूद रहे।




सुजानपुर में होली उत्सव के सफल आयोजन के लिए झंडा रस्म निभाते लोग।

### 23 मार्च से मनाया जाएगा होली मेला

**इस** वर्ष 23 मार्च से 26 मार्च तक होली मेला मनाया जाएगा। 24 मार्च को रंगों का यह त्योहार गुलाल खेल कर मनाया जाएगा। उधर, चौगान में मेले की तैयारी भी शुरू हो गई हैं।

# प्राकृतिक गुणों से भरपूर है सीबकथॉर्न तेल

अनंत ज्ञान , मंडी

मंडी में जारी अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान आयोजित किए जा रहे सरस मेले में सीबकथॉर्न से बने उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री का स्टॉल लगा हुआ है। सीबकथॉर्न एक ऐसा प्राकृतिक फल है जो हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में पाया जाता है। इस फल और इसकी पत्तियों से जो उत्पाद तैयार होते हैं वे जहां सेहत के लिए बहुत ज्यादा लाभकारी होते हैं वहीं इनकी कीमत भी कुछ कम नहीं होती। मंडी के सरस मेले में लगे सीबकथॉर्न का जूस भी इंट्रोडयूज किया गया है जिसकी कीमत एक हजार रुपए प्रति लीटर है।

लाहौल-स्पीति के यांगला गांव निवासी स्टॉल संचालिका पूनम ने बताया कि जूस निकालने के बाद जो बीज बच जाता है उससे तेल निकाला जाता है जोकि 20 हजार रुपए प्रति लीटर है। इस तेल का इस्तेमाल सामान्य रूप से खाने, दवाइयां और ब्यूटी प्रॉडक्ट्स बनाने में किया जाता है। सीबकथॉर्न पेड़ की छाल और तेल निकालने के बाद बचे वेस्ट मेटिरियल से फेस स्क्रब बनाया जाता है। एक तरह से कहा जा सकता है कि सीबकथॉर्न पेड़ का हर भाग कीमती और बहुपयोगी है। पूनम ने बताया कि वह 2009 से सीबकथॉर्न के उत्पादों को बनाने और बेचने का काम कर रही है। आज उन्होंने लाहौल-स्पीति में एक संगठन खड़ा कर दिया है, जिसमें 300 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। पूनम के अनुसार हर महिला सीबकथॉर्न के कारण अच्छी आजीविका कमाकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। पूनम ने बताया कि वे अभी तक भारत के अलग-अलग राज्यों में जाकर इन उत्पादों को बेच चुकी हैं। विदेशों तक जाने का मौका नहीं मिला।



### त्वचा और बालों के लिए लाभदायक तेल की कीमत प्रति लीटर 2000 रुपए

सी-बकथॉर्न का फल पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन और फास्फोरस प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसे दिल की सेहत के लिए उपयोगी माना गया है और घाव ठीक करने में भी कारगर साबित हुआ है। यदि किसी को डायबिटीज है तो उसे भी कंट्रोल करता है। इसके साथ ही एक्जिमा में भी मददगार है और ड्राई आई सिंड्रोम में भी फायदेमंद होता है। सी-बकथॉर्न का तेल त्वचा और बालों के लिए लाभदायक माना गया है।

# महिला सम्मान निधि के नाम पर मातृशक्ति के साथ धोखा

## नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

- कहा- माताओं-बहनों को सम्मान निधि से बाहर करने की निकाली जा रही तरकीबें
- कांग्रेस की नीति और नीयत पर उठ रहे हैं सवाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सम्मान निधि के नाम पर एक बार फिर से प्रदेश की मातृशक्ति के साथ धोखा कर कर रही है। चुनावों से लेकर मीडिया के बीच मुख्यमंत्री और कांग्रेस के बड़े-छोटे सभी नेता कहते हैं कि 18 से 59 साल की सभी महिलाओं को महिला सम्मान निधि मिलेगी, लेकिन जब इसकी अधिसूचना जारी होती है तो वह सिर्फ सफेद हाथी साबित होती है। जो भी नियम शर्तें लगाई गई हैं उसके हिसाब से प्रदेश की अधिकांश महिलाएं सरकार की इस योजना से बाहर हो रही हैं।

प्रदेश की मातृशक्ति कांग्रेस के उन नेताओं को खोज रही हैं जो एक होला तो 1500, दो होला तो त्रई हजार और चार होला तो छो हजार का नारा दे रहे थे। अब जब चुनाव सिर पर आया तो आनन-फानन में बिना बजट के सरकार ने योजना की घोषणा तो कर दी, लेकिन उन्हें यह समझना चाहिए कि अब उनके हथकंडे चलने वाले नहीं हैं।

सरकार ने चुनाव के नाते, प्रदेश के लोगों द्वारा हर जगह हो रहे सरकार के विरोध के बाद में नारी सम्मान निधि देने की घोषणा तो कर दी, लेकिन सरकार इस योजना को न लागू करने और ज्यादा से ज्यादा माताओं-बहनों को इस योजना से बाहर निकालने की तरकीबें निकाल रही है। जिससे सरकार अपनी गारंटी पूरी करने का ढिंढोरा भी पीट सके और किसी को इस योजना का लाभ भी न मिले। उन्होंने कहा कि जब भी सरकार कोई योजना लाती है तो उसका लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को उसमें जोड़ने का होता है लेकिन कांग्रेस की सुक्खू सरकार द्वारा लाई गई योजना में सरकार ने इस बात के पूरे प्रयास किए कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना से बाहर किया जा सके।

सरकार ने इस योजना में इतने 'राइडर' लगा दिए हैं कि इनकी नीति और नीयत दोनों पर सवाल उठ रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के हिसाब से सरकारी, बोर्ड, निगमों में नौकरी वाले, पेंशनधारियों और उनके आश्रित तो छोड़िए, सामाजिक सुरक्षा पेंशन यानी की वृद्धा, दिव्यांग पेंशन पाने वालों के परिवार जनों को भी यह सुविधा नहीं मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अनुबंध, आउटसोर्स, दैनिक वेतनभोगी, अंशकालिक कर्मचारी, आशा, आंगनबाड़ी, मिड-डे मील वर्कर के परिवारों को भी इस योजना से बाहर रखा गया है। इसका मतलब जिन गरीबों को वृद्धा या दिव्यांग पेंशन मिल रही है उनकी बेटियों को भी इस योजना का लाभ नहीं मिलने वाला है। जबकि मुख्यमंत्री और उनके पार्टी के नेता 18 से 59 वर्ष की सभी महिलाओं को इस योजना में शामिल करने की बात कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार को यह भी बताना चाहिए कि इतने राइडर्स बाद इस योजना के पात्र कितने लोग बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को इस बात का जवाब देना चाहिए कि इस योजना में इतनी शर्तें थोपकर माताओं-बहनों के साथ नाइंसाफी क्यों की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### ईशा व रोहित सैनिक स्कूल में करेंगे पढ़ाई



रोहित व ईशा को सम्मानित करते एसएमसी के सदस्य व शिक्षक।

**सुकबाग।** शिक्षा खंड द्रंग-1 की राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला बरोट की ईशा व रोहित अब सैनिक स्कूल में पढ़ाई करेंगे। दोनों होनहार विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों होनहारों ने बीते जनवरी महीने में हुई सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। ईशा बरोट के साथ लगते ढरांगण गांव के रिटायर्ड सूबेदार रामदेव व देवकली की बेटी जबकि रोहित थूजी गांव के रणवीर सिंह व सुभद्रा देवी का बेटा है। दोनों बच्चों ने पाठशाला और पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इन दोनों होनहारों की उपलब्धि पर राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला बरोट की एसएमसी के प्रधान व अन्य सदस्यों द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। एसएमसी प्रधान सुनील कुमार, केंद्रीय मुख्य शिक्षक लुदर दत्त, शिक्षक शिवराज व शिक्षिका सुलेखा सहित एसएमसी के सभी सदस्यों ने दोनों को बधाई दी है।

### तीन छात्राओं ने पास की सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की तीन छात्राओं ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा पास करके स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल की शुभ्रा ठाकुर, पारूल राणा और रीतिका ठाकुर ने 28 जनवरी को हुई सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा पास की है। पारूल राणा और शुभ्रा ठाकुर ने छठी कक्षा के लिए परीक्षा को पास किया है वहीं रितिका ठाकुर ने नौवीं कक्षा के लिए परीक्षा पास की है। शुभ्रा ने अपनी सफलता का श्रेय दादा ओम प्रकाश ठाकुर, अध्यापकों व अन्य परिजनों को दिया है। पारूल और रीतिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों व स्कूल के प्रधानाचार्य ओपी ठाकुर को दिया है। उधर स्कूल के चेयरमैन ओम मरवाह, जनरल सेक्रेटरी विजय जम्वाल, प्रधानाचार्य ओपी ठाकुर, उपप्रधानाचार्य लता राणा, पीटीए प्रधान भास्कर गुप्ता ने कहा कि दयानंद भारतीय पब्लिक स्कूल हमेशा ही बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए काम करता आया है, जिसकी बदौलत हर वर्ष स्कूल के बच्चे नवोदय, सैनिक स्कूल व अन्य परीक्षाओं के लिए लगातार चयनित हो रहे हैं।

### प्रकाश बोले-चारों खाने चित होगी बीजेपी



लघु बचत योजना के उपाध्यक्ष प्रकाश कर्ड व अन्य सामूहिक चित्र में।

**नेरचौक।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया है और इस बार प्रदेश में बीजेपी चारों खाने चित होगी। यह बात लघु बचत योजना के उपाध्यक्ष प्रकाश करड ने कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महंगाई कम करने, युवाओं को रोजगार देने तथा विदेश से काला धन वापस लाने के नाम पर सत्ता हासिल की थी मगर पांच सालों में न ही काला धन वापस आया और न ही बेरोजगारी पर कोई अंकुश लगा बल्कि इसके विपरीत महंगाई ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। देश में महंगाई को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। देश की जनता मोदी सरकार के जुमलो को समझ चुकी हैं और भाजपा को सत्ता से बाहर करने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया है, जिसके आधार पर मैं दावे से कह सकता हूं कि प्रदेश की चारों सीटों पर कांग्रेस जीतेगी तथा यहां से भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा।इस अवसर पर दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के प्रदेश महासचिव एवं प्रवक्ता चमन राही सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## टैक्सी चालक का 42वीं बार रक्तदान




अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

स्वर्गीय सांसद राम स्वरूप शर्मा की तृतीय पुण्यतिथि पर मंत्रा फाउंडेशन जोगिंद्रनगर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन नागरिक अस्पताल जोगिंद्रनगर में किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक प्रकाश राणा ने किया। शिविर में लगभग 40 लोगों ने रक्तदान किया। इसमें जिमजिमा गांव के टैक्सी चालक राजेश कुमार ने 42वीं बार रक्तदान किया, कपिल ने 20वीं बार, संजीव ने 15वीं, भरत सिंह ने 12वीं, सरवन ठाकुर ने नौवीं शक्ति राणा ने सातवीं बार रक्तदान किया। इस अवसर पर अजय सकलानी संजीव, कैलाश भारद्वाज, सौरव जम्वाल, नागेंद्र पाल, परमजीत सिंह, कपिल, ऋषभ, अश्वनी गुप्ता, साहिल, श्याम सिंह, अनिल, कोमल, राकेश, सूरज, आयुष, आशुतोष शर्मा, भीम सिंह, रोहित, अभिनय, सौरभ, गीतानंद, सुरेश, भरत भूषण, शांति स्वरूप शर्मा, आनंद स्वरूप शर्मा, कमलकांत, ओम प्रकाश ने भी रक्तदान किया।

## जोगिंद्रनगर में एसडीएम बोले- राजनीतिक दल बिना अनुमति न इस्तेमाल करें प्रचार सामग्री

**जोगिंद्रनगर।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की चुनाव आयोग द्वारा चुनावी प्रक्रिया के घोषित होते ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल आदर्श चुनाव आचार संहिता की कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित बनाएं। एसडीएम लोकसभा चुनाव को लेकर लागू हुई आदर्श चुनाव आचार संहिता के संबंध में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आम लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर चुनाव आयोग द्वारा लागू आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान सभी राजनीतिक दल व संभावित प्रत्याशी केवल जिला निर्वाचन अधिकारी या सहायक निर्वाचन अधिकारी से अनुमति प्राप्त प्रचार सामग्री का ही उपयोग करें। प्रचार के दौरान इस्तेमाल होने वाले विभिन्न वाहनों इत्यादि की अनुमति भी प्राप्त करना अनिवार्य है।

## संधोल के बल्याली में ट्रांसफार्मर चोरी

**संधोल।** संधोल के बल्याली मसोत खड्ड पुल के समीप बिजली के ट्रांसफार्मर पर चोरों ने हाथ साफ कर दिए हैं। बिजली बोर्ड हैरान है कि ऐसा कैसे हो सकता है कि खंभों पर स्थापित ट्रांसफार्मर को ही कोई ले उड़ेगा इसकी कल्पना करना भी मुश्किल है मगर चोरों के लिए कुछ मुश्किल नहीं अभी वह ट्रांसफार्मर करंट पास कर ही नहीं रहा था। नई लाइन पर इसे स्थापित किया गया था इससे पहले चोरों ने उसे चुरा लिया। इससे पहले भी उल्हु के फेर बैरी बल्ला टकरेहड से जल शक्ति विभाग की मशीनें, मसोत खड्ड से ही कॉलेज निर्माण के समय पानी की मोटरें चोरी हो चुकी हैं। विभाग ने पुलिस में एफआईआर दर्ज करवा दी है जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

मंडी की लाडली बेटी, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की याद में रविवार को मंडी के भीमाकाली मंदिर परिसर में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुकेश अग्निहोत्री और उनकी बेटी डॉ. आस्था अग्निहोत्री को ढांढस बंधाने, दुख की घड़ी में साथ होने का भाव लेकर हजारों की तादाद में उमड़े मंडी वासियों ने प्रो. सिम्मी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रो. सिम्मी के अपनत्व भरे व्यक्तित्व की याद में परिचितों के आंसू छलके। बता दें कि मंडी शहर प्रो. सिम्मी का मायका था, उनके पिता का घर शहर के भगवाहन मोहल्ले में है। यहीं उनका बचपन बीता, यहीं युवा अवस्था के सपने बुने। प्रो. सिम्मी का 9 फरवरी को अकस्मात निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार उनके ससुराल हरोली के गोंदपुर जयचंद में किया गया था। इस मौके पर पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री एवं विधायक अनिल शर्मा, रंगीला राम राव, प्रकाश चौधरी, सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर, विधायक चंद्रशेखर, एचआरटीसी निदेशक मंडल के सदस्य धर्मेंद्र धामी और विकास कपूर, नगर निगम महापौर विरेंद्र भट्ट, चंपा ठाकुर, नरेश चौहान, कांग्रेस के महासचिव शशी शर्मा, प्रदेश सचिव जगदीश, राकेश चौहान, जिला कार्यकारी अध्यक्ष हरेंद्र सेन, कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए।



प्रार्थना सभा में उपस्थित डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री व अन्य।

### असाधारण व्यक्तित्व की धनी थी मेरी मां : डॉ. आस्था

प्रो.सिम्मी एवं मुकेश अग्निहोत्री की इकलौती बेटी, हेग अकादमी ऑफ इंटरनेशनल लॉ से उच्चतर शिक्षा प्राप्त कर रही है। डॉ. आस्था अग्निहोत्री ने प्रार्थना सभा में उपस्थित रहे सभी लोगों का आभार जताया। उनकी मां प्रो. सिम्मी असाधारण व्यक्तित्व की धनी थीं। बहुप्रतिभाशाली, नेकदिल और दूसरों के प्रति समर्पित थीं। उनकी मां के जाने के बाद पूरे प्रदेश में जिस प्रकार की दुख की अभिव्यक्ति देखने को मिली वह उनकी महान शख्सियत को जाहिर करता है।

## सुमित गुप्ता के निधन पर शोक जताया

**करसोग।** थाना क्षेत्र करसोग के अंतर्गत पांगना गांव में युवक सुमित गुप्ता की रविवार को मौत हो गई। युवक काफी दिनों से हेपेटाइटिस ए की बीमारी से ग्रसित था। मृतक के परिजनों का कहना है सुमित गुप्ता काफी समय से हेपेटाइटिस ए से पीड़ित था। उसका पीजीआई चंडीगढ़ में इलाज चल रहा था। वहीं स्थानीय निवासी जगदीश शर्मा, पूर्व बीडीसी जितेंद्र महाजन ने बताया कि सुमित गुप्ता लंबे समय से बीमार था। ये व्यापार मंडल पांगना के अध्यक्ष भी थे। जितेंद्र महाजन ने बताया कि यह काफी अच्छे इंसान थे और मिलनसार व्यक्ति थे उनकी मौत की खबर सुनकर पूरे पांगना क्षेत्र समेत करसोग में शोक की लहर उठ गई है। इनकी उम्र 35 साल थी।

# सरकाघाट रेंज में अजगर का रेस्क्यू

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

जिला मंडी में मौसम के बदलते मिजाज के कारण सांपों के निकलने के मामले बढ़ रहे हैं। इसको लेकर वन विभाग की टीम भी अलर्ट मोड पर आ गई है। ऐसे ही एक मामले में विभाग के सुकेत वन डिवीजन द्वारा सरकाघाट रेंज में एक अजगर को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया है। डीएफओ सुकेत वन डिवीजन राकेश कटोच ने कहा कि लोगों में सांपों के प्रति जागरूकता बढ़ने के कारण अब सांपों को मारने से परहेज करने लगे हैं। वहीं विभाग ने भी सांपों के सफल रेस्क्यू ऑपरेशन को संचालित करने के लिए टीम गठित की गई है।

उन्होंने कहा कि बीते 20 दिन पहले सुकेत वन डिवीजन के सरकाघाट रेंज में सांप दिखने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी, लेकिन टीम को खाली हाथ ही वापस लौटना पड़ा। इसके उपरांत दोबारा सांप की सूचना मिलने पर उनके द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए इसकी सूचना स्नेक रेस्क्यू टीम को दी। रेस्क्यू टीम ने चार घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। उन्होंने कहा कि सांपों के संरक्षण और रेस्क्यू के लिए वाइल्ड लाइफ प्रोटक्शन एक्ट, 1972 की धारा के तहत अनुमति लेना जरूरी है। बिना अनुमति सांप रेस्क्यू करके पकड़े जाने पर ऐसे लोगों के खिलाफ वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट के तहत कार्रवाई का प्रावधान भी है।



सरकाघाट रेंज में रेस्क्यू किए अजगर के साथ वन डिवीजन के कर्मचारी और अधिकारी।

# बनना था शिक्षक, बन गई परिचालक

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

हिमाचल लोक सेवा आयोग शिमला द्वारा हिमाचल पथ परिवहन निगम परिचालक भर्ती का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसमें 360 में से 357 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए है। ये जल्द ही परिवहन निगम के विभिन्न डिपुओं में अपनी सेवाएं देते हुए नजर आएंगे। इन्हीं में से एक है सुंदरनगर की 23 वर्षीय गीता देवी।

गीता ने परिचालक भर्ती की परीक्षा उत्तीर्ण कर एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। अब वह बतौर परिचालक हिमाचल पथ परिवहन निगम में अपनी सेवाएं देगी। गीता देवी सुंदरनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत मलोह के भदरोलु गांव की रहने वाली हैं। गीता के पिता किसान और माता गृहिणी है। बड़ी बहन की शादी हो चुकी है जबकि छोटा भाई अभी कॉलेज में पढ़ाई कर रहा है। बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि वाली गीता ने 12वीं के बाद बीएससी और बीएड कर टेट के साथ सी-टेट की परीक्षा भी पास की है। इस उपलब्धि पर गीता का कहना है कि उसका शिक्षक बनने का सपना था,लेकिन किस्मत में कुछ और ही लिखा था। गीता ने इसका श्रेय अपनी माता मीना देवी व पिता हिम्मत सिंह सहित अपने अध्यापकों को दिया है। गौरतलब है कि गीता बचपन से ही पढ़ाई में काफी होशियार रही है और 12वीं की परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक लेकर अपने स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया था।



सुंदरनगर की गीता अपने परिजनों के साथ।

## हुनर : उत्तर प्रदेश के दिनेश कुमार 350 रुपए में बना रहे लाइव स्केच

# पड्डल मैदान में लाइव स्केचिंग बनी आकर्षक का केंद्र

पुष्पराज, मंडी

मंडी महाशिवरात्रि में पड्डल मैदान में लगे मेले के दौरान उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से आए दिनेश कुमार के समक्ष लोगों की भीड़ ऐसी लगी की अन्य व्यापारी भी सोचने को मजबूर हो गए की यहां ऐसी क्या बिक्री हो रही है कि दर्शकों का जमघट लग रहा है। दिनेश कुमार लाइव स्केचिंग आर्टिस्ट है और करीब 15 साल से यह काम कर रहे हैं।

हुनर ऐसा है कि बैठे हुए किसी भी व्यक्ति की हूबहू पेंटिंग बना देते हैं और ऐसा प्रतीत होता है जैसे कैमरे से ही फोटो खींचा हो। लाइव स्केच करीब 15 मिनट में तैयार हो जाता है और हजारों नहीं मात्र 350 रुपए में ही लोगों की लाइव स्केच तैयार कर देते है लेकिन कई स्केचिंग 1 लाख 83 हजार तक में बेच चुके है। दिनेश कुमार ने बताया कि पहले शौक अभिनेता बनने का था और करीब दो भोजपुरी फिल्मों जिसमें हमके माफी देई दा और पिंजरे वाली मुनिया फिल्म में विलेन का किरदार भी निभा चुके है। उन्होंने बताया कि फिल्म लाइन में जब सफलता नजर नहीं आई तो उसके बाद चंडीगढ़ सुखना लेक चले गए वहां लाइव स्केचिंग देखी तो इसमें हुनर आजमाने का मन हुआ और वहीं से लाइव स्केचिंग का दौर शुरू हुआ जिसमें 2011 में सफलता हाथ लगी। उन्होंने बताया कि पहला स्केच चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट के एक ड्राइवर का बनाया था जिसने इनाम के तौर पर 150 रुपए दिए जिसके बाद यह दौर लगातार जारी रहा। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश के चंबा खजियार में भी उन्होंने काम किया है। वहां चेयरमैन देशराज का स्केच बनाया तो उन्होंने खुश होकर चंबा में सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि मंडी शिवरात्रि में पहली बार आने पर लोगों का लाइव स्केच के प्रति रुझान कम नजर आ रहा है। लोग एक जगह बैठने भी नहीं दे रहे है। दिनेश कुमार का कहना था कि मंडी शिवरात्रि में वे फिर नहीं आएंगे क्योंकि यहां पर व्यापारी लोग टेलेंट की कदर नहीं करते और लाइव स्केचिंग के महत्व का इनको ज्ञान भी नहीं हैं। उन्होंने बताया कि स्केचिंग एक पौराणिक संस्कृति है जो राजा महाराजाओं के समय से चली आ रही है यदि पुराने समय में ऐसे कलाकार नहीं होते तो हमें इतिहास का ज्ञान नहीं होता। (अनंत ज्ञान)




# हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

लोकसभा चुनावों को स्वतं सीआरपीसी की धारा-144 के तहत आदेश जारी करते हुए जिलाधीत्र, निष्पक्ष, सुचारू और शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित बनाने के लिए जिले भर में आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस संबंध मेश अपूर्व देवगन ने बताया कि चुनाव घोषणा से लेकर चुनाव परिणाम तक किसी भी तरह के घातक हथियार या विस्फोटक सामग्री लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसका उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ कानून के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार सभी लाइसेंस धारकों को चुनाव प्रक्रिया के पूरा होने तक अपने हथियार संबंधित थानों में जमा करवाने होंगे। कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा से संबंधित डयूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों और होमगाड्र्स, बैंक एवं एटीएम गार्ड्स और एटीएम कैश वैन गार्ड्स इत्यादि सुरक्षा कर्मचारियों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। इसके अतिरिक्त वह खिलाड़ी जो राष्ट्रीय राइफल एसोसिएसन के सदस्य हैं के खेलों में भाग लेने पर इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे।

### डीसी बोले- कार्रवाई के लिए उड़नदस्ते गठित किए



**मंडी।** जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि चुनावों में मतदाताओं को डराने और धमकाने में लिप्त लोगों और रिश्वत देने और लेने वालों के विरुद्ध मामले दर्ज करके ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने के लिए उड़नदस्ते गठित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता किसी प्रकार की रिश्वत स्वीकार न करें और यदि कोई व्यक्ति किसी रिश्वत की पेशकश करता है या रिश्वत और निर्वाचकों को डराने-धमकाने के मामलों की जानकारी है तो ऐसे मामलों को टोल फ्री नंबर 1950 पर सूचित करें। उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ख के अनुसार, जो कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचन अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से नकद या वस्तु रूप में कोई परितोषण देता है या लेता है तो वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दंडनीय होगा। इसके अतिरिक्त, भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ग के अनुसार जो व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट पहुंचाने की धमकी देता है। वह एक वर्ष के कारावास या जुर्माने या दोनों से दंडनीय होगा।

# लोक नाट्य में ऊना का 'दहाजा' रखता है विशेष पहचान

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

लोक नाट्य में जिला ऊना का दहाजा विशेष पहचान रखता है। बाबा सिद्ध चानो महाराज की याद में मनाया जाने वाला दहाजे का शुभारम्भ श्री कृष्ण लीला से किया जाता है तथा रात भर बाबा सिद्ध चानो महाराज की विभिन्न प्रकार की अद्भुत झांकियां निकाली जाती है।

चिंतपूर्णी विस क्षेत्र के गांव थड़ा लडोली मंदिर के प्रांगन में क्षेत्र की सुख समृधि के लिए गांववासियों के सहयोग से बाबा सिद्ध चानो महाराज जी को समर्पित दहाजा कार्यक्रम शनिवार रात्रि सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में डेरा बाबा पंडित



बाबा बौरा का स्वांग प्रस्तुत करते कलाकार।

हरिशाह दरवार अम्बोआ के संचालक बाबा राकेश शाह विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य सेवादार हरी सिंह, प्रधान बलविंद्र सिंह बिल्ला व सेवादारों ने बाबा राकेश शाह को सम्मानित किया।

मुख्य सेवादार हरी सिंह ने बताया कि दहाजा आयोजन में नगर में सब की भलाई के लिए अरदास की गई। श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेका तथा अयोजन में सहयोग करने वाले सेवादारों को सम्मानित किया।

# गगरेट में 83,275 मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

लोकसभा चुनाव के साथ ही गगरेट से विधानसभा उपचुनाव का ऐलान होते ही राजनीतिक सरगर्मियां जोर पकड़ गई हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा पारदर्शी तरीके से चुनाव करवाने के किए गए ऐलान के बाद प्रशासनिक अमला हर तैयारी को अंतिम रूप देने में जुट गया है।

विधानसभा क्षेत्र गगरेट में इस बार 83275 मतदाता लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव में उतरने वाले प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

विधानसभा क्षेत्र गगरेट में साढ़े अठारह सौ मतदाता ऐसे हैं जो पहली बार अपने वोट से चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू करते ही प्रशासनिक अमला चौबीस घंटे के अंदर सरकारी भवनों से पोस्टर व फलैक्स हटाने में जुट गया है तो अगले 72 घंटे में तमाम सार्वजनिक स्थानों से भी पोस्टर व फलैक्स हटा लिए जाएंगे।

गगरेट में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां पर चौबीस घंटे कर्मचारी तैनात किए गए हैं। निर्वाचन आयोग की सी-विजिल एप पर भी आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की फोटो अपलोड कर शिकायत की जा सकेगी और इस शिकायत पर त्वरित कार्रवाई होगी। कोई भी

**सौ वर्ष की आयु वाले पंद्रह मतदाता करेंगे वोट**

जागरूक नागरिक प्ले स्टोर से इस एप को अपने स्मार्ट मोबाइल फोन पर अपलोड कर सकेगा और इसके माध्यम से चौबीस घंटे शिकायतें दर्ज करवाई जा सकेंगी।




इस बार विधानसभा क्षेत्र गगरेट में 83275 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसमें पुरुष मतदाता 42132 को महिला मतदाताओं की संख्या 41143 है। वरिष्ठ नागरिक मतदाता 999 हैं तो दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 555 है। विधानसभा क्षेत्र गगरेट में पंद्रह मतदाता ऐसे हैं जो शतायु हैं। साढ़े अठारह सौ मतदाता ऐसे हैं जो पहली बार अपने मत का प्रयोग करेंगे।

एसडीएम गगरेट व एआरओ सौमिल गौतम ने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मिलने पर इस पर त्वरित कार्रवाई होगी।

## अभी दोनों राजनीतिक दलों से नहीं हुआ प्रत्याशियों का ऐलान

**बेशक** अभी तक विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों का ऐलान दोनों राजनीतिक दलों की ओर से नहीं हुआ है। जाहिर है कि 18 मार्च को अयोग्य करार दिए गए विधायकों की सुनवाई महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी और उसके बाद ही राजनीतिक दल अपने पत्ते खोलेंगे। बहरहाल लोकसभा चुनाव के लिए भी कांग्रेस अभी तक प्रत्याशी का चयन नहीं कर पाई है। हालांकि चुनाव विभाग ने धरातल स्तर पर निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नंगल जरियाला में लगाया भंडारा

**दौलतपुर चौक।** गगरेट क्षेत्र की ग्राम पंचायत नंगल जरियाला मोहल्ला चौकी के सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ मंदिर में सालाना 29वें भंडारे का आयोजन हुआ। मुख्य सेवादार मालकियत सिंह आर्य ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में स्थानीय लोगों के सहयोग से मंदिर में सुबह पूजा अर्चना के बाद झंडे की रस्म अदा की गई। इस मौके पर अशोक कुमार, होशियार सिंह, बलवंत सिंह, विनोद कुमार, रमन कुमार, विमल कुमार, अजय कुमार, मुलखराज, मुकेश कुमार जसवंत सिंह, अव्वु कुमार, हरविन्द्र, सीता राम, गोलू आदि उपस्थित रहे।

### प्रशासन ने प्रचार सामग्री हटाने के दिए निर्देश

**ऊना।** आदर्श चुनाव आचार संहिता लगने पर प्रशासन द्वारा सरकारी संपतियों और सार्वजनिक स्थलों से राजनीतिक दलों को प्रचार सामग्री हटाने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त जतिन लाल की ओर से जारी आदेशों पर ग्राम पंचायतों और नगर पंचायत के अधिकारियों से ऐसी सामग्री की सूची बनाकर उसे हटाने के लिए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस सिलसिले में रविवार को सरकारी विभागों के कर्मचारी एक्शन में नजर आए और सभी होर्डिंग और प्रचार सामग्री की लिस्ट बनाते दिखे।

### कलरूही में दो कारों की टक्कर

**ऊना।** अम्ब के कलरूही गांव में शनिवार को दो कारों में टक्कर हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को शिकायत देने वाले दिल मुहम्मद पुत्र उमरदीन का दावा है कि जो कार मुबारिकपुर की ओर से आ रही थी उसने सामने से आ रही एक कार को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से दोनों कारों में बैठे लोग घायल हो गए। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए गरली के मोहाला गांव वासी शादी लाल सपुत्र श्री लेख राम के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### 21 को होंगे ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पॉसिंग

**पालमपुर।** पंजीयन एवं अनुज्ञापन अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी (ना0) नेत्रा मेती ने बताया कि पालमपुर उपमंडल में दिनांक 27 व 28 मार्च को रखी गई वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट प्रशासनिक कारणों के कारण नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि अब पासिंग व ड्राईविंग टैस्ट दिनांक 21मार्च को प्रातः दस बजे से सायं पांच बजे तक होंगे।

# पेड न्यूज पर एमसीएमसी रखेगी नजर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हो गई है। निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला में गठित सभी समितियां ने अपना कार्य शुरू कर दिया है। निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी राजनीतिक दल अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार लोकसभा चुनाव में पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखने के लिए जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) गठित कर दी गई है। मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी ने आचार संहिता लागू होते ही अपना कार्य शुरू कर दिया है। यह जानकारी उपायुक्त ने रविवार को आयोजित एमसीएमसी बैठक की अध्यक्ष अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि एमसीएमसी सभी समाचार पत्रों, रेडियो, टीवी, ई-पेपर, बल्क मैसेज व सोशल मीडिया प्रकाशित व प्रसारित होने



बैठक के दौरान डीसी जतिन लाल अधिकारियों को चुनाव संबंधी आदेश जारी करते हुए।

वाले विज्ञापनों व समाचारों पर कड़ी नजर रखेगी। विज्ञापन देने के लिए उम्मीदवार की ओर से जिला स्तरीय एमसीएमसी से प्री-सर्टिफिकेशन प्राप्त करना अनिवार्य है।

बैठक में एसडीएम विश्वमोहन देव चौहान, प्रो. स्वर्ण सिंह, एनआईसी साहिल, संवाददाता दैनिक ट्रिव्यून राजेश शर्मा, जिला लोक सम्पर्क अधिकारी मीना बेदी तहसीलदार निर्वाचन सुमन कपूर व नायब तहसीलदार अजय शर्मा, राजनीतिक दलों से बीजेपी के राजकुमार पठानिया व विनय शर्मा, कांग्रेस से एडवोकेट सुनील कुमार चोलिया व मुकेश कुमार व आदि उपस्थित रहे।

**विज्ञापन के लिए उम्मीदवार को प्री-सर्टिफिकेशन प्राप्त करना अनिवार्य**

**जिले में गठित सभी समितियों ने अपना कार्य करना किया शुरू**

## रिटर्निंग अधिकारी पेड न्यूज का उम्मीदवार को भेजेंगे नोटिस, उत्तर देना होगा अनिवार्य

**डीसी** ने बताया कि यदि कोई भी उम्मीदवार पेड न्यूज को किसी भी मीडिया में लगवाता है या प्रकाशित करवाता है, तो रिटर्निंग अधिकारी की ओर से संबंधित उम्मीदवार को नोटिस भेजा जाएगा, जिसका उम्मीदवार को निर्धारित अवधि के भीतर उत्तर देना अनिवार्य होगा। उम्मीदवार के उत्तर पर जिला स्तरीय एमसीएमसी निर्णय लेगी। डीसी ने बताया कि पेड न्यूज घोषित होने पर उम्मीदवार के चुनाव खर्च में इसे शामिल किया जाएगा। उन्होंने एमसीएमसी कमेटी को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की पेड न्यूज या शिकायत आने पर कमेटी तुरंत अपनी कार्रवाई करे। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से भी कहा कि प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, सोशल मीडिया में विज्ञापन प्रमाणीकरण के लिए तीन दिन पूर्व एमसीएमसी को आवेदन करना प्रस्तुत करें।

# पनोह स्कूल में विज्ञान और गणित इंग्लिश मीडियम में उपलब्ध

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राजकीय उच्च विद्यालय पनोह में स्कूल प्रबंधन समिति, अध्यापक गण, गांव के बुद्धिजीवी तथा ग्राम पंचायत प्रधान सहित एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चर्चा हुई कि आगामी वर्ष 2024 25 में स्कूल में बच्चों की संख्या कैसे बढ़ानी है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए विचार-विमर्श किया गया।

बुद्धिजीवियों ने सुझाव दिया की कक्षा 6 से 10वीं तक गणित और विज्ञान के विषय अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई जाएं जिस पर स्कूल प्रशासन सहित सबने अपनी सहमति जताई। पठन पाठन को और मजबूत बनाने के लिए भी योजना बनाई गई जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया।

विद्यालय के मुख्य अध्यापक बाल कृष्ण सैनी ने कहा की बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए जनता का सहयोग अति जरूरी है। हम अपनी ओर से तन मन धन से प्रयास करेंगे विज्ञान अध्यापक ओमप्रकाश धीमान ने भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संबंध में अपने विचार रखें।

पंचायत प्रधान कमलेश ने कहा की बच्चों के हित के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दूंगा और हर कार्य में मेरा सहयोग रहेगा।

प्रबंधन कमेटी के प्रधान कुलदीप ने कहा की छठी से इंग्लिश मीडियम करना एक बहुत ही अच्छा कदम है हमारा स्टाफ मेहनती है इस अवसर पर पंचायत के उप प्रधान राकेश कुमार बीडीसी सदस्य राजकुमार तथा 65 अभिभावकों ने भी भाग लिया सभी उपस्थित जनों ने एक ही नारा दिया की हम सब ने ठाना है अपने स्कूल को श्रेष्ठ बनानाहै।



बैठक के दौरान स्कूल प्रबंधन समिति, अध्यापक गण व गांव के बुद्धिजीवी।

# देश राज बने हिमुडा कॉलोनी के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, ऊना**

रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन हिमुडा कॉलोनी रक्कड़ ऊना के चुनाव रविवार को संपन्न हुए, इसमें प्रधान पद के लिए देश राज शर्मा को चुना गया, इसमें रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के लगभग 200 सदस्यों ने भाग लिया जिसमें केवल एक ही नामांकन किया गया था इसलिए देश राज शर्मा निर्विरोध चुने गए, परंतु सचिव के पद के लिए कोई भी नामांकन सही न पाए जाने के कारण चुनाव नहीं हो सका। जिसके लिए आगामी समय में प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा।

रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी कॉलोनी के सुधार के लिए कार्य करती है यह कॉलोनी हिमुडा के अंतर्गत आती है जिसमें सभी



नवनियुक्त अध्यक्ष देश राज को सम्मानित करते हुए कॉलोनी सदस्य।

निर्माण कार्य हिमुडा के सहयोग से रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी की मदद से संपन्न होते हैं। जब से यह कॉलोनी अस्तित्व में आई है इस तरह के चुनाव होते रहे हैं यह प्रक्रिया हर 2 वर्षों के बाद पूरी की जाती है तथा इसमें निर्वाचित सदस्य कॉलोनी के सुधार कार्यों में अपना योगदान देते हैं।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान सर्वजीत ठाकुर, आरएस जसवाल, पूर्व महासचिव परमजीत, सतीश ओहरी, वीरेन्द्र ठाकुर, मंजू वर्मा, नीना अग्निहोत्री, नीना सैनी, नीता शर्मा, विवेक जसवाल, जय गोपाल, राजेश चब्बा एवं देवेन्द्र चंदेल सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# सैनिक स्कूल परीक्षा में शौर्य ने झटका देश में 21वां स्थान

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

सैनिक स्कूल परीक्षा में गोंदपुर बनेहड़ा के शौर्य ठाकुर ने देश में 21 वां स्थान हासिल किया है। उन्होंने गणित में पूरे अंक के साथ 300 में से 286 अंक हासिल किए है। इसके साथ उन्होंने हिमाचल प्रदेश में सबसे ज्यादा अंक हासिल किए है।



शौर्य ठाकुर।

अब उन्हें राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल बेंगलुरु में साक्षत्कार दौर के लिए चयनित किया गया है। शौर्य ने बताया कि उन्हें सैनिक स्कूल परीक्षा के लिए उनके नाना सतपाल कंवर ने प्रेरित किया था और कड़ी मेहनत और माता-पिता के मार्गदर्शन से उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई है। शौर्य के पिता और माता रुचि कंवर ने कहा कि उन्हें गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि दादा स्व. बलदेव सिंह और दादी स्व. कांता देवी के आशीर्वाद से शौर्य इस मुकाम तक पहुंच पाया है। ताया डॉ. करनैल सिंह ने कहा कि अपनी कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है।

# कुटलैहड़ में भाजपा का जनसंपर्क अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा मंडल द्वारा लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को समर्थन में जन संपर्क अभियान की शुरूआत कुटलैहड़ की ढयुग्ली पंचायत के कोहड़रा से शुरू करके बुधान पंचायत से होते हुए लाठियानी तक पहुंची। इस जन संपर्क यात्रा में राज्य भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व में मंत्री रहे विरेंद्र कंवर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जन संपर्क अभियान में बैठकों के दौरान पूर्व मंत्री बिरेंद्र कंवर ने मोदी सरकार के दस वर्षों के




कुटलैहड़ में भाजपा नेता वीरेंद्र कंवर और भाजपा कार्यकर्ता।

कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई।कंवर ने राज्य की सुक्खू सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार का डेढ़ वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हुआ पर दस गारंटियों का क्या बना।

कंवर ने कहा कि एक वर्ष के कार्यकाल में राज्य की हर महिला का 23 हजार का नुकसान हुआ है। हिमाचल प्रदेश में 23 लाख महिलाएं है और जो 18 वर्ष की आयु से 60 वर्ष की आयु तक है और चालू वर्ष करोड़ों की देहनदारी सुक्खू सरकार की हो गई है।

# सब जूनियर नेशनल में खेलेंगी बॉक्सर हितैषी

**ऊना।** जिला से संबंध रखने वाली बॉक्सर खिलाड़ी हितैषी नाहर का चयन सब जूनियर नेशनल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। हितैषी अपनी बॉक्सिग का प्रशिक्षण अजीत बॉक्सिग क्लब ऊना में प्राप्त करती है। बॉक्सिग की नेशनल प्रतियोगिता का आयोजन 18 मार्च से 25 मार्च को यूपी के नोएडा में होगा, खिलाड़ी ने अपनी सिलेक्शन पर अपने माता-पिता के योगदान को सराहा और अपनी सिलेक्शन का श्रेय अपने कोच को दिया।हितैषी नाहर नेशनल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर अपने जिला और अपने प्रदेश का नाम रोशन करना चाहती है।



# चुनावी बांड बड़ा घोटाला : विकास

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस स्टेट ह्यूमन राइट एंड लीगल सैल के महासचिव वरिष्ठ अधिवक्ता विकास कश्यप ने कहा कि इलेक्टोरल बांड किस प्रकार जबरन उगाही का धंधा बना इसपर से अब पर्दा उठ गया है। केंद्र सरकार के इस कार्यकाल का सबसे बड़ा घोटाला इलेक्टोरल बांड ही है। उन्होंने कहा कि इसमें यह भी जांच होनी चाहिए कि कहीं इलेक्टोरल बांड से एकत्रित किया गया धन विपक्ष को निपटाने के लिए इस्तेमाल तो नहीं होता रहा।

विकास कश्यप ने कहा कि एसबीआई द्वारा जारी की गई जानकारी से स्पष्ट हो रहा है कि किस प्रकार कई शेल कंपनियां भी इलेक्टोरल बांड के माध्यम से पाक-साफ बनी रहीं। यही नहीं बल्कि कई कंपनियां तो ऐसी हैं जिन्हें इलेक्टोरल बांड खरीदने के बाद कई मलाईदार काम मिले। नए युग में नए भ्रष्टाचार को नए तरीके से करने का नाम ही इलेक्टोरल बांड है। इस प्रकरण की हाई पावर कमेटी का गठन कर गहनता से जांच होनी चाहिए। इससे साफ हो गया है कि लोकतंत्र को किस तरह धनतंत्र से चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार वैसे भी उन सरकारों को तंग कर रही हैं जो गैर भाजपाई हैं। हिमाचल प्रदेश इसका ताजा उदाहरण है।



एडवोकेट विकास कश्यप व अन्य जानकारी देते हुए।

## धर्म-कर्म

## हटली श्री राम कथा में प्रभु श्री राम और माता सीता का हुआ स्वयंवर

# माता सीता का पतिव्रत धर्म हर महिला के लिए शिक्षा : सुमन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के श्री राम नाटक क्लब हटली में कल रही श्री राम कथा के पंचम दिवस पर प्रभु श्री राम और माता सीता का स्वयंवर हुआ। प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने कहा कि जब सीता स्वयंवर में कोई योद्धा धनुष को नहीं उठा सका, तो मुनि विश्वामित्र ने प्रभु श्री राम जी को धनुष उठाने के आदेश दिया और श्री राम जी ने धनुष तोड़कर माता सीता के साथ शादी की।

कथा व्यास ने कहा कि कुछ समय बाद जब राजा दशरथ में सभा में प्रभु श्री राम जी को अयोध्या का राजा बनाने की इच्छा जाहिर की और दूसरे दिन राजा बनाने की घोषणा की, तो कैकेई की सेविका मंथरा द्वारा प्रभु श्री राम जी को राजा के बदले वन भेजने की योजना बनाई।



आचार्य डॉ. सुमन शर्मा।

यह सब प्रभु इच्छा से ही हो रहा था। क्योंकि अगर प्रभु श्री राम जी को अयोध्या का राजतिलक मिल जाता, तो फिर रावण आदि राक्षसों का संहार किस प्रकार होता और प्रभु ने अपनी माया को मंथरा में प्रवेश करके रानी कैकेई को दो बार मांगने के लिए प्रेरित किया।

कथा व्यास ने कहा कि जब रानी कैकेई ने राजा दशरथ से बर मांगे, तो पहले बर में बेटा भरत को अयोध्या का राज और दूसरे वर में प्रभु श्री राम जी को राजतिलक। वहीं प्रभु श्री भाई लक्ष्मण माता सीता सहित 14 वर्षों के लिए बन चले गए। उन्होंने कहा कि श्री राम नाम ही मनुष्य को भाव सागर पार लगाता है, इसलिए हर प्राणी को श्री राम नाम का जाम करना चाहिए।

इस मौके पर क्लव के निदेशक बिपन साजन, प्रधान सुरेंद्र हटली, महिला बिग की अध्यक्ष ज्योति वर्जाता, हंसराज वर्जाता अंकुश बरजाता, कोषाध्यक्ष, सुरेश शर्मा, महासचिव, कामलदेव शास्त्री, मदन गोपाल आदि मौजूद रहे।



जैसे मोरों में शिखा और नागों में मणि का स्थान सबसे ऊपर है, वैसे ही वेदांग और शास्त्रों में गणित का स्थान सबसे ऊपर है।
–महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन

## संपादकीय

# हिमाचल में बढ़ती ऑनलाइन ठगी चिंता का सबब

हिमाचल में आए दिन ऑनलाइन ठगी के मामले उजागर हो रहे हैं। चिंता का विषय यह है कि पढ़े–लिखे लोग भी ठगों के झांसे में आ जा रहे हैं। पैसों के लेन–देन का स्वरूप बदलने के साथ ही ठगों ने ठगी के तरीके भी बदले हैं। जल्दी अमीर बनने के चक्कर में लोग अक्सर अपनी जमा पूंजी भी गंवा दे रहे हैं। पैसा कमाने के शॉर्ट कट लागों पर भारी पड़ रहे हैं। हिमाचल में ऑनलाइन ठगी का सबसे चर्चित मामला पूर्व डीजीपी आईडी भंडारी के साथ पेश आया था। ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी से खरीदारी के दौरान पूर्व डीजीपी के खाते से शातिरों ने करीब 80 हजार रुपए उड़ा लिए थे। दरअसल, पूर्व डीजीपी ने ऑनलाइन शॉपिंग की और प्रोडक्ट से असंतुष्टि के बाद गूगल पर संबंधित वेबसाइट का नंबर सर्च किया। जैसे ही गूगल पर नंबर आया, तो उन्होंने नंबर पर संपर्क किया। इसके बाद साइबर अपराधियों की नजर पूर्व डीजीपी पर आ गई। अपराधियों ने उन्हें झांसा देकर एक ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा। ऐप डाउनलोड करने के बाद पूर्व डीजीपी ने शातिरों के साथ ओटीपी भी साझा कर दिया। इसके बाद अपराधियों ने उनके अकाउंट से दो अलग–अलग ट्रांजेक्शन में 80 हजार रुपए उड़ा लिए। वैसे ऑनलाइन ठगी के ज्यादातर मामले उपभोक्ताओं की लापरवाही की वजह से ही सामने आते हैं। साइबर बिना सोचे–समझे न तो अपने मोबाइल फोन में कोई ऐप डाउनलोड करें और न ही अपना ओटीपी किसी के साथ साझा करें। बिना ओटीपी साझा किए अकाउंट में सेंधमारी नहीं की जा सकती है। कैश ऑन डिलीवरी कैंसिल कराने के नाम पर ठगी बहुत ज्यादा हो रही है। इसमें ठग लोगों की डिटेल चुराकर किसी ऑनलाइन कंपनी का डिलीवरी बॉय बनकर कॉल करते हैं। उस व्यक्ति ने ऑर्डर नहीं किया होता ऐसे में वह इसे लेने से मना करता है। इस पर ठग कहते हैं कि ऑर्डर कैंसिल करना होगा। इस प्रोसेस के दौरान एक ओटीपी आने की बात कही जाती है। ओटीपी बताते ही खाते से पैसे निकल जाते हैं। ऐसी ठगी से बचने का तरीका यही है कि अगर आपने कोई बुकिंग नहीं की है और कोई इस तरह कॉल कर सामान बुक करने की बात कहे तो साफ मना कर दें। बार बार कॉल करके सामान लेने को कहा जाए, तो उससे ऑर्डर आईडी मांगें और उक्त कंपनी कस्टमर केयर से क्रॉसचेक करें। ईएमआई सैटल कराने के नाम पर भी ठगी की जाती है। लोन डिफॉल्ट के मामले में भी जालसाजों ने ठगी का तरीका ढूंढ निकाला। इसके तहत ठग ऐसे लोगों को कॉल करते हैं जिनका लोन डिफॉल्ट हो चुका है। कॉल पर ये लोग लोन को कम अमाउंट में सैटल कराने का झांसा देते हैं और सैटलमेंट प्रोसेस के लिए एडवांस पैसा जमा कराने के नाम पर ठगी करते हैं। कई मामलों में ये लोग डिफॉल्टर को पुलिस अधिकारी बनकर कॉल करते हैं और कानूनी कार्रवाई करने की धमकी देकर भी ठगते हैं। इस तरह की ठगी से बचने के लिए सबसे पहले लोन सैटलमेंट के लिए खुद ही बैंक से संपर्क करें। अगर कोई एग्जीक्यूटिव आपको ऐसा झांसा देता है तो उससे बैंक के लेटरहेड पर सैटलमेंट स्कीम या सैटलमेंट लेटर मंगाएं। बिना ओटीपी सिर्फ मिस्ड कॉल के जरिए भी ठगी हो जाती है। पीड़ित को समय रहते ठगी का पता भी नहीं चलता। दरअसल, इसमें जालसाज अपने टारगेट को दो–तीन बार मिसकॉल करते हैं। इसके बाद अचानक उस शख्स के फोन से मोबाइल सिग्नल चला जाता है। इसी दौरान ठग रुपए उड़ाते हैं। इस तरह की ठगी सिम स्वैपिंग की जरिए हो रही है। इसमें मिस कॉल करने के बाद ठग आपके नंबर का डुप्लिकेट सिम निकलवा लेते हैं और उस सिम को अपने फोन में लगाते हैं। डुप्लिकेट सिम निकलते ही आपका सिम बंद हो जाता है। इसके बाद आपके सारे ओटीपी का एक्सेस ठगों के पास होता है और वह आपको चपत लगाता है। इस तरह की इससे बचने के लिए यदि मोबाइल फोन में सिग्नल न आए तो अलर्ट हो जाएं। कभी भी एक नंबर से बार–बार मिस कॉल आए तो तुरंत उस नंबर को ब्लॉक कर दें। ठगों से बचने के लिए जागरुकता ही बचाव है। सतर्क रहें और सावधानी बरतें।

# नागरिकता संशोधन कानून पर यूएन-अमेरिका का विरोध बेवजह

हजारों–लाखों लोगों का वह अह्लादित कर देने वाला रुदन, जो वर्षों से अनवरत न्याय के लिए चीत्कार रहा था। पूछ रहा था कि हमें किस लिए सजा दी गई है? देश का विभाजन तुमने किया, इसमें हमारा क्या दोष था? कहना होगा कि उन सभी की हृदय वेदना को कई दशक बीत जाने के बाद अब जाकर न्याय मिला है। भारत में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू किया जाना जैसे उनकी वर्षों की तपस्या का परिणाम है। हालांकि इस कानून के लागू होने से यह तो पहले से तय था कि देश में कुछ विरोध के स्वर जरूर उठेंगे, किंतु विदेशों में भी इसके विरोध की होड़ लगेगी, इसका इतना अंदाजा किसी को नहीं था। कम से कम यूएन और अमेरिका से तो यह उम्मीद नहीं की जा सकती थी।

आश्चर्य है यह जानकर कि जिन्हें भारत और भारत में लागू इस कानून से दूर–दूर तक कोई मतलब नहीं, वह भी भारत की मोदी सरकार और उसके इस निर्णय की बिना गहराई में जाए आलोचना कर रहे हैं। सबसे ज्यादा संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और अमेरिका से शासन स्तर पर आई प्रतिक्रिया परेशान करती हैं, क्योंकि अभी कुछ दिन पहले ही भारत और अमेरिका के बीच होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग (एचएसडी) को पूरा किया गया। इसमें अमेरिका ने भारत की भरपूर प्रशंसा की। यही स्थिति यूएन की है, जहां वह इस बात को कई अवसरों पर स्वीकार्य कर चुका है कि वास्तविक लोकतंत्र और पंथनिरपेक्षता यदि देखनी है तो तमाम विविधताओं के बाद भी एकता के लिए भारत से अच्छा कोई उदाहरण नहीं है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी यूएन प्रशंसा कर रहा था। यूएन भारत की आलोचना तो कर रहा, लेकिन नहीं बता रहा है, कैसे सीएए गलत है। वस्तुत: अब अचानक ऐसा क्या हो गया जो संयुक्त राष्ट्र को लगने लगा है कि भारत का सीएए कानून 'मौलिक रूप से भेदभावपूर्ण प्रकृति' वाला है! आज संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त की ओर से बोला गया है, 'हम भारत के नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 (सीएए) को लेकर चिंतित हैं, क्योंकि यह मूल रूप से भेदभावपूर्ण प्रकृति का है, साथ ही यह भारत के अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों का उल्लंघन करता है। अब देखिए, यूएन यहां भारत को इस कानून को लागू करने के लिए कठघरे में तो खड़ा कर रहा है, किंतु यह नहीं बता रहा है कि कैसे भारत का यह नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) किसी के मानवाधिकारों का उल्लंघन करता है?



लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
हिंदुस्थान समाचार

क्या संयुक्त राष्ट्र (यूएन) अंतरराष्ट्रीय संगठन की स्थापना 78 साल पहले 1945 में इसलिए ही की गई थी कि जो राष्ट्र नियमों का पालन करें, विश्वकल्याण में विश्वास करें, उन्हें दबाते रहना है। फिर वह वैचारिक रूप से हो या किसी अन्य प्रकार से। आज यूएन के कल्याणकारी उद्देश्यों को पढ़कर नहीं लगता है कि वह भारत के संदर्भ में इस तरह का वक्तव्य देगा। देखा जाए तो यूएन आज 'सीएए' पर भारत को घेरने का जो आधार ले रहा है, वह पूरी तरह से अनुचित है, क्योंकि इस कानून को लाने के पीछे जो पृष्ठभूमि रही है, उस पर यूएन को पहले गहन चिंतन एवं शोध करना चाहिए था, फिर जाकर अपनी प्रतिक्रिया देता तो अच्छा रहता। यूएन भूल गया, भारत ने पंथ निरपेक्षता स्वैच्छा से चुनी है। यूएन को भारत के संदर्भ में यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि स्वाधीन भारत ने अपने लिए लोकतंत्र का रास्ता चुना, जिसमें सभी के लिए स्थान समान रूप से रहा। पंथ निरपेक्षता भारत की विशेषता बनी, लेकिन दूसरी ओर भारत से ही अलग हुए पाकिस्तान ने अपने लिए इस्लामिक गणराज्य बनने का रास्ता चुना, जिसमें जो अल्पसंख्यक रहे, वे आज भी रो रहे हैं।

जो शरणार्थी भारत आए, वे क्या अभी अचानक से यहां आ गए हैं? माना कि भारत सरकार यह 'सीएए' उनके लिए लेकर आ गई, लेकिन क्या इससे पहले नियमानुसार अनुमति लेकर समय–समय पर मुसलमान एवं अन्य जो भी लोग एक बड़ी संख्या में दूसरे देशों से भारत आए और उन्होंने नागरिकता लेनी चाही तो क्या भारत सरकार ने उन्हें वह नागरिकता अभी तक प्रदान नहीं की है? जो नियमों में चलता है, उसके लिए भारत में हमेशा नागरिकता के द्वार खुले रहते हैं। सोचिए, क्या इस इतिहास को यूएन नहीं जानता है। समझने के लिए यहां दो विषय हैं, एक–भारत विभाजन के समय से लगातार चलने वाली पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान में अल्पसंख्यकों की दयनीय स्थिति, उनके बीच व्याप्त भय, कन्वर्जन और मौतें। दूसरा, पिछले 78 साल में भारत में आए मुसलमान और उनको दी गई भारतीय नागरिकता। आप देखेंगे कि जिन्होंने भी भारत की नागरिकता के लिए नियमों का पालन किया, उन्हें सदैव भारत सरकार नागरिकता देती आई है। इसमें पाकिस्तान समेत बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भी कई मुसलमान भारत आए हैं। ऐसे में यूएन को यह समझना चाहिए कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) किसी भी देश के द्वारा दी जाने वाली नियमित नागरिकता से पूरी तरह भिन्न है।

वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र में 193 राष्ट्र सम्मिलित हैं। इसकी संरचना में महासभा, सुरक्षा परिषद, आर्थिक और सामाजिक परिषद, सचिवालय, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय और संयुक्त राष्ट्र न्यास परिषद सम्मिलित हैं। एक तरह से आप इसे वैश्विक न्याय संस्था भी कह सकते हैं। किंतु आप देखिए, यह दुनिया की न्याय बॉडी कैसे भारत को टारगेट कर रही है? भारत में घटी छोटी–छोटी घटनाओं को यहां अनेक बार बहुत बड़ा करके प्रस्तुत किया जाता रहा है। कश्मीर मुद्दे पर यह पाकिस्तान के सामने चुप नजर आती है, जबकि विश्व जानता है कि उसने भारत की 78 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा जमा रखा है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स जैसी तमाम रिपोर्ट्स में जानबूझकर भारत को कमजोर, गलत और अत्याचार करने वाला बताया जाता है, जबकि यह भारत की सच्चाई नहीं है, इस पर यूएन कभी इस प्रकार की झूठी रिपोर्ट तैयार करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और उन देशों को लताड़ नहीं लगाता, जहां भारत को कमजोर तरीके से प्रस्तुत करने का षड्यंत्र होता है। भारत को विश्व भर में बदनाम करने के प्रयास होते हैं।

ह्यूमन राइट वॉच और एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसी जितनी भी भारत के बाहर की अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं हैं, जो कि आज इस सीएए का विरोध कर रही हैं और इसे मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव करने वाला बता रही हैं, तब उनसे इस संदर्भ में यही आग्रह है कि अच्छा हो, वे अपने–अपने देशों में ऐसे सभी लोगों को नागरिकता प्रदान करवाने के लिए प्रयास करें। वैसे भी ये सभी संस्थाएं मानव मूल्यों, अधिकार, संरक्षण, मानवाधिकारों के लिए काम करते रहने का आए दिन दावा प्रस्तुत ही करती हैं। यदि ये सभी संस्थाएं इनके अपने देशों में दया के पात्र सभी मुसलमानों एवं अन्य अल्पसंख्यकों को रखवा पाने में सफल होती हैं तो वास्तव में इससे बड़ी इन संस्थाओं के लिए कौन सी उपलब्धि हो सकती है। इनके नजरिए से यह सच्ची मानव सेवा भी हो जाएगी।

–( ये लेखक के निजी विचार हैं )

## नजरिया

# बजट में युद्धास्त्रों ने ले ली जनकल्याण की जगह

यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है। ज्ञान का विस्फोट हो रहा। इस युग की मान्यता है कि ज्ञान अपने आप में 'सेकुलर' (यानी निर्दोष!) होता है और उसका किसी तरह के मानवीय मूल्य से कुछ लेना–देना नहीं होता है। वह सबकुछ से परे अर्थात निरपेक्ष–निष्पक्ष होता है। कभी ज्ञान को शक्ति का महान स्रोत घोषित किया गया (नोलेज इज पावर!)। वह छवि आज भी विद्यमान है। विद्या के परिसरों में भी मानविकी (ह्यूमेनिटीज), विज्ञान (साइंस) और प्रौद्योगिकी (टेक्नोलोजी) के आगे बेहद फीकी पड़ रही है। आज विज्ञान से बढ़त पाकर कुछ देश शेष विश्व पर नियंत्रण करने में लगे हुए हैं। शायद इसी सोच के साथ परमाणु बम जैसे संहारक अस्त्र–शस्त्र भी बनते गए। आज भी संहार की विभीषिका का अनुभव करने के बाद भी नए–नए ज्यादा से ज्यादा संहार शक्ति वाले अस्त्र–शस्त्र बनाने की होड़ लगी हुई है। अब छोटे–बड़े सभी देश अपने बजट में जनकल्याण की जगह युद्धास्त्रों के मद पर सबसे ज्यादा खर्च कर रहे हैं।



लेखक : गिरीश्वर मिश्र
हिंदुस्थान समाचार

आज दुनिया में दो घोषित युद्ध चल रहे हैं जिनके आयोजन में विकसित दुनिया के बड़े–बड़े देश शामिल हैं। इन युद्धों में जीवन और संपदा की हो रही भीषण तबाही का भयानक मंजर सभी देख रहे हैं। यह तब हो रहा है जब दुनिया विश्वयुद्ध में बड़े पैमाने हो चुके संहार की साक्षी रही है। इस तरह के घटना चक्र के पीछे की ज्ञान दृष्टि बेमानी सिद्ध हो रही है। किंतु प्रबल उपभोग वृत्ति के आकर्षण और बाज़ार पर अधिकाधिक प्रभुत्व स्थापित करने के तीव्र दुराग्रह के बीच हमें कुछ भी दिख नहीं है। आज पृथ्वी समेत पूरी प्रकृति और सारी मनुष्यता के भविष्य पर भीषण खतरा मंडराता दिख रहा है। हमारी वैज्ञानिक ज्ञान दृष्टि की एक सीमा यह भी उभर रही है कि हम इस स्थिति में निरुपाय और विवश बने रहने के लिए अभिशप्त हो चले हैं।

– ( ये लेखक के निजी विचार हैं )

## दोहे

### सुखी वही परिवार

*सौम्य नारी है जहां, सुखी वही परिवार।*
*मीठा–मीठा बोलती, बरसे नेह अपार।।*
*मर्यादा को पाल कर, करें मधुर व्यवहार।*
*दुख–सुख में साथी बने, सुखी वही परिवार।।*
*साथी संकट में बने, देते अपनी जान।*
*यह अच्छे परिवार की, होती है पहचान।*
*सच्चे मन से मानिए, मात–पिता भगवान।*
*सेवा से पूजा करे, भली वही संतान।।*
*बेटा–बेटी को सदा समझे एक समान।*
*होता है घर स्वर्ग सा, आ बसते भगवान।।*
*रहें सभी बस प्रेम से, बरसे स्नेह अपार।*
*मान बड़ों का हो जहां, सुखी वही परिवार।।*
*गंगा बहती प्रेम की, बनता घर गुलजार।*
*राम सरीखा पति बने, सीता जैसी नार।।*
*मेरा मेरी छोड़ के, थोड़ी में संतोष।*
*करो कमाई नेक की, मिलता 'शिव' परितोष।।*



शिव सन्याल
जवाली (कांगड़ा)

# भारतीय जनतंत्र पूर्वजों के सचेत कर्मों का प्रसाद, देश में एक साथ हों चुनाव

एक साथ चुनाव पर विचार करने वाली समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक हो गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में इस मुद्दे पर अध्ययन करने के लिए एक समिति बनाई गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है। एक साथ चुनाव का विषय देश के हित में है, लेकिन इस रिपोर्ट की सिफारिशों का विरोध भी हो रहा है। बताया जाता है कि यह रिपोर्ट 18000 पृष्ठ की है। इसे ठीक से पढ़े जाने और तथ्यों के विवेचन का काम बड़ा है। विरोध करने वाले भी संभवत: इस रिपोर्ट को पूरी तरह से पढ़े बिना ही अपने निष्कर्ष निकाल रहे हैं। भारतीय जनतंत्र पूर्वजों के सचेत कर्मों का प्रसाद है। यहां सभा समितियां तो ऋग्वैदिक काल में ही थीं।

संविधान निर्माताओं ने ब्रिटिश तर्ज का संसदीय जनतंत्र अपनाया। अनेक संवैधानिक संस्थाएं गढ़ीं। केंद्रीय स्तर पर संसद बनी। केंद्र को संसद के प्रति जवाबदेह बनाया। राज्य सरकारें विधान मंडलों के समक्ष जवाबदेह बनीं। संसद व विधान मंडल के चुनाव के लिए निष्पक्ष निर्वाचन आयोग (अनुच्छेद 324) बना। संविधान सभा में निर्वाचन आयोग के कृत्यों पर बहस हुई। आयोग को कर्मचारी अधिकारी देने का प्रश्न उठा। डॉ. अंबेडकर ने कहा 'आयोग के पास कम काम होगा।' शिब्बन लाल सक्सेना ने कहा कि, 'संविधान में निर्धारित नहीं है कि अमेरिकी तर्ज पर यहां 4 वर्ष में निर्वाचन अवश्य होगा। संभव है कि केंद्र व राज्यों के निर्वाचन एक साथ न हों। तब हर समय कहीं न कहीं निर्वाचन होता रहेगा।' उनकी आशंका सच निकली। भारत चुनाव व्यस्त देश है। कभी लोकसभा चुनाव तो बहुधा राज्य विधानसभाओं के निर्वाचन। त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव व नगर निकाय निर्वाचन भी अकसर होते रहते हैं। नीति आयोग ने लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इसी विचार के हैं। 2014 के चुनाव में भाजपा ने भी घोषणा पत्र में यही विचार व्यक्त किया था। लगातार चुनाव व्यस्तता राष्ट्रीय विकास में बाधा है। अलग–अलग चुनाव से प्रशासनिक तंत्र की व्यस्तता बनी रहती है। चुनावी आचार संहिता के कारण विकास कार्य रुकते हैं। अरबों का खर्च भी होता है। साथ–साथ चुनाव का विचार स्वागत योग्य है। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से अपील की थी। कहा था, 'एक साथ चुनाव से दलों का नुकसान होगा। हमें भी नुकसान होगा, लेकिन इसे संकीर्ण राजनीतिक दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए।'



लेखक : हृदयनारायण दीक्षित
यूपी विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष

सभी राजनीतिक दलों को खुले मन से विचार करना चाहिए। लोकसभा, विधानसभा के साथ पंचायती व संस्थाओं के चुनाव पर भी। सभी एक साथ नहीं तो विधानसभा के साथ पंचायतों व नगर पंचायतों के चुनावों को जोड़कर विचार करना चाहिए। कहीं न कहीं से शुरुआत तो करनी ही होगी। हर समय चुनाव ही चुनाव का तनाव समाज नहीं झेल सकता और न ही चुनाव संचालन में खर्च होने वाली भारी धनराशि का बोझ ही। आमजन भी ऐसी राजनीति से ऊबे हुए हैं, इसलिए राजनीति को दीर्घकालिक राष्ट्रनिर्माण के लक्ष्य से जोड़ना चाहिए। – ( ये लेखक के निजी विचार हैं )

# बुजुर्गों को वृद्धाश्रम में छोड़ श्वानों को पाल रहा इंसान

बुजुर्ग किसी भी परिवार, समाज, देश की वे अमरबेल होते हैं, जो वर्तमान पीढ़ी को अपने जीवन के हर अनुभव से सिंचित करते हैं। सामाजिक संरचना को ध्वस्त करता आज का समाज पलायनवादी, एकल परिवार प्रणाली, प्रवासन, परिवार के विघटन, बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए बुजुर्गों की अनदेखी कर, तीव्र गति से आगे बढ़ता हुआ इस अमूल्य धरोहर को वृद्धाश्रमों में धकेल रहा है। यही सामाजिक कारण आज देश भर में वृद्धजनों को इस परिवेश में जीने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

भारत में 1 जुलाई 2022 तक 14.9 करोड़, जो कि कुल आबादी का 10.5 प्रतिशत है, बुजुर्ग थे, जो कि 2050 तक 34.7 करोड़ वृद्धजन जो कुल आबादी का 20.8 हो जाएगा। अत्याधुनिक पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति, मानसिकता में विकार, स्वार्थपन से परिपूर्ण सोच के कारण आज के परिदृश्य में घर पर एक श्वान को पालने व बुजुर्ग को दो वक्त की रोटी खिलाना बोझ समझती है। पिटबुल जैसे कुत्ते की आदमखोर प्रजाति को घर पर रखना शौक, तो बुजुर्ग के सही मार्गदर्शन, रोक–टोक को सहन नहीं कर सकती। वहीं, बुजुर्ग अपने ही घर पर एक कोने में अपनी अस्मिता को ढूंढ रहे हैं, तो दूसरी तरफ एकल परिवार के रूप में बेटा–बहू ऐश्वर्यपूर्ण वातानुकूलित कारों में शीशे से बाहर मुंह निकालते श्वान को घुमाने में अपनी शान समझ रहे हैं। जिन मां–बाप ने अपने खून–पसीने की कमाई से बच्चों को पढ़ाया–लिखाया, वहीं आज शिक्षित, आजाद होकर उन्हें घर से बाहर निकाल रहे हैं। जब बच्चा शैशवावस्था में मां की गोद में खेल रहा था, तब वह बच्चा घर की खिड़की पर बैठे कौवे को अंगुली से दिखाकर अपनी मां से बार–बार इशारा करता है। तब मां बच्चे को बोलती है, बेटा यह कौवा है, उस माता को बार–बार अपने बच्चे को यह बताने पर तनिक भी गुस्सा नहीं आया था। आज वही बेटा बड़ा हो गया, अब बूढ़ी मां पूछती है बेटा बच्चे और बहू कैसे हैं, तो एक बार पूछने पर बेटा गुस्सा करके उस मां को हेय दृष्टि से देखकर धैर्यहीन होकर मारने के लिए आतुर हो जाता है। यही बदलाव सामाजिक ताने–बाने व परिवारों के विखंडन का कारण भी है। आज मंदबुद्धि बेटा अपनी पत्नी व बच्चों के साथ खुश है, लेकिन वह आज इस बात से बिलकुल अनभिज्ञ है कि समय का चक्कर रुकता नहीं है। वह सदैव परिवर्तनशील है।

आज अपने मां–बाप को वह बच्चों के समक्ष तिरस्कृत कर तरसा रहा है, डांट–फटकार रहा है, लेकिन एक समय बाद वह भी जब बुजुर्ग होगा, तब यह दोहराव उसके बेटों–बहू द्वारा उनके साथ भी किया जाएगा। संस्कार विहीन इंसान चाहे बहुत बड़े पद को प्राप्त कर ले, लेकिन वह अच्छा इंसान कभी भी नहीं बन सकता। हम अपने–अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी बनाना चाहते हैं, लेकिन एक अच्छा इंसान बनाना भूल जाते हैं। हम एक अच्छे इंसान का निर्माण करते हैं, तो फिर हर क्षेत्र में ऊंचा पद प्राप्त व्यक्ति एक अच्छा डॉक्टर, अच्छा इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी, अच्छा बेटा, अच्छा पिता, अच्छी माता सिद्ध होंगे।



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

भारतीय समाज में यह एकाकी बदलाव बहुत तेजी से प्राप्त हो रहा है। तरक्की के रास्ते में अपने बुजुर्ग मां–बाप को अवरोधक व एक वस्तु के रूप में आज के बच्चे प्रस्तुत कर रहे हैं। एक सप्ताह पूर्व का ताजा उदाहरण हरियाणा के पंचकूला क्षेत्र की वारदात से ले सकते हैं। जहां सेना के प्रतिष्ठित कर्नल रैंक से सेवानिवृत्त अधिकारी व उनकी पत्नी घर पर नौकर के भरोसे अपना जीवन–यापन कर रहे थे। इस दंपती के ऊपर पूर्व नौकर द्वारा अपने साथियों सहित कातिलाना हमला कर कर्नल साहब की पत्नी को घटनास्थल पर ही मौत के घाट उतार दिया था। उक्त बुजुर्ग अधिकारी जीवन और मौत के बीच अस्पताल में संघर्षरत है। बहादुर सैन्य अधिकारी, जिन्होंने अपना जीवनकाल सेना को समर्पित कर दिया, वही जीवन के अंत समय की बेला पर बच्चों से दूर एकाकी समय पर एक नौकर के द्वारा इस स्थिति को प्राप्त हुए। जितनी बच्चों को बाल्यावस्था में माता–पिता द्वारा देखभाल की आवश्यकता होती है, उतनी ही हमारे बुजुर्गों को इस अवस्था में देखभाल की आवश्यकता होती है। जहां बच्चा अभी समाजीकरण को प्राप्त करेगा, वही समाजीकरण प्राप्त यह बुजुर्ग अपना सुखपूर्वक, अनुभवजन्य जीवन का अंत। यह यात्रा उस नदी की तरह निरंतर प्रवाहवान है, जिसके रास्ते में कभी बांध नहीं बनाए जाते हैं, अगर बांध बनाए जाते हैं, तो इसके टूटने का रास्ता तबाही और प्रलय लेकर आता है।

इसी तरह से इनकी देखभाल छोड़ इन्हें दुख दिए जाते हैं तो ये इस जीवन को बोझ भरी दृष्टि से महसूस करते हैं। यही अवसाद का कारण बनता है व बहुत से तरसाए गए बुजुर्ग अपने इस जीवन को नष्ट करना चाहते हैं। यह हमेशा याद रहे कि जिस स्थिति से आज हमारे माता–पिता गुजर रहे हैं, यही स्थिति हमारे आने वाले कल की यात्रा की निशानी है। हमें भी इसी तरह से गुजरना है। तब समय कैसा होगा, जीवनयापन की सामाजिक शैली कैसी होगी, यह उसी वक्त स्पष्ट होगी।

–( ये लेखक के निजी विचार हैं )

# युवाओं को दीमक की तरह चाटती 'बेरोजगारी'

बढ़ती बेरोजगारी शिक्षित युवाओं को दीमक की तरह चाटती जा रही है। जनसंख्या के अनुसार रोजगार के अवसर जितने सृजित किए जाने की आवश्यकता है, उतने नहीं हो पा रहे हैं। नतीजतन युवा वर्ग बेरोजगारी की चक्की में पिसकर अपने लक्ष्यों से भटकता जा रहा है। युवा देश की रीढ़ होते हैं, जिन्हें राष्ट्र और समाज के पुनर्निर्माण के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होती है। मगर आजकल की शिक्षा अपने उद्देश्यों पर फिलहाल सही नहीं उतर पा रही है, जिसकी बजह से युवा वर्ग आहत और निराश हो चुका है। ऐसी शिक्षा ग्रहण करने का क्या औचित्य, जो युवाओं को नशे की गर्त में धकेलकर अपराधी बनने के लिए मजबूर कर रही हो।

शिक्षा के दो मूल उद्देश्य होते हैं, जिसमें एक तो शिक्षित बनकर आजीविका से जुड़ना, दूसरा राष्ट्र और समाज के लिए अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभाना। युवाओं को अब जरूरत अत्यधिक नैतिक शिक्षा ग्रहण करने की है, जिसके चलते उनका संपूर्ण व्यक्तित्व विकास संभव हो पाए। आज का युवा सिर्फ किताबों तक ही सीमित होकर खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पा रहा है। भयावह बेरोजगारी की बजह से एक शिक्षित बेरोजगार सिर्फ विरोध–प्रदर्शन करने के लिए मजबूर नहीं हुआ, बल्कि नशों की लत में फंसकर अपने भविष्य से भी खिलबाड़ करता जा रहा है।

चुनावी समर में बेरोजगारी को खत्म करने का एजेंडा हर राजनीतिक दल के मेनिफेस्टो में शामिल होता है। मगर चुनाव के बाद कोई भी राजनीतिक दल अब तक युवाओं से किए गए वादों पर खरा नहीं उतर पाया है। युवाओं के लिए रोजगार अवसर सृजित किए जाने की बजाए सरकारें उन्हें चंद रुपए वेतन भत्ते दिए जाने के नाम पर उनका मजाक उड़ाती रही हैं। चंदे के नाम पर मिलने वाली यह खैरात युवाओं के मनोबल को भी गिरा सकती है, इस पर भी गौर करना होगा।

हिमाचल में बेरोजगार युवाओं का आंकड़ा 12 लाख के करीब पहुंच गया है।



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

सरकार को बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भरकस प्रयास करने की जरूरत है। बेरोजगार युवा नेताओं के हाथ की कठपुतली बनकर अपने भविष्य को दांव पर लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। राजनीतिक दलों ने चुनावों में अपनी नैया पार लगाने के लिए युवाओं को कई पदों पर मनोनीत किए जाने का सिलसिला शुरू कर रखा है। आपराधिक दर में इजाफा हो रहा, तो कहीं न कहीं नेताओं की मिलीभगत का ही नतीजा है। बेरोजगारी से आहत युवा अक्सर नेताओं की चमचागिरी करके रातोंरात धनाढ्य बनने के लिए कई तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। राजनीति की आड़ में ही लोग गैरकानूनी धंधों को अंजाम देकर कानून की खिल्ली उड़ाते जा रहे हैं।

बेरोजगारी से पीड़ित युवा नशीले पदार्थों चरस, चिट्टा, शराब और नशीले कैप्सूल की बिक्री को अपनी आय का प्रमुख साधन बनाते जा रहे हैं। देवभूमि के हालात आज इस कदर बदतर बन चुके हैं कि नशा तस्करी में महिलाएं, लड़कियां और नाबालिग स्कूली छात्राएं भी शामिल हो गई हैं। पहाड़ी बेरोजगार युवा रोजी–रोटी संघर्ष के लिए अब विदेशों में दस्तक देते जा रहे हैं। फर्जी ट्रेवल एजेंट बेरोजगार युवाओं से लाखों रुपए ऐंठकर उन्हें खाड़ी देशों में ट्रेवल बीजा पर धकेलकर चोखी चांदी कूटते जा रहे हैं। बेरोजगारी सिर्फ अकेले भारत में ही नहीं है, बल्कि अन्य देश भी अब इस समस्या से त्रस्त हैं। आर्थिक मंदी की बजह से विदेशों में भी अब रोजगार दिनोंदिन कम होते जा रहे हैं। इसके चलते लोग मानसिक तनाव में रहने को मजबूर हैं। भारत एक कृषि प्रधान देश है, जिसकी अधिकांश जनता गांवों में बसती है। एक समय था, जब लोग कृषि को ही अपनी आजीविका का साधन मानते थे। आज हालात बदल गए हैं, लोग बेरोजगारी से तंग आकर अपनी जमीनें तक बेचकर विदेशों में डेरा लगा रहे हैं।

सरकारें युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाए हुए हैं, लेकिन युवा वर्ग सरकारी नौकरी करने में ही ज्यादा दिलचस्पी रखते हैं। सरकारों को अब बेरोजगारी पर अंकुश लगाने के लिए सरकारी विभागों में खाली चल रहे पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू करके युवाओं को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी होगी।

–( ये लेखक के निजी विचार हैं )

## अपनी बात

**हमारे** देश में गोपूजा की जाती है। गोमूत्र को शुभ कार्यों और कई बीमारियों के इलाज के लिए प्रयोग किया जाता है, लेकिन यहां न तो सरकार और न ही आमजन गाय की सेवा के लिए गंभीर दिखा दे रहे हैं। आमजन में कुछ लोग ऐसे हैं, जो गाय की तब तक सेवा करते हैं, जब तक वह दूध देती है। जब गाय दूध देना बंद कर देती है, तो कुछ लोग उसे बेसहारा छोड़ देते हैं। ऐसे हालात शहरों के साथ–साथ गांवों में भी हैं।

देश के बहुत से राज्यों में सड़कों पर घूमते बेसहारा पशुओं के शिकार लोगों की मौत या घायल होने की खबरें सामने आती रहती हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन इसके लिए गंभीर नहीं है। देश में कुछ राज्यों की सरकारों ने तो गो कल्याण उपकर (सेस) भी लगाए हुए हैं, अगर इस उपकर को राज्य के सभी नगर निगम और अन्य सरकारी संस्थाएं ईमानदारी से गोशालाओं के निर्माण के लिए लगाएं तो अवश्य ही लावारिस गउओं और बैलों से आमजन को होने वाली परेशानी से बचाया जा सकता है। हैरानी की बात यह कि राज्य सरकारें करोड़ों का राजस्व 'गो टैक्स' के रूप में इकट्ठा करती हैं, वहां इस टैक्स के रूप में एकत्रित किया पैसा कहां चला जाता है? क्या यह पैसा भी भ्रष्ट नेताओं, सत्ताधारियों या फिर सरकारी अफसरों की जेब में चला जाता है? –राजेश चौहान

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई–मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# 50 हजार से अधिक नकदी ले जाते समय साथ रखें आवश्यक दस्तावेज

## लोकसभा चुनाव के चलते जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनता को किया सूचित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंबा मुकेश रेपसवाल ने लोकसभा चुनाव 2024 की प्रक्रिया के दौरान जिला वासियों को सूचित किया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 की अवधि के दौरान जिला चंबा में मतदाताओं को धनराशि व शराब का वितरण तथा मतदाताओं को लुभाने के लिए अन्य वस्तु देना या रिश्वत देना दंडनीय अपराध है।

जिसकी निगरानी व रोकथाम के लिए जिला में निर्वाचन अवधि के दौरान सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों में उड़नदस्तों का गठन किया गया है। उन्होंने जन साधारण से अपील की है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 की अवधि के दौरान आवश्यकता पड़ने पर 50 हजार या इससे अधिक नकद राशि ले जाते समय अपना पैन कार्ड व उसकी प्रतिलिपि, व्यवसाय पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि, बैंक की पासबुक या बैंक खाते की स्टेटमेंट जिसमें निकाली गई राशि को दर्शाया गया हो, यदि ले जाई जा रही राशि व्यावसायिक लेनदेन से संबंधित हो तो कैश बुक की कापी तथा ले जाई जा रही नकदी के उद्देश्य से संबंधित प्रमाण दस्तावेज जैसे शादी का कार्ड अथवा अस्पताल में दाखिल होने संबंधी दस्तावेज इत्यादि साथ में अवश्य रखें अन्यथा उड़नदस्तों द्वारा धनराशि को जब्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नकदी या अन्य जब्ती की रिहाई की अपील गिरिजा मनकोटिया जिला कोषाधिकारी चंबा को प्रस्तुत की जा सकती है जिनका मोबाइल नंबर 9773736332 है।

### वोटर्स को डराने पर 1950 नंबर पर करें शिकायत

**चंबा।** उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी चंबा ने लोकसभा चुनाव 2024 की प्रक्रिया के दृष्टिगत जनसाधारण को सूचित किया है कि लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ख के अनुसार यदि कोई व्यक्ति धनराशि या अन्य किसी भी प्रकार का परितोषण प्राप्त करता है या किसी अन्य व्यक्ति को देता है तो ऐसे व्यक्ति को एक वर्ष का कारावास या जुर्माना अथवा दोनों सजाएं हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ग के अनुसार यदि कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या मतदाता को या ऐसे व्यक्ति को जिससे अभ्यर्थी या मतदाता हितवद्ध है किसी प्रकार की प्रकार भी क्षति करने की धमकी देता है उसे एक साल के कारावास या जुर्माना या दोनों सजाएं हो सकती हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति रिश्वत देता या लेता है या मतदाताओं को डराने व धमकाने का काम करता है अथवा इस संबंध में कोई जानकारी रखता है, तो इसकी सूचना जिला चंबा में स्थापित जिला स्तरीय शिकायत निगरानी कक्ष में स्थापित निशुल्क दूरभाष नंबर 1950 पर दी जा सकती है।

## हथियार लेकर चलने पर पाबंदी

**चंबा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की अवधि के दौरान मानवीय जीवन की सुरक्षा तथा चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखना के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने जनसाधारण को सूचित किया है कि मानव जीवन की सुरक्षा तथा सार्वजनिक शांति के लिए लोकसभा निर्वाचन 2024 की अवधि के दौरान जिला में आग्नेयास्त्रों, विस्फोटकों तथा घातक हथियारों को लेकर चलना पूर्णतया प्रतिबंधित है। जिला दंडाधिकारी के रूप में सीपीसी 1973 की धारा 144 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए मुकेश रेपसवाल ने कहा है कि उक्त आदेश 4 जून 2024 तक लागू रहेंगे तथा इन आदेशों की अवहेलना करना कानून के अनुसार गंभीर दंडनीय अपराध है।



# वैर, ईर्ष्या और नफरत के दुष्प्रभाव से मुक्ति पाना समय की जरूरत

## मुगला में सत्संग के दौरान महात्मा दुनी चंद के प्रवचन



संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में सत्संग में प्रवचन सुनते श्रद्धालु।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा दुनी चंद की अगुआई में सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में मुख्यालय तथा आसपास के कस्बों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सत्संग का शुभारंभ भव्य अवतार वाणी व आरती वंदना से किया गया। इस अवसर पर महात्मा दुनी चंद ने कहा कि भक्त हमेशा भक्ति भरा जीवन जीने के लिए अग्रसर रहते हैं। जहां वह स्वयं रोशनी से युक्त रहते हैं वहीं समाज को भी ऐसी प्रेरणा देते हैं ताकि मानव जीवन सार्थक हो सके। संसार में व्याप्त वैर, ईर्ष्या, नफरत के दुष्प्रभाव से मुक्ति पाना समय की जरूरत है। भक्त संसार और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनते हैं, अज्ञानता के अंधकार में भटक रहे इंसानों को सत्य का बोध करवा कर दिव्य प्रकाश से अलोकित करते हैं। यह कार्य युगों-युगों से किया जा रहा है। इस मौके संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला मीडिया प्रभारी विनोद कुमार सहित कई पदाधिकारियों, सदस्यों सहित मुगला, करियां, हरदासपुरा, जुलाकड़ी, धड़ोग के श्रद्धालुओं ने उपस्थिति दर्ज करवाई।

## न्यूज ब्रीफ

### हरिराय मंदिर में महिलाओं ने किया भजन-कीर्तन



**चंबा।** मुख्यालय स्थित हरिराय मंदिर में रविवार को महिलाओं ने भजन-कीर्तन का आयोजन किया। सुबह से महिलाएं मंदिर में एकत्रित हो गई तथा भजन गाकर माहौल भक्तिमय बना दिया। महिलाएं हर रविवार को मंदिर में भजन-कीर्तन करती हैं। महिलाओं ने कहा कि उन्हें मंदिर में आकर जो शांति मिलती है वह अन्य किसी भी स्थान पर नहीं मिलती। प्रभु की भक्ति में जितनी खुशी मिलती है उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।

### निजी बसों में नहीं मील रही है टिकट

**चुवाड़ी।** उपमंडल भटियात के अंतर्गत निजी बसों में सफर करने वाले लोगों को परिचालक टिकट नहीं देते हैं, जबकि सभी बस आपरेटरों को निर्देश हैं कि वे अपनी बसों में सवारियों को टिकट दें। इसके अलावा कई रूटों में चलने वाली निजी बसों में सवारियों से ज्यादा किराया भी वसूला जाता है। ऐसे निजी बस आपरेटरों के खिलाफ ठोस कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसकी शिकायत कई बार सवारियां पुलिस व जिला प्रशासन से कर चुकी हैं लेकिन अभी तक निजी बस आपरेटरों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। बस मालिक चालान से बचने के लिए टिकटें बस में रखते हैं। जब कोई विभागीय अधिकारी सड़क पर चालान काटने के लिए नाका लगाते हैं तो परिचालक द्वारा सवारियों को टिकटें दे दी जाती हैं जबकि निजी बसों में रोजाना सवारियों को टिकटें नहीं दी जाती। स्थानीय निवासी रविंद्र सिंह, विकास कुमार, अशोक कुमार, संजय कुमार, अशुंल कुमार व विजय ने बताया कि भटियात में निजी बसों में सवारियों से किराया लेने के बाद टिकट नहीं दी जाती। इसके आलावा दूर-दराज के क्षेत्रों में चलने वाली निजी बसों में ज्यादा किराया भी वसूल किया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन चंबा व आरटीओ विभाग से मांग की है कि निजी बस आपरेटरों को बसों में सवारियों को टिकट देने के निर्देश जारी किए जाएं।

### चंपावती मंदिर में बीज मंत्रों का सामूहिक पाठ

**चंबा।** चंबा के ऐतिहासिक चंपावती मंदिर में रविवार को पावन दिव्य बीज मंत्रों का सामूहिक पाठ किया गया। संयोजक जसवंत ठाकुर ने बताया कि परम पूजनीय महाराज कुमार स्वामी कहते हैं कि दिव्य पाठ से तन, मन और धन की समस्याएं दूर होती हैं। दिव्य पाठ करने वाला व्यक्ति हर समय आनंद में रहता है। उसे किसी भी प्रकार के नशे की आवश्यकता नहीं होती। पाठ करने से सभी प्रकार के विष दूर हो जाते हैं। पृथ्वी पर बिखरने वाली सभी नकारात्मक शक्तियां इस पाठ के करने से दूर भाग जाती हैं और मनुष्य को वृद्धि, कीर्ति प्राप्त होती है। दिव्य बीज मंत्रों का पाठ हमारी सारी समस्याओं का समाधान एक साथ करता है। परमात्मा का नाम मनुष्यों में सकरात्म सोच पैदा करता है और दिव्य बीज मंत्रों का पाठ हमारे जीवन में उजाला लाता है। इस अलौकिक पाठ से व्यक्ति को धर्म, अर्थ आदि की प्राप्ति होती है और परमात्मा की अपार कृपा भी मिलती है।

# एडीसी भरमौर की कार्यप्रणाली पर सवाल

## अधिकारी के खिलाफ कई कर्मचारी पहले भी कर चुके हैं शिकायतें

**ओपी शर्मा, भरमौर**

आईएएस रैंक के अधिकारी पर यूपी राज्य की गाजियाबाद सीबीआई कोर्ट की गाज गिरने के बाद अब सेवा कार्यरत राज्य हिमाचल प्रदेश में भी अधिकारी के खिलाफ शिकायतों सहित उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि इस सजा के फैसले से पूर्व भी सहयोगी कई अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उच्च अधिकारियों के समक्ष ऑललाइन से लेकर ऑफलाइन माध्यमों से अपनी शिकायतें प्रेषित की जा चुकी थी। वहीं अब सीबीआई कोर्ट द्वारा पूर्व में किए अपराध के सिद्ध होने पर सजा सुनाने के बाद अधिकारी की कार्य प्रतिष्ठा पर कहीं न कहीं सवालिया निशान अवश्य खड़ा हो गया है।

जिसके दाग से स्वयं को बचाने के लिए सरकार द्वारा आईएएस रैंक के अधिकारी एडीसी भरमौर नवीन तंवर छुट्टी को जहां छुट्टी पर भेज दिया है, वहीं दूसरे कर्मचारियों ने भी अब धीरे-धीरे उनके साथ हुई प्रताड़ना को लेकर मुंह खोलना शुरू कर दिया है। अपने कार्यकाल के दौरान एडीसी भरमौर ने कई अधिकारियों व कर्मचारियों को छुट्टी के दिन भी नोटिस जारी किए हैं। यही नहीं छुट्टी के दिन स्कूल की इंस्पेक्शन के दौरान व स्कूलों के कमरों के ताले तुड़वाने का मामला भी सामने आया है। यहां पर सवाल यह उठता है की क्या उनके पास ऐसी कोई जानकारी थी या कमरे में क्या कोई आपत्तिजनक सामग्री रखी गई थी जिसके लिए कमरे के ताले तोड़े गए। शिवरात्रि के दिन एडीसी भरमौर द्वारा होली के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निरीक्षण किया गया और निरीक्षण के लिए कमरों के ताले तुड़वाए गए। हालांकि उनकी कार्यप्रणाली को लेकर यहां पर तैनात प्रताड़ित कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों ने कई बार शिकायत जनप्रतिनिधियों व नेताओं को भी भेजी है, लेकिन नेताओं व जनप्रतिनिधियों के पास भेजी गई उनकी शिकायत पर भी कोई गौर नहीं हुआ। भरमौर में कर्मचारियों ने उनके साथ हो रही प्रताड़ना के खिलाफ एक शिकायत शिमला उच्च अधिकारियों को ईमेल व्हाट्सऐप के माध्यम से भी भेजी है। जिसमें कहा गया था या तो इन तमाम मुलाजिम का यहां से तबादला किसी दूसरी जगह कर दिया जाए या फिर उक्त एडीसी को यहां से बदला जाए। एडीसी भरमौर नवीन तंवर द्वारा यहां पर कुछ कर्मचारियों को डायग्नोज करने का मामला भी सामने आया है जिसको लेकर डायजनोन हुए कर्मचारी काफी हताश व निराश हैं। कुछ अधिकारियों का कहना है कि वे छुट्टी पर गए थे जिसके लिए उन्होंने अपने विभाग अध्यक्ष को सूचित भी किया था बावजूद उसके भी उन्हें डाइजनोन करके प्रताड़ित किया गया है। (अनंत ज्ञान)



नवीन तंवर।

> सरकार द्वारा एडीसी भरमौर को फिलहाल लंबे अवकाश पर भेजा है। जबकि उनके खिलाफ शिकायतों या उस पर कार्रवाई का उन्हें कोई संज्ञान नहीं है। अधिकारी पर कार्रवाई कानून व सरकार के अधिकार क्षेत्र का विषय है।
>
> **मुकेश रेपसवाल, उपायुक्त, चंबा।**

# चौबिया के पटोडी में तीन मंजिला मकान हुआ राख

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू**

भरमौर की ग्राम पंचायत चौबिया के पटोडी गांव में चार भाइयों का एक तीन मंजिला मकान आग की भेंट चढ़ गया। जिसमे रविंद्र, विजय, दर्शन तथा करनैल पुत्र हरि राम की पूरी उम्र की कमाई जलकर राख हो गई। रविवार लगभग छह बजे लगी आग ने देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। पहाड़ी क्षेत्रों में देवदार की लकड़ी से ही घर बने होते हैं, जो पेट्रोल की तरह मिनटों में ही जल जाते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इसमें तीन सिलेंडर फटने की आवाजें सुनी गई।

लोगों ने साथ लगती पानी की लाइन को खोलकर आग बुझाने का प्रयास किया, वहीं कुछ युवाओं ने खेतों से मिट्टी फेंककर आग बुझाने में मदद की। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे युवाओं ने अपना हरसंभव प्रयास करते हुए नजदीकी अन्य घरों को आग लगने से बचा लिया।



जिसमे लाखों रुपए के नुकसान का आकलन लगाया गया है।

उधर , घटना की सूचना मिलते ही कार्यवाहक एडीएम कुलवीर राणा ने अग्निशमन केंद्र खड़ामुख से फायर ब्रिगेड मौके पर भेजने के आदेश दिए मगर लगभग चौबीस किलोमीटर का सफर तय करने से पहले एक घर पूरी तरह से आग की भेंट चढ़ चुका था। जबकि एक अन्य को भी आंशिक नुकसान पहुंचा है,जिसे लोगों के प्रयास से बचाया जा सका है।

## अनुपालन सुनिश्चित करें सभी प्रिंटर्स

**चंबा।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के साथ ही जिला में सभी प्रिंटर्स के लिए निर्वाचन से संबंधित पंफ्लेटों पोस्टरों इत्यादि के मुद्रण और प्रकाशन के संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 ए के उपबंधों की अनुपालना करना अत्यंत आवश्यक है जिसके अनुसार प्रत्येक मुद्रक का यह वैधानिक दायित्व है कि वह इस प्रकार के दस्तावेजों के मुद्रण के तीन दिनों के भीतर मुद्रित सामग्री की चार प्रतियों सहित अनुबंध ए और बी पर सूचना संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

# छतराडी व कूंर स्कूल में भरे जाएं अध्यापकों के रिक्त पद

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पंचायत समिति मैहला के वाइस चेयरमैन एवं छतराडी व कूंर के पंचायत समिति सदस्य सूरज शर्मा ने सरकार से जल्द से जल्द सीनियर सेकेंडरी स्कूल छतराड़ी व कूंर में रिक्त चल रहे पदों को भरने की गुहार लगाई है।

उन्होंने कहा है की पिछले कई सालों से यहां पर एक दर्जन से अधिक अध्यापकों व प्रवक्ताओं के पद खाली चले हुए हैं। जिसके कारण यहां पर पढ़ाई कर रहे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

छतराडी स्कूल में ही करीब एक दर्जन अध्यापकों व प्रवक्ताओं के पद रिक्त चले हुए हैं। तो वहीं पर कूंर स्कूल में भी इतने ही पद खाली चले हुए हैं। दुर्गम क्षेत्र होने की वजह से यहां के अभिभावकों के पास इतना पैसा भी नहीं है कि वे अपने बच्चों को बाहर जाकर शिक्षा ग्रहण करवाएं। सूरज शर्मा ने कहा है की हाल में ही अध्यापकों की बैचवाइज भर्ती हुई है अत: जल्द से जल्द प्राथमिकता के आधार पर इन स्कूलों में अध्यापकों व प्रवक्ताओं के पदों को भरा जाए ताकि गांव में बच्चे अच्छी व गुणवत्ता युक्त शिक्षा ग्रहण कर सके। हालांकि पिछले कई वर्षों से इन स्कूलों में स्टाफ की कमी को लेकर अभिभावक व एसएमसी कमेटी कई बार नेताओं, विभाग व सरकार के पास गुहार लगा चुकी है।



पंचायत समिति मैहला के वाइस चेयरमैन सूरज शर्मा।

# सिद्धपुरा सरोल में कीर्तन दरबार

## रागी जत्थों ने किया गुरु रविदास की महिमा का गुणगान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सतगुरु रविदास महाराज जी के 647वें जन्मोत्सव पर कीर्तन दरबार व गुरु के लंगर का आयोजन सिद्धपुरा सरोल में किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाई रंजीत सिंह व रागी जत्था गैहरा वाले, भाई रोहित कुमार व रागी जत्था मैहला, भाई दलीप सिंह व रागी जत्था ओहली वाले भीमा बाई महिला मंडल चंबा, भाई शिव कुमार व अन्य रागी जत्थों ने गुरु रविदास की महिमा का गुणगान किया।

यही नाम है सहारा यही नाम है आधारा सतनाम श्री वाहेगुरु, जो मांगे ठाकुर अपणे ते सोइ सोइ देवै, जो तेरी शरणाई आवे पूरी होवे आस, धन गुरु रविदास आदि गाकर माहौल को भक्तिमय कर दिया ।

प्रात: गुरु जस कीर्तन, पाठ का भोग, आरती व अरदास के साथ माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान श्री गुरु रविदास सभा चंबा के प्रधान जितेंद्र सूर्या, वरिष्ठ उपप्रधान अविनाश पाल, उपप्रधान सुदेश चंद्रा, गुरु रविदास सभा सिद्धपुरा के प्रधान कमल अहीर, सचिव काका राम, उपप्रधान कुलदीप, कोषाध्यक्ष सुधीर, नीरज, गुरवचन अहीर, शालिनी, सुनील, ज्योति, गुरु रविदास सभा काकडोलू के प्रधान रमेश कुमार, ऋषिकेश, दलबीर सूर्या, जितेंद्र कुमार, डॉ. राजीव चंद्रा, कमला अहीर, त्रिलोक सूर्या, रवि कांत अहीर, ग्रंथी नविता भट्ट, अमृता देवी, राजिंद्रा सूर्या, आराधना, कंचन कुमारी, रकमी भट्ट, सोम लता, रश्मि, किरण अहीर इत्यादि मौजूद रहे।



सिद्धपुरा सरोल में आयोजित कीर्तन दरबार में रागी जत्था गुरु रविदास की महिमा का गुणगान करते हुए।

### सूडोकु 0006 — ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0005 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## मुगला में शौचालय की उठाई मांग

**चंबा।** मुगला बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं हैं। जिसके चलते स्थानीय दुकानदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। लोगों ने बताया कि वे नगर परिषद चंबा से सार्वजनिक शौचालय के निर्माण के लिए कई बार आग्रह कर चुके हैं। पिछले करीब दस साल से सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए मांग उठा रहे है, लेकिन अभी तक यहां सार्वजनिक शौचालय का निर्माण नहीं हो पाया हैं। इस बात को लेकर स्थानीय लोगों में खासा रोष हैं। स्थानीय लोगों में राज कुमार, प्रवीण कुमार, बलदेव सिंह, नीरज कुमार, काकू राम, हितेश कुमार, बिंदु राम ने यहां सार्वजनिक शौचालय की मांग उठाई है। इनका कहना है कि उनकी इस मांग को पूरा करने में न तो नगर परिषद चंबा ने दिलचस्पी दिखाई हैं और न ही वार्ड पार्षद ने। ऐसे में उन्हें बहुत ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। स्थानीय लोगों ने वार्ड पार्षद से गुहार लगाई है कि मुगला बाजार में जल्द से जल्द शौचालय का निर्माण करवाया जाए।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

18 मार्च, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि :** नवमी (10:51): **नक्षत्र :** आर्द्रा(06:11), **पक्ष :** शुक्ल, योग सौभाग्य (04:36) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:05-12:53), राहुकाल 07:57 - 09:28।

### विशेष दिन

- बरसाना होली आज मथुरा में स्थित बरसाना, लट्ठमार होली के जीवंत उत्सव के लिए प्रसिद्ध है।
- 19 मार्च 2024 को नंदगांव होली

**मेष :** कम समय में काम को पूरा करने में लगे रहेंगे। समय का सदुपयोग करें। विशेष महत्व के कार्य पूरा करने का प्रयास करें।

**वृषभ:** समय अनुकूल नहीं है सतर्क रहें। कोई नया काम आरंभ करने में विलंब होगा। आशाएं बलवती होंगी।

**मिथुन:** समय का सदुपयोग करें दोस्तों के साथ मिल कर कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। विशेष लोगों से मुलाकात होगी।

**कर्क :** अपनों की बातों से मन दुखी होगा। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आश्वासन प्राप्त होंगे। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह :** दिन की शुरुआत व्यस्ततापूर्वक रहेगी। देव दर्शन और निजी कार्यो में समय बीतेगा। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**कन्या :** आध्यात्मिक तरक्की होगी। धन लाभ के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। परिजन का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** कारोबार विस्तार के योग हैं। नई योजना का लाभ मिलेगा। परिजन का व्यवहार कमजोर रहेगा। धार्मिक यात्रा की योजना बनेगी।

**वृश्चिक:** काम बहुत है लेकिन अच्छी कार्यनीति तय कर काम करें। अपने कार्यों को समर्पित रहें। कोर्ट कचहरी के चक्कर लग सकते हैं।

**धनु :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनुकूल समय का सदुपयोग करें। महत्व के कार्यों को प्राथमिकता दें। अपनी संगत बदले।

**मकर :** शासन-प्रशासन का सहयोग न मिलने से कार्य बाधित होंगे। लंबित कार्यों में आशाएं बलवती होंगी। यात्रा सफल रहेगी।

**कुंभ :** साझेदारी में किए कारोबार में तरक्की होगी। धन लाभ होता रहेगा। नया मकान दुकान खरीदने के योग हैं।

**मीन :** समय अनुकूल नहीं है निवेश से बचें। धैर्य से कार्य संपादन में लगे रहें। रुके कार्यों की पूर्ति होगी। शुभ कार्यों में मन लगेगा।

**स्पोर्ट्स** | खणी पंचायत में हुई खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

# 800 मीटर दौड़ में अक्षित प्रथम

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से विकास खंड भरमौर के खणी पंचायत में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एकलव्य जनजातिय विकास संस्था ब्रम्हपुर के अध्यक्ष दीपक जम्वाल ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। नेहरू युवा केंद्र चंबा के भरमौर ब्लॉक के स्वयंसेवी मनीष ठाकुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लंबी कूद, ऊंची कूद, 800 मीटर दौड़, वॉलीबाल और कबड्डी इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इन प्रतियोगिताओं में आठ टीमों ने हिस्सा लिया। 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान अक्षित, दूसरा स्थान अरमान शर्मा, तीसरा स्थान परीक्षित ठाकुर ने हासिल किया। लंबी कूद में अभिषेक ने प्रथम, आशीष ठाकुर ने दूसरा और सूरज शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

जबकि ऊंची कूद में प्रथम तरुण, प्रवीण दूसरे, और सुशील ने तीसरा स्थान हासिल किया। वही वॉलीबाल में टीम खणी ने खलैली की टीम को फाइनल में हराया। कार्यक्रम में एकलव्य जनजातिय विकास संस्था ब्रम्हपुर के अध्यक्ष दीपक जम्वाल ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों और विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने खिलाड़ियों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया तथा खिलाड़ियों को भविष्य में खेल को खेल की भावना से खेलने की भी अपील की।




खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के प्रतिभागी मुख्य अतिथि के साथ सामूहिक चित्र में।

# पीड़ित दुर्गेश के लिए उपचाराधीन मरीज बने 'देवदूत'

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

खुद अस्पताल में उपचाराधीन होने के बावजूद मरीजों ने एक नन्हें बच्चे की मदद कर मानवता का फर्ज निभाकर एक मिसाल पेश की है। जी हां, क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में अपने बच्चे के उपचार के लिए पहुंचे नेपाली मूल के एक गरीब परिवार की मदद को अस्पताल में ही उपचाराधीन अन्य मरीजों ने हाथ बढ़ाए हैं।

दरअसल, अस्पताल के ऑर्थो वार्ड में दो दिन पहले एक नेपाली मूल के नन्हें छह वर्षीय बच्चे जिसकी बाजू दो जगह से फ्रैक्चर हुई थी को एडमिट किया गया। बच्चे का अगले दिन ऑपरेशन होना था, लेकिन परिवार के पास ऑपरेशन और दवाइयों का खर्च वहन करने के लिए पैसे नहीं थे। ऐसे में बच्चे के साथ आई उसकी मां हरशुपा अपने एक और छोटे बच्चे को गोद में उठाकर बेड में उपचाराधीन दूसरे बच्चे दुर्गेश को देखकर रोए जा रही थी।

बच्चे और मां को इस तरह रोते देखकर उपचाराधीन वीना चौहान उर्फ तनु ने बच्चे के ऑपरेशन और दवाइयों का खर्चा उठाया। इसके साथ ही अन्य उपचाराधीन अन्य मरीजों और उनके तीमारदारों ने परिवार का सहयोग किया। ऑपरेशन के बाद बच्चा अब भी अस्पताल में ही उपचाराधीन है और उसकी मदद के लिए प्रतिनिधि रेणुका गौतम सहित अन्य लोगों ने भी सहयोग किया है।


अस्पताल में उपचाराधीन दुर्गेश और साथ में उसकी मां।

**मरीजों ने बच्चे की मदद कर पेश की मानवता की मिसाल**

### बेसहारा मरीजों की मदद करनी चाहिए : संतुष्ट

**ऑर्थो** स्पेशलिस्ट डॉ. संतुष्ट शर्मा ने बताया की बच्चे का ऑपरेशन सफल रहा है और एक दो दिनों में उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। उन्होंने गरीब परिवार के इस बच्चे की मदद करने के लिए उन सभी मरीजों और तीमारदारों की सराहना की है साथ ही अपनी ओर से भी बच्चे के लिए दवाइयों के लिए सहयोग करने की बात कही है। उन्होंने लोगों से गरीब, जरूरतमंद व बेसहारा मरीजों की मदद करने की अपील की है।

# लोकसभा चुनाव से पर्यटन कारोबार पर संकट

**अनंत ज्ञान, मनाली**

हिमाचल में लोकसभा चुनाव का लंबा शेड्यूल होने से पर्यटन कारोबार पर संकट के बादल मंडराने लगे है। पर्यटन कारोबारियों को पीक पर्यटन सीजन में चुनाव प्रचार, मतदान की प्रक्रिया होने से पर्यटन पर विपरीत असर पड़ने की आशंका है। इससे चिंतित हिमाचल प्रदेश ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन ने चुनाव आयोग को पत्र भेजकर हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रथम चरण में करवाने की मांग की है।


बुद्धि प्रकाश ठाकुर।

**ट्रेवल एजेंट एसो. की मांग-पहले चरण में हो मतदान**

ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष बुद्धि प्रकाश ठाकुर, महासचिव सुरेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश में मई से जून महीने तक पर्यटन सीजन रहता है। इस अवधि में चुनाव होने से पर्यटन कारोबार पर असर पड़ सकता है। जिससे पर्यटन कारोबार से प्राप्त होने वाले राजस्व में भी कमी आने की आशंका है।

चुनाव में चुनावी रैलियां होगी, वीआईपी और वीवीआइपी मूवमेंट बढ़ेगी, जिससे पर्यटकों को वाहन उपलब्ध नही होंगे। यातायात जाम की भी समस्या बन सकती है। एसोसिएशन का कहना है कि हिमाचल के पर्यटन पहले कोविड और उसके बाद आपदा से बुरी तरह से प्रभावित हुआ है।

लिहाजा, हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव अंतिम चरण की बजाय पहले चरण में करवाए जाएं। इससे यहां के पर्यटन कटोबार को नुकसान नही होगा। बुद्धि प्रकाश ने कहा कि अंतिम चरण में चुनाव करवाने से लंबा शेड्यूल होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### हंस फाउंडेशन ने सैंज में लगाया जांच शिविर



**बंजार।** हंस फाउंडेशन मोबाइल मेडिकल युनिट नंबर 1 और नंबर 3 के सौजन्य से आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैंज में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ कमल कपूर ने उपस्थित सभी मरीजों के नेत्रों की जांच की। इस कार्यक्रम में नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. अनिरुद्ध विशेष रूप से उपस्थित रहे, साथ ही डॉ. साहिल राणा, लैब टैक्नीशियन चरन जीत, सौरव ठाकुर, फार्मासिस्ट शिवानी नेगी व अजय कुमार ने अपनी सेवाएं दी।

### महिला ने फंदे से लटक कर दी जान, मामला दर्ज



**मनाली।** कुल्लू जिला के मनाली में आत्महत्या का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार 27 वर्षीय महिला पुत्री जोग ध्यान ने बीती रात को फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। उक्त महिला परसों कुल्लू के लगघाटी स्थित शालंग गांव में अपने मायके आई थी, उसी रात उसका पति रात को करीब साढ़े नौ बजे उसे कुल्लू के महंतबेहड़ स्थित अपने घर ले गया। वहीं, शनिवार को मध्य रात्रि 2 बजे उक्त महिला ने मनाली में अपने दूसरे घर मे फंदे से लटक कर आत्महत्या कर दी। इस बारे में डीएसपी केडी शर्मा ने उक्त घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला के शव को अपने कब्जे में ले लिया है साथ ही इस मामले में महिला के पति, सास और ससुर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। महिला के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही इस जानकारी मिल पाएगी की महिला ने आत्महत्या की या फिर हत्या हुई है। फिलहाल इस छानबीन जारी है।

# जिले में 575 मतदान केंद्र होंगे स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने कहा है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के मतदान की अधिसूचना जारी होने के साथ ही समूचे कुल्लू जिला में शनिवार शाम से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने सभी आम नागरिकों को आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित बनाने का आग्रह किया है।

**8181 नए मतदाता करेंगे वोट**


उपायुक्त तोरुल एस रवीश पत्रकार वार्ता को संबोधित करती हुई।

उपायुक्त ने कहा कि कुल्लू जिला के 4 विधानसभा क्षेत्रों में 575 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे जिसमें 3 संवेदनशील हैं। जिले के चार विधानसभा क्षेत्र में हर में दो-दो महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन मतदाता केंद्रों पर केवल महिला कर्मचारी ही मतदान प्रक्रिया का संचालन करेंगी। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक मतदान केंद्र युवाओं मतदान कर्मचारियों द्वारा संचालित किया जाएगा। वहीं जिले में 18-19 वर्ष आयु वर्ग के नए मतदाताओं की संख्या 8181 है।

### 55 सेक्टर ऑफिसर व 12 मजिस्ट्रेट होंगे तैनात

**उपायुक्त** ने बताया कि लोकसभा लोकसभा के लिए 55 सेक्टर ऑफिसर व 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। इसके अलावा 12 फ्लाइंग स्क्वाड, 12 स्टेटिक सर्विलांस दल, 5 अकाउंटिंग दल, 4 वीडियो वियुंग टीम व 8 वीडियो सर्विलैंस दल गठित किए गए हैं। मतदान के लिए 23 दान कर्मचारी की तैनाती की जाएगी जिनमें प्रत्येक मतदान दल में एक पीठासीन अधिकारी एक सहायक पीठासीन अधिकारी और दो मतदान अधिकारी होंगे। एक पोलिंग पार्टी में कुल चार मतदान कर्मी नियुक्त किए जाएंगे। जिले में कुल 575 मतदान केंद्र में से 289 मतदान केंद्रों को वेब कास्टिंग के लिए चिन्हित किया गया है।

### 3 लाख 32 हजार 574 लोग करेंगे मतदान

**जिले** में मतदाताओं की संख्या 3 लाख 32 हजार 574 है जिसमें एक लाख 67 हजार 906 पुरुष, एक लाख 63 हजार 595 महिलाएं, एक थर्ड जेंडर व 1072 सर्विस मतदाता हैं। 3223 दिव्यांग मतदाता तथा 2873 मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के है ।

### कुल्लू कॉलेज में स्थापित होंगे स्ट्रांग रूम

**राजकीय** महाविद्यालय कुल्लू में स्ट्रांग रूम स्थापित किए जाएंगे। यहीं से मतगणना केंद्रों की स्थापना की जाएगी। जिला में राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशियों की व्यय निगरानी के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार व्यय निगरानी कमेटी गठित की गई है।

### 6528 हथियारों को किया जाएगा जमा

**जिला** निर्वाचन अधिकारी कुल्लू ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के संचालनार्थ निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एक स्क्रीनिंग कमेटी बनाई गई है, जिसमें उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक सदस्य है। कमेटी द्वारा निर्वाचन की घोषणा से लेकर निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने तक लाइसेंस हथियारों की स्क्रीनिंग की जाएगी और अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, कुल्लू द्वारा इस संबंध में पूरा रिकॉर्ड रखा जाएगा और जिला निर्वाचन अधिकारी को समय-समय पर इसकी जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। जिला में कुल 6528 हथियारों के लाइसेंस जारी हुए हैं। जिन्हें निर्वाचन की घोषणा से निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने तक शत-प्रतिशत संबंधित थानों में जमा करवा लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में निर्वाचन अपराध की संख्या शून्य है। उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिला में धारा 144 लागू कर दी जाएगी और इसके उपरांत किसी भी व्यक्ति को हथियार लाने और ले जाने पर अपने पास रखने पर प्रतिबंध लग जाएगा।

### जिला परिषद भवन में स्थापित रहेगा नियंत्रण कक्ष

**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने कहा कि आम नागरिकों की सुविधा के लिए जिला परिषद भवन में पूरे सप्ताह 24 घंटे नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिला राजस्व अधिकारी गणेश ठाकुर को इसका नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आदर्श चुनाव संहिता से संबंधित सभी प्रकार की शिकायत कंट्रोल रूम में टोल फ्री नंबर 1800-180-8042 व 1950 पर दर्ज कराई जा सकती हैं। उन्होंने आज शिकायत कंट्रोल रूम का निरीक्षण भी किया। उपायुक्त ने कहा कि नकदी, शराब या अन्य वस्तुओं के वितरण पर नजर रखने के लिए हर पुलिस स्टेशन के अधीन उड़न दस्ते बनाए गए हैं। किसी प्रकार की रिश्वत लेने से परहेज करें और यदि कोई व्यक्ति किसी रिश्वत की पेशकश करता है तो इसकी शिकायत करें। चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक सभी हथियार और गोला-बारूद उनके दुरुपयोग से बचने के लिए जमा कर दिए जाएं।

# अटल टनल रोहतांग बहाली में थोड़ा इंतजार


पर्यटन नगरी मनाली के पलचान के समीप बर्फ के बीच पर्यटक मस्ती करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली के पर्यटन स्थल सोलंगनाला, अंजनी महादेव, फातरु, हामटा, कोठी व गुलाबा सहित लाहौल के पर्यटन स्थलों में बर्फबारी ने पर्यटकों की खुशी को दोगुना कर दिया है। ताजा बर्फबारी होने के बाद रविवार को धूप खिली।

पर्यटकों ने सुबह सोलंगनाला पहुंचकर बर्फ का आनंद लिया। हालांकि अटल टनल अभी पर्यटकों के लिए बहाल नहीं हुई है, लेकिन सोलंगनाला सहित अंजनी महादेव व फातरु में पर्यटकों ने बर्फ के दीदार किए। वहीं, हिडिंबा माता मंदिर में भी पर्यटक भारी संख्या में पहुंचकर माता का आशीर्वाद ले रहे हैं।

वहीं रोहतांग, शिंकुला व बारालाचा दर्रों में आठ से दस फीट बर्फ की मोटी चादर बिछी है। सोलंग के पर्यटन व्यवसायी रूपु, गोकल व सुरेंद्र का कहना है कि साहसिक गतिविधियां शुरू होने से उनका कारोबार भी चल हुआ है। घुड़सवारी करवा रहे स्थानीय व्यवसायी मान चंद व पन्ना लाल ने बताया कि अंजनी महादेव में झरने का गिर रहा पानी शिवलिंग में तबदील हो गया है। इन दिनों शिवलिग का आकार 20 फीट ऊंचा हो गया है। रविवार को भारी संख्या में पर्यटक घुड़सवारी का आनंद लेते हुए अंजनी महादेव पहुंचे। पैराग्लाइडिग से जुड़े साहसिक व्यवसायी डोला राम व शिव ने बताया कि सोलंग की वादियों में बर्फबारी होने से निखार आ गया है। रोपवे का आनंद उठाते हुए सैलानी फातरू की वादियों का दीदार कर रहे हैं।

उधर, डीएसपी, मनाली केडी शर्मा ने बताया कि अटल टनल रोहतांग सहित मनाली-केलांग सड़क मार्ग अभी फोर बाई फोर वाहनों के लिए बहाल है जबकि मौसम साफ रहा तो दो तीन के भीतर अटल टनल सैलानियों के लिए बहाल कर दी जाएगी।

# मनोज सूद बने सनातन धर्मसभा के प्रधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के मुख्यालय सुल्तानपुर में सनातन धर्मसभा के संरक्षक एवं पूर्व विधायक महेश्वर सिंह की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें धर्माध्यक्ष के पद पर प्रवीण शर्मा, प्रधान पद पर मनोज सूद, वरिष्ठ उप प्रधान पद पर आदर्श वर्मा, उप प्रधान के लिए राजेश शर्मा, सचिव के लिए वितेश आचार्य, सह सचिव के लिए ज्ञान ठाकुर, कोषाध्यक्ष के लिए सुधांशु सूद का दूसरी बार सर्वसम्मति से चयन किया गया।


सभा की नई कार्यकारिणी के साथ संरक्षक एवं पूर्व विधायक महेश्वर सिंह व अन्य।

नवनियुक्त प्रधान मनोज सूद और कोषाध्यक्ष सुधांशु सूद ने बताया कि कार्यकारिणी का गठन 2 साल के लिए किया गया है और धर्म सभा के जो भी कार्य लंबित पड़े हुए हैं। जल्द पूरा किया जाएगा। इसके अलावा भुंतर में धर्म सभा की जमीन का जो विवाद चल रहा है। उसका भी सबके साथ मिलकर समाधान किया जाएगा। इसके अलावा धर्म सभा में नए सदस्यों को भी जोड़ा जाएगा। वहीं दूसरी बार कोषाध्यक्ष ने कहा कि धर्मसभा की प्रगति के लिए कार्य किया जाएगा।

# वांगचुग के लद्दाख संघर्ष के समर्थन में उतरी सेव लाहौल-स्पीति सोसायटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा, प्रदेश को संविधान की छठी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर छह मार्च से आमरण अनशन में डटे सोनम वांगचुक के समर्थन में लाहौल सेव सोसायटी भी आई है।

सेव लाहौल-स्पीति सोसायटी (एसएलएसएस) हिमालय और उसके पर्यावरण को विनाशकारी विकास से बचाने के लिए लद्दाख में चल रहे लोगों के आंदोलन के साथ एकजुटता दिखाने के लिए प्रदर्शनी मैदान ढालपुर कुल्लू में एकत्र होकर सोनम वांगचुग के समर्थन में एक दिन का उपवास रखा, जिसमें सोसायटी के 22 लोगों ने भाग लिया, जिनमें से आठ लोगों ने सक्रिय रूप से पूरे दिन का उपवास रखा।

**एक दिन का उपवास रख किया समर्थन**



लाहौल सेव सोसायटी के सदस्य कुल्लू में एक दिन के उपवास के दौरान।

**लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की उठाई मांग**

**क्वारिंग गांव के 26 लोगों ने भाग लेकर रखा उपवास**

वहीं, सेव लाहौल-स्पीति सोसायटी द्वारा एक समानांतर सभा लाहौल के तोद घाटी के क्वारिंग गांव में भी आयोजित किया गया। इस उपवास में क्वारिंग गांव के 26 व्यक्तियों ने भाग लिया और सभी 26 ने पूरे दिन का उपवास रखा।

सेव लाहौल-स्पीति सोसायटी के अध्यक्ष प्रेम कटोच ने बताया कि लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा, प्रदेश को संविधान की छठी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर सोनम वांगचुक ने छह मार्च से लद्दाख में आमरण अनशन शुरू किया है।

इसी कड़ी में सेव लाहौल-स्पीति सोसायटी के सदस्यों ने जिला कुल्लू के ढालपुर प्रदर्शनी मैदान में एकत्र होकर रविवार को उपवास रखकर लद्दाख में चल रहे लोगों के आंदोलन का समर्थन दिया।

# 824 ग्राम चरस सहित नेपाली युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पर्यटन नगरी कसोल में 824 ग्राम चरस के साथ नेपाली मूल का एक व्यक्ति गिरफ्तार हुआ है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कुल्लू के अनुसार रविवार को उनकी टीम जब गश्त पर थी तो उस समय एक व्यक्ति गणेश पुत्र जोग बहादुर निवासी गांव मांगल कुरजा जिला पुरवी स्कुम नेपाल की तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 824 ग्राम चरस बरामद हुई।

उधर, पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।


नशे सहित गिरफ्तार युवक।

मामले की पुष्टि करते हुए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के डीएसपी हेमराज वर्मा ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने की प्रकिया जारी है।

# सिंगापुर से शिक्षण विधियां सीखकर लौटे राजेश

**अनंत ज्ञान, आनी**

शिक्षा खंड आनी के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक पाठशाला करेड़ में कार्यरत टीजीटी अध्यापक राजेश शर्मा सिंगापुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में शिक्षा की नवीन शिक्षण विधियों का व्यवहारिक ज्ञान लेकर वापस अपने गृह क्षेत्र लौट आए हैं।

प्रदेश सरकार के सौजन्य से शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला में पूरे जिला कुल्लू से टीजीटी अध्यापक के तौर पर आनी खंड से राजेश शर्मा का नाम चयनित हुआ था, जबकि कार्यशाला में पूरे हिमाचल से प्राथमिक माध्यमिक, उच्च तथा जमा दो स्तर पर करीब 100 अध्यापकों ने भाग लिया।


अध्यापक का सम्मानित करते प्रवक्ता।

प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे टीजीटी अध्यापक राजेश शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण सिंगापुर देश के शिक्षण संस्थान प्रिंसीपल अकादमी की ओर से कक्षा कक्ष की नई तकनीकों के बारे में आयोजित किया गया था।

संस्थान के शिक्षा प्रमुख डॉ. यो.के. को जोसेम ने आज की 21वीं सदी में शिक्षण शास्त्र और कक्षा कक्ष में छात्रों की प्रभावशाली सहभागिता किस तरह से हो, इसके लिए संज्ञानात्मक एवं संरचनात्मक मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों का व्यवहारिक उपयोग की बहुत सारी गतिविधियां बताई। विद्यालय आनी के प्रधानाचार्य अमर चंद चौहान, मिडल स्कूल करेड़ की एसएमसी अध्यक्षा प्रभा भारती तथा स्कूल संरक्षक बेली राम शर्मा ने राजेश शर्मा को बधाई दी है।

## पर्यटकों की मस्ती


ताजा बर्फबारी होने के बाद रविवार को धूप खिली। इस दौरान पर्यटन नगरी मनाली के मालरोड में उमड़ी पर्यटकों की भीड़।

**पहल** वाईडीए गरशा ने मंदिर परिसर में सफाई करके दिया स्वच्छता का संदेश

# बिजली महादेव में 100 बोरी कूड़ा किया इक्ट्ठा

**सुरेन्द्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू जिला मुख्यालय के साथ लगते खराहल वैली में स्थित बिजली महादेव में वाईडीए गरशा के सदस्यों ने साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश देते हुए पर्यावरण के प्रति सभी की नैतिक जिम्मेदारी को लेकर जागरूक किया।

लाहौल-स्पीति की संस्था वाईडीए गरशा ने 11वीं इको पद यात्रा का आयोजन कर खराहल वैली के दाट गांव से लेकर बिजली महादेव मंदिर परिसर तक साफ-सफाई कर वहां पर बिखरे हुए कचरे को इक्ठा करने का काम किया।

संस्था के प्रेस सचिव कुंगा बोध ने इको पद यात्रा को लद्दाख के मशहूर समाजसेवी एवं पर्यावरणविद सोनम वांगचुक के द्वारा लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में चलाए जा रहे भूख हड़ताल को समर्पित किया।

वाईडीए गरशा के सदस्यों ने लगभग 100 बोरी प्लास्टिक और अन्य कूड़े कचरे को इकट्ठा किया जिसे मनाली के लगते रांगड़ी में स्थित कूड़ा संयंत्र को सौंप दिया जाएगा।


वाईडीए गरशा के सदस्य खराहल वैली में स्थित बिजली महादेव मंदिर परिसर के आस पास साफ सफाई करते हुए।

### पर्यावरण के प्रति हरेक की जिम्मेदारी : सुशील

**वाईडीए** गरशा के अध्यक्ष सुशील फ्लापनगपा ने कहा कि पर्यावरण के प्रति हरेक की जिम्मेदारी को समझाने के लिए 11वीं इको पद यात्रा का आयोजन किया गया और साथ ही लेह लद्दाख के मशहूर समाजसेवी एवं पर्यावरणविद सोनम वांगचुक को समर्थन देने के उद्देश्य से वाईडीए गरशा के सदस्यों ने बिजली महादेव में पवित्र परिसर ओर आसपास के लगते क्षेत्रों में साफ-सफाई की। संस्था आगे भी पर्यावरण से जुड़े कई अभियानों में भाग लेगी ओर मानव जीवन में पर्यावरण की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए हमेशा ऐसे कार्यों को आगे भी रखेगी।

# नमो टी स्टॉल से गिनाई केंद्र की उपलब्धियां

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

भारतीय जनता युवा मोर्चा हिमाचल प्रदेश ने समूचे प्रदेश भर में 17 मार्च को सभी मंडलों में 500 से अधिक स्थानों पर नमो टी स्टॉल लगा कर केंद्र की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए अनूठा कदम उठाया गया है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र ठाकुर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की हर विधानसभा क्षेत्र के महाविद्यालय परिसरों के बाहर, चौक-चौराहों पर और अधिक भीड़-भाड़ अथवा बड़े बाजार वाले क्षेत्र में युवा मोर्चा की टीमें लोगों को चाय पिलाने के साथ-साथ देश भर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चल रहे माइक्रो डोनेशन अभियान में नमो ऐप के द्वारा माइक्रो डोनेशन का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत मनाली विधानसभा क्षेत्र के पतलीकूहल में भी नमो टी स्टॉल लगाया गया।



केंद्र की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए लगाया गया नमो टी स्टॉल।

वहीं भाजपा युवा मोर्चा कुल्लू जिला अध्यक्ष जनेश ठाकुर ने कहा कि सभी अपनी क्षमता के अनुसार इसमें सहयोग कर सकते हैं।

इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र ठाकुर, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जनेश ठाकुर, भाजपा मनाली मंडल अध्यक्ष विजय ठाकुर, महामंत्री शुभम चौहान और भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शोभायात्रा के साथ राज्यस्तरीय नलवाड़ी मेले का आगाज

## मेले समाज की जीवन परंपराओं व समृद्ध संस्कृति के परिचायक, मंडलायुक्त राखिल काहलों ने किया मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

रविवार को बिलासपुर के राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले का आगाज हो गया। मेले में मंडलायुक्त राखिल काहलों ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मेले के शुभारंभ के अवसर पर नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद निकली शोभायात्रा पूरे शहर की परिक्रमा करते हुए लुहणू मेला मैदान में पहुंची।

यहां पर मुख्यातिथि द्वारा बैल पूजन करने के बाद कहलूरी परंपरा के अनुसार खुंड्डा गाड़कर मेले शुरू हुआ। मुख्यातिथि के रूप में बिलासपुर पहुंचे मंडलायुक्त राखिल काहलों ने कहा कि मेले प्रत्येक जिले व राज्य की पहचान होते हैं और इस पहचान को संजोए रखना प्रशासन और लोगों का कार्य होता है। लोगों और प्रशासन की मदद से प्रदेशभर में मेले आयोजित किए गए हैं। उन्हें दो बार नलवाड़ी मेले का शुभारंभ करने का अवसर प्राप्त हुआ है। वह अपने आप को काफी भागयशाली महसूस कर रहे हैं। वहीं, इस अवसर पर डीसी आबिद हुसैन सादिक ने मेले की विस्तृत जानकारी दी। यह मेला राजाओं के समय से शुरू किया गया है और आज दिन तक यह मेले प्रत्येक साल लुहणू मैदान में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। आपको बता दें कि बिलासपुर का राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला 17 से 23 मार्च तक आयोजित किया जाता है। इसी के साथ 20 मार्च से सांस्कृतिक संध्याओं का भी आयोजन किया जाएगा। 20 की सांस्कृतिक संध्या में पुलिस बैंड, 21 मार्च को सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खैर, 22 को हिमाचली नाइट और 23 को पंजाबी सिंगर गुरनाम भुल्लर स्टार नाइट होंगे। प्रशासन का कहना है कि नलवाड़ी मेले में इस बार काफी कुछ नया करने का प्लान किया गया है, जिसमें मुख्यत: लाइट एंड साउंड शो को शामिल किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक बिलासपुर विवेक चाहल एडीसी डॉ. निधि पटेल, एसडीएम अभिषेक गर्ग, सहायक आयुक्त नरेंद्र अहलूवालिया सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।


शोभायात्रा निकालते हुए लोग।

### सांस्कृतिक संध्या में बताया जाएगा मेले का इतिहास

इस शो में मेले के दौरान लाइट एंड सांउड के माध्यम से नलवाड़ी मेले का इतिहास बताया जाएगा। यह आयोजन सांस्कृतिक संध्या के समय ही बताया जाएगा। सांडू के मैदान से लुहणू मैदान में परिवर्तित नलवाड़ी मेले में अनेक परिवर्तन हुए। आधुनिक चकाचौंध के कारण मेले के स्वरूप में बदलाव के बावजूद भी मेले की परंपरा व पौराणिकता को यथावत जीवंत बनाए रखने में मेला कमेटी और सभी जिला वासियों का प्रयास सराहनीय है। आपसी भाईचारे व सांस्कृतिक धरोहर को जीवत रखने के प्रतीक हमारे मेले व त्योहार जनमानस में परस्पर मधुर मिलन व सह-अस्तित्व की भावना का संचार करते हैं।


मेले का शुभारंभ करती हुई मंडलायुक्त राखिल काहलों।

### मेले ने 135वें साल में किया प्रवेश

इस अवसर पर मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए अध्यक्ष मेला कमेटी एवं डीसी ने कहा कि बिलासपुर जनपद के राजा विजय सेन के समय में शुरू हुआ था। यह मेला आज 135वें साल में प्रवेश कर गया है। मूलतः बैलों की खरीद फरोख्त से शुरू हुए इस मेले में समय-समय पर अमूलचुक परिवर्तन होते रहे हैं। मेले को आकर्षक बनाने के लिए बिलासपुर रियासत के अंतिम राजा आनंद चंद ने इस मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम कुश्ती एवं अन्य खेलों को जोड़ा था, ताकि लोगों का मनोरंजन हो सके।

### पानी व सफाई की उचित व्यवस्था

डीसी ने बताया कि मेले के दौरान बिजली, पानी व सफाई की उचित व्यवस्था की गई है तथा इसके अतिरिक्त दिन को गर्मी व बारिश से लोगों को राहत देने के लिए जर्मन हैंगर लगाया गया है, ताकि लोग मेले का भरपूर आनंद ले सकें।




मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

# बस के नीचे जा घुसी स्कूटी बाल-बाल बची चालक की जान


बस के नीचे घुसी स्कूटी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जाको राखे साइयां, मार सके न कोय यह कहावत घुमारवीं के पास लखवाणी में उस वक्त चरितार्थ होते नजर आई, जब एक स्कूटी सीधे बस के नीचे जा घुसी। दरअसल सरकारी बस से स्कूटी की टक्कर हो गई और स्कूटी बस के नीचे जा घुसी।

स्कूटी चालक युवक उछलकर सड़क के किनारे जा गिरा, जिससे उसे मामूली चोटें आईं। लोग आश्चर्य कर रहे हैं कि जिस प्रकार से यह हादसा हुआ है, उसमें स्कूटी सवार युवक के साथ कोई अनहोनी घटना भी हो सकती थी। आमने-सामने की इस भीषण टक्कर में स्कूटी पर सवार युवक की जान बाल-बाल बच गई। हालांकि, इससे काफी देर तक यातायात अवरुद्ध रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एचआरटीसी बिलासपुर डिपो की बस चंडीगढ़ से मटियाल की ओर जा रही थी। घुमारवीं के पास लखवाणी में एक तीखे मोड़ पर अचानक एक स्कूटी बस से टकरा गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास के लोग आवाज सुनकर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने देखा कि स्कूटी बस के नीचे जा घुसी। गनीमत रही कि स्कूटी चालक युवक उछलकर सड़क के किनारे जा गिरा। वहीं, आपसी रजामंदी के चलते पुलिस में मामला दर्ज नहीं हुआ है।

# सदर व घुमारवीं में उपभोक्ताओं को बताए उनके अधिकार

**बिलासपुर।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य पर विकास खंड सदर और घुमारवीं में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और आवश्यकताओं के प्रति जागरूक किया गया।

मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला नियंत्रक ब्रिजेंद सिंह पठानिया ने उपभोक्ताओं को बताया कि 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है। इस बार यह एक अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित उपभोक्ताओं को सुरक्षा का अधिकार, सूचित किए जाने का अधिकार, चुनने का अधिकार, सुने जाने का अधिकार, समस्या के समाधान का अधिकार, उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार के प्रति जागरूक किया। उन्होंने उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी या ठगी होने पर उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज करवाने का आधार और प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने उपभोक्ता को मुआवजा और वेंडर से जुर्माना वसूल करने के प्रावधान की भी जानकारी दी।

### पुलिस प्रशासन की ओर से मेले स्थल पर पुलिस कंट्रोल रूम किया स्थापित

# सीसीटीवी कैमरे से रखी जा रही पैनी नजर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर के राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले में पुलिस प्रशासन की प्रत्येक गतिविधि पर पूरी नजर रहेगी।

पुलिस प्रशासन की ओर से मेले स्थल पर पुलिस कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम के माध्यम से मेला स्थल पर पैनी नजर रखी जा रही है। मेले में पुलिस प्रशासन की ओर से अभी तक चार कैमरे स्थापित किए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि अन्य कैमरे भी स्थापित किए जाएंगे। कंट्रोल रूम में बतौर एक पुलिस अधिकारी की नियुक्ति की गई है, जो यहां पर समय-समय पर प्रत्येक गतिविधि का पूरा फीडबैक लेगा।

जानकारी के अनुसार पुलिस प्रशासन की ओर से प्रत्येक साल मेले को लेकर एक कंट्रोल रूम बनाया जाता है। अगर मेले में कुछ भी घटना होती है, तो पुलिस कैमरों की मदद से आरोपी तक पहुंच सकती है। पुलिस का कहना है कि मेले में दर्जनों पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की गई है, जो हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। उन्होंने बिलासपुर की समस्त जनता से भी आग्रह किया कि मेले को शांतिप्रिय बनाने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

बता दें कि मेलों में हमेशा चोरियों की अधिक घटनाएं होती हैं। अभी हाल ही में मंडी के शिवरात्रि महोत्सव में चोरों का एक बड़ा समूह पुलिस द्वारा पकड़ा गया है। वहीं, बिलासपुर पुलिस का कहना है कि इस तरह के चोर भीड़ के इलाकों में ज्यादा सक्रिय होते हैं। ऐसे में इनको पकड़ने के लिए भी पुलिस की विशेष टीम मेले में तैनात रहेगी।

उधर, इस संदर्भ में जब बिलासपुर एसपी विवेक चहल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा मेला स्थल पर एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम की मदद से मेले की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।


राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले में पुलिस प्रशासन।

# बुजुर्ग व्यक्ति की जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**झंडूता।** झंडूता थाना क्षेत्र के बरोहा में एक बुजुर्ग व्यक्ति की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई।



पुलिस ने पोस्टमार्टम करश्राकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार रिखीराम उम्र 64 निवासी गांव बरोहा डाकघर सेर तहसील झंडूता बिलासपुर ने अपने घर पर किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देख वहां से एम्स बिलासपुर रेफर कर दिया। एम्स में उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। क्षेत्रीय अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाया गया व मामले की पुष्टि डीएसपी मुख्यालय मदन धीमान ने की।

# पैरापिट से टकराई कार, चार घायल

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

धर्मशाला-शिमला एनएच-103 पर हरित्यांगर के पास एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पैरापिट से टकरा गई, हादसे में चार लोग घायल हो गए।

प्राप्त जानकरी के अनुसार दोपहर 1:30 बजे एक आल्टो कार नंबर एचपी 22-3085 हमीरपुर से घुमारवीं की ओर जा रही थी कि हरित्यांगर के पास बेसहारा पशु अचानक कार के सामने आ गया, जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पैरापिट से टकरा गई। हादसे में कार में बैठे चार लोग घायल हो गए। मौके पर 1033 एनएच की एबुलेंस की मदद से घायलों को प्राथमिक उपचार कर सिविल अस्पताल घुमारवीं पहुंचाया, जहां घायलों का उपचार किया जा रहा है व पुलिस थाना भराड़ी की टीम मौके पर पहुंचकर हादसे की छानबीन कर रही है। 1033 एंबुलेंस धर्मशाला-शिमला 103 पर डंगार चौक में खड़ी होती है, जो कई हादसों में लोगों की जान बचा चुकी है। हादसा होने पर 1033 डायल कर मदद मांगी जा सकती है। हादसे की स्थिति में 30 मिनट तक एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंचेगी। 1033 डायल करने पर एंबुलेंस आपातकालीन नंबर 108 से मिलने वाली मदद से भी पहले पहुंचती है।


पैरापिट से टकराई कार।

# मेडिकल भत्ता 400 से बढ़ाकर 1000 रुपए किया जाए : सुरेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर इकाई की मासिक बैठक डियारा सेक्टर में हुई। बैठक की अध्यक्षता इंण सुरेश चंद शर्मा ने की।

बैठक में सबसे पहले रोशन लाल ठाकुर के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। बैठक में सचिव बंसी राम ठाकुर, गुरुदेव कौशल, होशियार सिंह चौधरी, धर्मपाल, सीताराम ठाकुर ने पेंशनर्स की मांगों पर चर्चा की। पेंशनर्स ने सरकार का चार प्रतिशत महंगाई भत्ता देने पर आभार प्रकट किया। पेंशनर्स ने बिजली बोर्ड प्रबंधक से अनुरोध किया कि बिजली कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाए। मेडिकल भत्ता 400 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए किया जाए। 65, 70, 75 साल की आयु करने वाले पेंशनर्स के 5-10-15 प्रतिशत भत्ते को मूल पेंशन में समायोजित किया जाए। पेंशनर्स के मेडिकल बिलों का भुगतान शीघ्र किया जाए। सुरेश ने बताया कि पेंशनर्स की अगली मासिक बैठक 16 अप्रैल को होगी।

# ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता रही सीएमसी खशधार

**दशमी रावत, रोहड़ू**

उत्तराखंड के त्यूणी में स्वर्गीय गुलाब सिंह चौहान मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता पिछले कई सालों से आयोजित की जा रही है।

रविवार को ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबला खेला गया। पहला सेमीफाइनल मुकाबला केएनटी टियूंटाड व राणा क्लब बाणाधार के मध्य खेला गया, जिसमें टिंयूटाड की टीम ने बाणाधार को 20 रन से हराया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला चालदा महासू क्लब खशधार व महाकाल करासा के मध्य खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए खशधार की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 139 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए महाकाल करासा की टीम 131 रन पर आल आउट हो गई। त्यूणी के ऐतिहासिक मैदान में फाइनल मुकाबला केएनटी टियूंटाड व सीएमसी खशधार के मध्य खेला गया, जिसमें खशधार की टीम विजेता रही। खशधार की टीम ने टीम टिंयूटाड को 27 रन से पराजित किया।


त्यूणी मैदान पर फाइनल मुकाबला में केएनटी टियूंटाड व सीएमसी खशधार की टीम।

**चुनाव** डीसी ने सभी से आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करने का किया आग्रह

# 330729 मतदाता, 418 पोलिंग बूथ होंगे स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

लोकसभा निर्वाचन-2024 के मतदान की अधिसूचना जारी होने के साथ ही बिलासपुर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

उसके चलते डीसी बिलासपुर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आबिद हुसैन सादिक ने सभी अधिकारियों तथा आम नागरिकों को आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करने का आग्रह किया। डीसी ने कहा कि बिलासपुर के चार विधानसभा क्षेत्रों में 418 पोलिंग बूथ स्थापित किए गए हैं, जिसमें 16 क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन हैं। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 330729 है, जिसमें पुरुष मतदाता छह लाख 166333 महिला मतदाता 164390 मतदाता ओर थर्ड जेंडर मतदाता छह हैं। डीसी ने कहा कि सभी सरकारी भवनों और परिसरों से होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर, झंडे, राजनीतिक नेताओं के फोटोयुक्त कैलेंडर एवं अन्य प्रचार सामग्री 24 घंटे के भीतर, विभिन्न सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टैंड, चैक-चैहारों एवं दीवारों इत्यादि से 48 घंटे के भीतर और विभिन्न निजी परिसरों से 72 घंटे में हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

अगर किसी व्यक्ति ने अपने निजी परिसर में अपनी सहमति से यह सामग्री लगवाई है, तो इस संबंध में उससे लिखित अनुमति लेनी होगी। सरकारी वेबसाइटों और सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स से भी राजनीतिक नेताओं के फोटो तुरंत हटा दिए जाएंगे। इस बार मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे ओर प्रदेश भर में प्रथम आने की कोशिश की जाएगी।


डीसी बिलासपुर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आबिद हुसैन अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

# चित्रकला बनाकर सड़क सुरक्षा नियमों की दी जानकारी

**श्री नयना देवी जी।** जुखाला कॉलेज में सड़क सुरक्षा पेंटिंग पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल ने की। कार्यशाला में जवाहरलाल नेहरू राजकीय फाइन आर्ट कॉलेज शिमला के प्रशिक्षित चित्रकारों ने छात्रों को चित्रकला की तकनीक सिखाई।

इसके अलावा एक विशाल चित्रकला बनाकर सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित जानकारी छात्रों को दी। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी व चित्रकला सीखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को चित्रकला में रोजगार की अपार संभावनाएं बताईं। कार्यशाला में प्रो. सुदामा राम, प्रो. राजेश कुमार, डॉ. जसवंत सिंह सैनी, डॉ. राज कुमार, डॉ. राजेश ठाकुर, प्रो. राजेंद्र सिंह, कॉलेज का शिक्षक वर्ग और गैर-शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

# सीएम ने भाजपा के कार्यकालों के कार्यों का किया शुभारंभ : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भाजपा अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री



राजेंद्र गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू घुमारवीं प्रवास के दौरान बासा ही परोस गए।

भाजपा कार्यकाल में स्वीकृत कार्य व करवाए गए कार्यों का आनन-फानन में लोकार्पण व शिलान्यास कर गए। यहां के कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री को गुमराह करके उनसे अधूरी सड़कों का भी लोकार्पण करवा दिया, जिसकी आज लोग खिल्ली उड़ा रहे हैं। घुमारवीं के विधायक यहां का विकास करवाने में नाकाम रहे। अब भाजपा सरकार के कार्यकाल में करवाए गए कार्यों पर अपना फीता लगवाकर हंसी के पात्र बन रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को नसीहत दी कि वो भाजपा के कार्यों का श्रेय लेना छोड़ दें क्योंकि जनता सब जानती है। गर्ग ने कहा कि 5.70 करोड़ रुपए से घुमारवीं से टिक्कर-सिल्ह वाया मरहोल-सोइ-रोपड़ी सड़क का उन्होंने आठ मई, 2022 में भूमि पूजन किया था और इस सड़क पर अभी काम चल रहा है, लेकिन सीएम इस सड़क का भी लोकार्पण कर गए। इसी तरह मोहडा-सुनाली-शुक्कर खड्ड सड़क का कार्य भी अभी अधूरा पड़ा है। घुमारवीं में 5.71 करोड़ रुपए से निर्मित डिप्टी डिस्ट्रिक अटॉर्नी, असिस्टेंट जनरल अटॉर्नी पब्लिक प्रासिक्यूटर के कार्यालय का शिलान्यास साल-2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने किया था।

## न्यूज ब्रीफ

### घोषणा पत्र के लिए भाजपा ने मांगी जनता की राय



**सोलन।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए अपना चुनावी घोषणा पत्र जनता की राय के अनुसार तैयार करेगी। पार्टी ने जनता की राय जानने के लिए एक नंबर भी जारी किया है। इसपर कॉल करने के बाद लोग अपनी राय व मुद्दे बता सकते हैं। चुनावों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को सोलन माल रोड पर सुझाव पेटी रखी। संकल्प पत्र के लिए शहरवासियों से सुझाव मांगे। संयोजक प्रो. रविंद्र ठाकुर ने बताया कि इस संकल्प को पूरा करने के लिए 2024 का लोकसभा चुनाव महत्वपूर्ण है। विकसित भारत की कल्पना के लिए भारतीय जनता पार्टी ने जनता के सुझाव व मुद्दे मांगे हैं, जिन्हें घोषणा पत्र में शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही एक सुझाव बॉक्स भी जारी किया गया है, जिसे एक वाहन में रखकर गांवों तक ले जाया जाएगा, जिसमें लिखित में भी सुझाव डाल सकते हैं। यह बाक्स शहर के प्रमुख जगहों पर भी रखा जाएगा।

### बिजली बोर्ड ने 70 डिफाल्टरों के काटे कनेक्शन

**बीबीएन।** विद्युत बोर्ड कार्यालय बद्दी ने बिजली शुल्क जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। बोर्ड ने बिजली के बिल का भुगतान न करने पर 70 लोगों के बिजली के कनेक्शन काट दिए हैं। बोर्ड ने उन डिफाल्टर उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे हैं, जो पिछले कई माह से बिजली का बिल जमा नहीं करवा रहे थे। इसके अलावा अन्य उपभोक्ताओं को भी दो दिनों में बकाया बिल राशि जमा करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद बोर्ड की ओर से कनेक्शन काटना शुरू कर दिए जाएंगे, जिसमें दोबारा नए सिरे से कनेक्शन करने के लिए सभी औपचारिकताएं करनी पड़ेंगी। बिजली बोर्ड बद्दी के अधिशाषी अभियंता दीपक वर्मा ने बताया कि विद्युत परिषद ने आंशिक बिजली के बिल के भुगतान को बंद कर दिया है। सभी उपभोक्ताओं को पूरी बकाया राशि एक मुश्त जमा करानी होगी। अन्यथा बिना किसी सूचना के बिजली के कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

### नीलम को सौंपी मानपुरा थाने की कमान

**बीबीएन।** जिला बद्दी पुलिस ने विभिन्न थाना प्रभारियों को बदलकर नई जिम्मेदारी सौंपी हैं। जिला बद्दी पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशों पर नालागढ़, मानपुरा व महिला थाना में फेरबदल किया गया है। अब नालागढ़ थाने में एसएचओ श्याम लाल को लगाया है, जो थाना मानपुरा में सेवाएं दे रहे थे, जबकि बरोटीवाला थाना की सब-इंस्पेक्टर नीलम शर्मा को मानपुरा थाना की कमान सौंपी है। गौरतलब रहे कि पिछले काफी समय से थाना नालागढ़ प्रभारी का पद खाली चल रहा था और अभी फिलहाल डीएसपी नालागढ़ फिरोज खान की एसडीपीओ के साथ थाने की कमान भी संभाल रहे थे। ऐसे में मानपुरा थाना प्रभारी श्याम लाल को बदलकर नालागढ़ थाना में लगाया गया है। जिला बद्दी पुलिस एएसपी अशोक वर्मा ने बताया कि विभिन्न थानों में फेरबदल किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने एरिया में कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में काम करेंगे।

### मंडवाच पहुंचा भाजपा का गांव चलो अभियान

**रेणुका जी।** भाजपा के जिला सह-मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बूथ नंबर-47



गाता मंडवाच में गांव चलो अभियान के तहत लाभार्थियों से किया गया संपर्क।

सागंना, बूथ नंबर-48 गाता मंडवाच में गांव चलो अभियान के तहत दर्जनों लाभार्थियों से संपर्क किया। इस अभियान में रेणुका विधानसभा के विस्तारक अजय भैंलटा, भाजपा जिला सह-मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत, भाजपा मंडल महामंत्री सुनील शर्मा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सीताराम शर्मा, भाजपा एसटी मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, भाजपा किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष रोशन लाल शर्मा, भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष तीखू राम शर्मा, भाजपा एसटी मोर्चा मंडल सचिव गुमान सिंह शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा जिला सचिव अनिल ठाकुर, भाजपा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री राकेश सागंटा के अतिरिक्त और भी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। इन सभी ने ग्राम पंचायत सागंना एवं ग्राम पंचायत सत्ताहन का दौरा किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाएं साझा कीं। इस दौनान उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र के लिए लोगों से सुझाव भी लिए, जिनको सुझाव पेटी में डाला गया है।

# नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की गाइडलाइन पर खरा नहीं उतर रहा नगर निगम

## सलोगड़ा डंपिंग साइट से कूड़ा उठाने में देरी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लगाया 10 हजार का जुर्माना

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नेशनल हाइवे-5 के सलोगड़ा स्थित डंपिंग साइट से लिगेसी वेस्ट उठाने और इसका सही तरीके से रखरखाव करने के मामले में नगर निगम सोलन नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की गाइडलाइन पर खरा नहीं उतर पा रहा है।

यही कारण है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड परवाणु ने निगम पर 10 हजार का जुर्माना लगाया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से भेजे नोटिस में छह वर्ष की सजा का भी प्रावधान है। ऐसे में अब नगर निगम पर टेंडर के मुताबिक मई 2024 तक लिगेसी वेस्ट (पुराना कूड़ा) उठाने की चुनौती है। निगम की तरफ से पंचकूला की कंपनी सनटन लाइफ को दिए टेंडर के कार्य के मुताबिक मौके से अभी तक 60 हजार टन लिगेसी वेस्ट को उठाया जा चुका है। कंपनी को बचे हुए करीब 40 हजार टन पुराने कूड़े को अगले तीन महीने में उठाना होगा।

बता दें कि डंपिंग साइट में शहर से रोज निकलने वाले फ्रेश कूड़े को ही सेग्रीगेट कर पंचकूला भेजा जाता है। यहां से निकल रहे प्लास्टिक



डंपिंग साइट में एकत्र आरडीएफ

वेस्ट (आरडीएफ) को सीमेंट और बिजली बनाने वाली कंपनी को दिया जाता है मगर, इसे उठाना अभी बाकी है।

पहले प्लास्टिक वेस्ट को दाड़लाघाट स्थित अंबुजा सीमेंट कंपनी को भेजा जा रहा था, मगर कंपनी में हड़ताल के बाद आरडीएफ का स्टॉक रुक गया। अब इस काम में लगी कंपनी आरडीएफ को गाजियाबाद, पानीपत और चितौड़गढ़ भेजने का दावा कर रही है। गर्मी के मौसम में बचे हुए लिगेसी वेस्ट को निकाला जाना है। फिलहाल कंपनी लिगेसी वेस्ट निकालने से फैल रही बदबू को कम करने के लिए विशेष कैमिकल का इस्तेमाल कर रही है। डंपिंग प्वाइंट को प्रदूषण मुक्त कर यहां पौधरोपण कर पार्क बनाने के निर्देश हैं। (अनंत ज्ञान)

### मई, 2024 तक पूरा करना है काम

**नगर** निगम से करार के मुताबिक कंपनी को मई, 2024 तक इस कार्य को पूरा करना है। मौके पर अधिक मात्रा में लिगेसी वेस्ट निकालने से बदबू फैल रही है, जिस पर प्रदूषण बोर्ड ने आपत्ति जताई है। स्थानीय लोग भी इससे चिंतित हैं। ऐसे में कंपनी ने जरूरत के मुताबिक ही लिगेसी वेस्ट को उठने का निर्णय लिया है। इसके अलावा कंपनी ने शहर से रोज निकल रहे 20 से 25 टन कूड़े को उठने की जिम्मेदारी ली है।

### दो दशक तक डंप हुआ शहर का कूड़ा

**सलोगड़ा** डंपिंग साइट में वर्ष 2001 से अब तक करीब दो दशक बीत जाने तक सोलन शहर का हजारों टन पुराना कूड़ा डंप हुआ है। एनजीटी के निर्देशानुसार निगम ने सनटन लाइफ से करार किया है। कंपनी के आंकड़ों के मुताबिक इस स्थान से करीब 60 हजार टन से अधिक लिगेसी वेस्ट निकाला जा चुका है। कंपनी ने मौके पर सेग्रीगेट मशीनें स्थापित तो की हैं, लेकिन जगह कम होने के चलते यहां पर अतिरिक्त सेग्रीगेट मशीन लगाना मुश्किल है।

> कंपनी को निगम से हुए करार के मुताबिक लिगेसी वेस्ट और आरडीएफ को उठाने के निर्देश दिए हैं। डंपिंग साइट एनजीटी की गाइडलाइन के मुताबिक शहर को प्रदूषण मुक्त किया जा रहा है। ठेकेदार को काम में तेजी लाने को कहा गया है।
>
> **उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

# आदर्श आचार संहिता का सख्ती से करें पालन : डीसी

**जिला निर्वाचन अधिकारी सिरमौर ने सभी राजनीतिक दलो को दिए निर्देश**

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश सहित सिरमौर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता 16 मार्च, 2024 से लागू होकर मतगणना प्रक्रिया संपन्न होने, यानि 6 जून तक लागू रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों को आदर्श आचार संहिता के समस्त प्रावधानों की सख्ती से अक्षरश: अनुपालना सुनिश्चित बनाने का आग्रह किया है।

सुमित खिमटा ने कहा कि आदर्श आचार संहिता की स्टैंडिग कमेटी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के तहत आने वाले विभिन्न मामलों की निगरानी करेगी और नियमानुसार उनका निपटारा किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत लागू आदर्श आचार संहिता के सभी प्रावधानों के के बारे में जानकारी समय-समय पर आयोजित स्टैंडिग कमेटी की बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रदान कर दी गई है, ताकि निर्वाचन प्रकिया के दौरान संहिता की किसी भी प्रकार से उल्लंघना न हो। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उद्देश्य सभी राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को चुनाव में बराबर का अवसर प्रदान करने और निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी बनाना है। सुमित खिमटा ने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के दौरान सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग न हो। आदर्श आचार संहिता के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा और कोई भी नया कार्य शुरू नहीं किया जा सकेगा।

### सिरमौर में 4,00,792 मतदाता डालेंगे वोट

**जिला** निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शिमला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पहली जून, 2024 को होने वाले मतदान में सिरमौर जिला के पांच विधानसभा क्षेत्रों में कुल 4,00,792 मतदाता अपने मत का इस्तेमाल कर सकेंगे। इन मतदाताओं में 2,09,004 पुरुष तथा 1,91,785 महिला मतदाता शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जिला में कुल 589 मतदान केंद्रों की स्थापना की गई है।

# राजगढ़ शहर में गाड़ी कहां पार्क करें, वाहन चालक परेशान!

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

शहर को आजादी के लगभग सात दशकों के बाद भी सरकारी पार्किंग सुविधा नहीं मिल पा रही है, जिसके कारण शहर में आने वाले वाहन चालकों के साथ आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां राजगढ़ शहर में आवासीय कलोनियों के साथ बाजार का विस्तार भी लगातार हो रहा है, लेकिन नगर पंचायत द्वारा शहर में प्रस्तावित पार्किंग का निर्माण कछुआ गति से चल रहा है।

वाहन पंजीकरण कार्यालय राजगढ़ में वर्तमान में लगभग छोटे-बड़े 15 हजार के लगभग वाहन पंजीकृत हैं। यहां नए बस स्टैंड के साथ एक निजी पार्किंग के अलावा पूरे शहर में कोई पार्किंग सुविधा नहीं है। आलम यह है कि यदि बाजार आना हो तो लोगों को अपनी गाड़ी लगभग एक किलोमीटर दूर लगाकर आना पड़ता है। स्थानीय दुकानदारों के लिए गाड़ी खड़ी करने के लिए आज तक कोई उपयुक्त स्थान नहीं है। पार्किंग की सुविधा न होने कारण मजबूरन लोगो के सड़क किनारे अपने वाहन खड़े करने पड़ते हैं, जिस कारण यहां बार-बार जाम लगता रहता है। ट्रैफिक पुलिस को जाम खुलवाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने वर्ष 2018 में राजगढ़ शहर में पार्किंग के लिए एक करोड़ के बजट के प्रावधान की घोषणा की थी और वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव से पहले सुरेश कश्यप ने आनन-फानन में उस समय बतौर विधायक इसका विधिवत शिलान्यास भी कर दिया था। जानकारी के अनुसार पहले जो कार्य नगर पंचायत द्वारा किया जाना था, वह अब लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाना है। वहीं, नई सरकार का कार्यकाल भी लगभग 15 माह का होने वाला है।

लोगों को उम्मीद है कि राजगढ़ शहर में पार्किंग का कार्य शीघ्र आरंभ होगा। लोक निर्माण विभाग राजगढ़ के अधिशाषी अभियंता राम सिंह के अनुसार राजगढ़ शहर में बनने वाली पार्किंग की डीपीआर तैयार करके उसे अप्रूवल के लिए वापस नगर पंचायत को भेजा गया था, मगर उसके बाद नगर पंचायत द्वारा उसमें कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

# सोलन में 417293 मतदाता करेंगे मतदान

## जिला निर्वाचन अधिकारी बोले- जिले में 592 पोलिंग स्टेशन होंगे स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

जिला निर्वाचन अधिकारी कम डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग की तरफ से जारी गाइडलाइंस को लेकर रविवार को पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि शिमला पार्लियामेंट्री सीट के लिए सात मई, 2024 को नॉमिनेशन शुरू हो जाएंगे। नॉमिनेशन भरने की अंतिम तिथि 14 मई, 2024 होगी।

उन्होंने कहा कि 15 में को नॉमिनेशन की स्क्रूटनी की जाएगी, जबकि 17 में तक नाम वापस ले सकेंगे। इसी तरह प्रदेश की सभी चार लोकसभा सीट के लिए एक जून, 2024 को मतदान होगा, जबकि चार जून को मतगणना व नतीजे घोषित होंगे।

जिला चुनाव अधिकारी ने कहा कि सोलन जिला की पांच विधानसभा सीटों में कुल 417 293 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसमें 213766 पुरुष मतदाता व 203521 महिला मतदाता, छह थर्ड जेंडर मतदाता




सोलन के चुनाव लोगो का लोकार्पण करते जिला चुनाव अधिकारी मनमोहन शर्मा।

शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला सोलन में 592 पोलिंग स्टेशन और 562 पोलिंग लोकेशन बनाई गई हैं, जिसमें अर्की में 134, 121 नालागढ़ 121, दून 100, सोलन 130 और कसौली विधानसभा 107 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इसमें अर्की के पांच नालागढ़ के 18, दून के 15, सोलन का एक और कसौली के तीन पोलिंग स्टेशन को संवेदनशील घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि पोलिंग स्टेशन में स्टिल कैमरा, वीडियोग्राफी और माइक्रो आब्जर्वर तैनात रहेंगे। इस बार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो-दो महिला प्रबंधन पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इसी तरह इलेक्शन कंडक्ट करने के लिए 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट 71 सेक्टर ऑफिसर्स की नियुक्ति की गई है। इलेक्शन में होने वाले खर्च की मॉनिटरिंग के लिए 15 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 15 फ्लाइंग स्क्वायड, दस वीडियो सर्विलेंस टीम, पांच वीडियो वीविंग टीम्स, पांच अकाउंटिंग टीम तैनाती की गई हैं। इस दौरान किसी ने जिला सोलन का इलेक्शन लोगो भी जारी किया जिसे डिग्री कॉलेज सोलन के आर्ट्स स्टूडेंट्स ने बनाया है।

### यहां होंगी रैलियां

**अर्की** में अर्की बाजार शिव मंदिर, कुनिहार नजदीक तालाब, दाड़लाघाट नजदीक वेटनरी ग्राउंड, नालागढ़ में पंजीरा ग्राउंड नजदीक मंदिर, पंजीरा बरूना ग्राउंड नजदीक पंचायत घर, पुराना ब्वॉयज स्कूल नालागढ़, अनाज मंडी रोड नालागढ़, राम शहर ग्राउंड नजदीक कॉलेज नंद मैदान नजदीक पंचायत घर, दून विधानसभा में हनुमान चौक नजदीक सब्जी मंडी ग्राउंड, बरोटीवाला हरिपुर रोड, मेला ग्राउंड चंडी, पट्टा रोड बस स्टैंड, चंडी, बस स्टैंड कुठार बस स्टैंड, गोयला नजदीक ग्राम सेवक हट, बस स्टैंड पट्टा, सोलन विधानसभा में ठेडो ग्राउंड, गंज बाजार ओल्ड बस स्टैंड, पुलिस लाइन ग्राउंड, पद्म पंचायत घर श्रीनगर, सिद्ध बाबा ग्राउंड चाइल्ड ग्राउंड नजदीक गवर्नमेंट स्कूल कंडाघाट, कसौली में मिलिट्री हॉस्पिटल के नजदीक, ग्राउंड मैदान कश्मीरी मोहल्ला ग्राउंड, आजाद बाजार कसौली दशहरा ग्राउंड गड़खल सब्जी मंडी ग्राउंड नजदीक मंडी, सिहारडी मुसलमान रोड धर्मपुर सब्जी मंडी, दतियार दशहरा ग्राउंड सेक्टर 5 परमाणु फरूट मंडी ग्राउंड सेक्टर 6 परमाणु गुगा मड़ी मंदिर ग्राउंड सुबाथू शामिल हैं।

## राजगढ़ शहर में आसमान छू रहे फलों और सब्जियों के दाम, गृहणियों का बिगड़ा बजट

# आम आदमी की थाली से सब्जियां गायब

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ शहर में फलों और सब्जियों के दाम इन दिनों सांतवें आसमान पर हैं, जिसके कारण आम आदमी की थाली से सब्जी गायब नजर आ रही है। अधिकतर फलों के दाम 80 से 150 रुपए प्रतिकिलो चल रहे हैं। फल विक्रेताओं की मानें तो प्रदेश में इन दिनों फलों का उत्पादन नहीं होता है। ज्यादातर फल दूसरे राज्यों से मंगवाए जा रहे हैं। इसलिए दाम बढ़े हैं। आने वाले दिनों में दामों में कटौती हो सकती है।

शहर में ज्यादातर स्कूल खुल गए हैं। ऐसे में बच्चों की फ्रूट क्लास के लिए फल खरीदना अभिभावकों की जेब पर भारी पड़ रहा है। सब्जी मंडी में केले का दाम



फाइल फोटो

70 से 80 रुपए प्रति दर्जन तक है। अंगूर 100 से 120 रुपए, अमरूद 80 से 120, संतरा 60 से 80, किन्नू 40 से 60, खजूर 120 और अनार 100 से 120 रुपए प्रतिकिलो बिक रहा है। सेब 100 से 150 रुपए प्रति किलो है। भिंडी 100 तो करेला 120 रुपए प्रतिकिलो बिक रहा है। आने वाले दिनों में प्रदेश में सब्जियों की पैदावार शुरू हो जाएगी।

ऐसे में सब्जियों के दामों में गिरावट की उम्मीद है। प्याज भी इन दिनों 30 से 35 रुपए प्रतिकिलो बिक रहा है। आलू 15 से 25 रुपए, टमाटर 30 से 50 रुपए, खीरा 40 से 50 रुपए, मटर 40 से 80 रुपए, फूलगोभी 30 से 40 रुपए, बंदगोभी 30 से 40 रुपए, बैंगन 40 से 50 रुपए, कद्दू 50 रुपए, लौकी 40 रुपए, बीन 80 रुपए, अरबी 50 रुपए, शिमला मिर्च 80 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बिक रही है, जिसके कारण आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उधर, सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि लगभग दो सप्ताह से फलों एवं सब्जियों के थोक के दामों भारी वृद्धि हो रही है, जिसके कारण परचून भाव भी बढ़ रहे हैं।

# हाथ से मैला ढोने वालों का होगा सर्वे

## डीसी की अध्यक्षता में बनाई कमेटी, 15 अप्रैल तक तैयार की जाएगी रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान, नाहन**

मैला ढोने का कार्य करने वाले अथवा हाथ से गंदगी साफ करने वाले सफाई कर्मचारियों का पता लगाने और उनके कल्याण, उत्थान एवं पुनर्वास के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए सिरमौर जिला में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार एक व्यापक सर्वे कार्य आरंभ किया गया है।

इस सर्वे के लिए जिला स्तर पर एक कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें जिला दंडाधिकारी सुमित खिमटा को अध्यक्ष बनाया गया है। जिला दंडाधिकारी खिमटा ने नाहन में जिला स्तरीय सर्वे कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि जिला में 15 मार्च से सर्वे प्रारंभ हो गया है। 15 अप्रैल तक यह सर्वे संपन्न किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों में नगर परिषद तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बीडीओ के माध्यम से पंचायतों द्वारा सर्वे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सर्वे की सूचना शहरी और ग्रामीण स्तर तक




सर्वे कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त।

पहुंचाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों को निर्देश दिए गए हैं।

सुमित खिमटा ने कहा कि यद्यपि अभी तक की जानकारी के अनुसार जिला सिरमौर में आधुनिक शौचालयों के निर्माण के कारण अब पुराने ढंग से मैला ढोने का कोई भी मामला सामने नहीं आया है, लेकिन सेप्टिक टैंकों, शौचालयों और नालियों की सफाई के लिए अक्सर सफाई कर्मचारियों की सेवाएं ली जाती हैं। उन्होंने कहा कि अगर ये कर्मचारी अभी भी यह कार्य हाथ से कर रहे हैं, तो इन्हें भी सर्वे में शामिल किया जा सकता है। उपायुक्त ने ग्रामीण विकास, पंचायतीराज और शहरी निकाय के अधिकारियों को सर्वे के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि सभी पात्र सफाई कर्मचारी 15 अप्रैल, 2024 तक अपने दावे प्रस्तुत कर सकें।

जिला कल्याण अधिकारी सिरमौर विवेक अरोड़ा ने बैठक का संचालन किया और सर्वे के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। जिला कार्यक्रम अधिकारी सिरमौर सुनील शर्मा, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद नाहन संजय तोमर के अलावा समिति के अन्य गैर सरकारी सदस्यों में हरीश कल्याण, गौतम चौहान, साहिल व अन्य सदस्य भी बैठक में शामिल रहे।

**खेलकूद**

## जिला परिषद डुमैहर वार्ड की सदस्य आशा परिहार ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# फौजी इलेवन ने जीती नगीन पाल मेमोरियल क्रिकेट ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, अर्की**

अर्की के अर्जुन खेल मैदान कोटली (शालाघाट) में स्वर्गीय नगीन चंद पाल मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रथम संस्करण का समापन हो गया। समापन पर जिला परिषद डुमैहर वार्ड की सदस्य आशा परिहार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुईं। आयोजक मंडल द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

पूर्व विधायक स्वर्गीय नगिन चंद पाल की स्मृति में आयोजित इस क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक विनोद कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता के समापन पर दो मैच आयोजित करवाए गए, जिसमें पहला मैच तीसरे और चौथे नंबर के लिए फ्रेंड्स इलेवन अर्की और अर्जुन एकादश कोटली के मध्य खेला गया। इस मैच में अर्जुन एकादश ने जीत हासिल की।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला फौजी इलेवन और बपडोन इलेवन के मध्य खेला गया। फौजी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 15 ओवरों में 100 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बपडोन टीम निर्धारित ओवरों में 68 रन ही बना पाई और इस तरह फौजी इलेवन ने 32 रनों से विजय हासिल कर यह प्रतियोगिता अपने नाम की।



क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम मुख्यातिथि के साथ।

### विजेता टीम को एक लाख व ट्रॉफी उपविजेता को मिले 50 हजार

**समापन** कार्यक्रम में मुख्यातिथि आशा परिहार ने युवाओं से आग्रह किया कि सभी नशे से दूर रहकर खेलों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने आयोजन समिति को 41000 रुपए की राशि भेंट की। अंत में उन्होंने प्रतियोगिता की विजेता टीम को एक लाख की राशि और ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 50,000 व ट्रॉफी, तीसरे नंबर पर रहने वाली टीम को 21000 व चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 11000 रुपए की राशि प्रदान की। मैन ऑफ द टूर्नामेंट अर्जुन एकादश के उदय रहे, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज फौजी एकादश के मनी, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अर्जुन एकादश के सोनू, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक फ्रेंड्स एकादश के हुक्म सिंह व सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर ग्रीन स्टार एकादश के विनोद कुमार रहे। इस दौरान टूर्नामेंट के आयोजक विनोद, सुखराम, संजू, राज, मीतू व अन्य मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार के विरोध में सोलन में कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

केंद्र सरकार के विरोध में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सोलन के ओल्ड पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से ओल्ड बस स्टैंड तक मशाल जुलूस निकाल कर अपना रोष व्यक्त किया।

इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा की जिस पार्टी को राज्य की जनता ने 15 महीने पहले खारिज कर दिया था, वह अपनी हार पचा नहीं पाई और अब धनबल के जरिए सत्ता हथियाने का प्रयास कर रही है। भाजपा की किसी भी साजिश को सफल नहीं होने दी जाएगी और वर्तमान कांग्रेस सरकार अपना पांच



सोलन में कैंडल मार्च निकालते मंत्री धनीराम शांडिल व कांग्रेस कार्यकर्ता।

साल का कार्यकाल आराम से पूरा करेगी। कर्नल शांडिल ने कहा कि भाजपा अपनी नीतियों से लोकतंत्र की हत्या कर रही है। राज्यसभा सीट के लिए जो हथकंडे विपक्षी पार्टी ने अपनाए हैं, वे सही नहीं है। कांग्रेस पार्टी उसका विरोध कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### फिटनेस हासिल करने की बेताबी में कई इंजेक्शन लेने पड़े : पांड्या

**मुंबई।** हरफनमौला हार्दिक पांड्या ने पिछले साल विश्व कप के मैचों के लिए फिटनेस हासिल करने की बेताबी में कई



इंजेक्शन लेने और अपने टखने से खून के थक्के हटाने जैसे मुश्किल उपायों का सहारा लिया लेकिन इससे चोट और बढ़ गई और इस भारतीय खिलाड़ी को वनडे विश्व कप से बाहर बैठना पड़ा। विश्व कप के दौरान भारत के चौथे मैच में बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी के दौरान अपने पहले ओवर के बाद पांड्या लंगडाते हुए मैदान से बाहर गए थे। उन्होंने कहा, '' मैंने अपनी एड़ी पर तीन अलग-अलग जगहों पर इंजेक्शन लगवाए और सूजन के कारण मुझे अपने टखने से खून निकलवाना पड़ा। मैं (विश्व कप के शेष मैच खेलने पर) हार नहीं मानना चाहता था। टीम के लिए मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। अगर एक प्रतिशत भी टीम में वापसी की संभावना हो तो मैं अपनी ओर से पूरा प्रयास करता हूं।''

### ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में हारे लक्ष्य

**बर्मिंघम ।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन तीन गेम तक चले ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप पुरूष एकल



सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से हार गए। इससे भारत का आल इंग्लैंड चैंपियनशिप ट्राफी जीतने का इंतजार फिर बढ़ गया। 22 बरस के सेन 2022 में यहां उपविजेता रहे थे। वह सेमीफाइनल में 2019 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टी से 21-12, 10-21, 15-21 से पराजित हो गए। सेन पिछले हफ्ते भी फ्रैंच ओपन सुपर-750 टूर्नामेंट के सैमीफाइनल में पहुंचे थे और लगातार दूसरे हफ्ते सैमीफाइनल में उनका सफर खत्म हो गया।

### पाकिस्तान की टीम में असुरक्षा का माहौल बना रहता हैं : नसीम

**कराची।** तेज गेंदबाज नसीम शाह ने पाकिस्तान की टीम में असुरक्षा के माहौल पर खुलकर बात करते हुए कहा कि



सीनियर खिलाड़ी थके होने के बावजूद 'ब्रेक' नहीं लेते हैं क्योंकि उन्हें डर रहता है कि उनकी जगह कोई जूनियर खिलाड़ी ले लेगा। शाह कंधे की चोट के कारण पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने कहा कि चोट के कारण टीम से बाहर होने पर उन्हें भी अपनी जगह गंवाने का डर था। शाह ने कहा,''ईमानदारी से कहूं तो प्रमुख खिलाड़ी अपने शरीर को आराम देने से डरते हैं जबकि वह जानते हैं कि उन्हें ब्रेक की जरूरत है क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट का माहौल इस तरह से है कि अगर कोई नया खिलाड़ी आता है तथा एक या दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करता है तो फिर आप नहीं जानते कि वह टीम में स्थायी तौर पर आपकी जगह ले लेगा।''

### अमेरिका के फिलाडेल्फिया में गोलीबारी, तीन लोगों की मौत

**फिलाडेल्फिया।** अमेरिका के फिलाडेल्फिया के उपनगर में गोलीबारी हुई जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। इस घटना के कारण 'सेंट पैट्रिक्स डे' परेड तथा बच्चों का 'थीम पार्क' बंद करना पड़ा। ईस्टर्न पेंसिल्वेनिया की फॉल्स टाउनशिप में 'गोलीबारी की घटना की पुष्टि' हुई है।

### मणिपुर में हथियार, गोला-बारूद बरामदगी का सिलसिला जारी



**इंफाल।** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में हथियार और गोला बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और क्षेत्र प्रभुत्व चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान एक 5.56 मिमी यूएस निर्मित एम-4 असॉल्ट राइफल, एक स्थानीय निर्मित इम्प्रोवाइज्ड प्रोजेक्टाइल लॉन्चर कांगपोकपी जिले से बरामद किया गया।

### मीका सिंह ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में लगाई हाजिरी

**वाराणसी ।** रैपर मीका सिंह ने रविवार को श्री काशी विश्वनाथ और बाबा कालभैरव के दरबार में हाजिरी लगाई। कालभैरव मंदिर में दर्शन पूजन के बाद मीका सिंह श्री काशी विश्वनाथ



मंदिर पहुंचे और विधि विधान से बाबा के पावन ज्योतिर्लिंग का दर्शन पूजन किया। मंदिर परिसर में मीका सिंह ने प्रशंसकों संग तस्वीरें भी खिंचवाई। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, आईआईटी में टेक फेस्ट में भाग लेने आए मीका सिंह ने कहा कि बाबा का पहले भी दर्शन कर चुके हैं। दरबार में दर्शन पूजन के बाद काफी प्रसन्न हूं।

### पहले की घोषणा के अनुसार होगी सीयूईटी-यूजी परीक्षा

**नई दिल्ली ।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-यूजी के आवेदकों के लिए बड़ी खबर है। 16 मार्च को चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम जारी किया गया, जिसके




बाद से ही सीयूईटी-यूजी के आवेदक असमंजस में थे कि परीक्षा पहले सूचित किए कार्यक्रम के अनुसार ही होगी या नहीं। ऐसे में आज यूजीसी के चेयरमैन जगदेश कुमार ने स्थिति को साफ करते हुए एक ट्वीट किया है। यूजीसी के चेयरमैन ने कहा कि सीयूईटी-यूजी पहले की घोषणा के अनुसार 15 मई से 31 मई 2024 के बीच आयोजित किया जाएगा और लोकसभा चुनाव कार्यक्रम के मद्देनजर इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद परीक्षा की डेटशीट जारी की जाएगी।

# आईपीएल के लिए भारत लौटे कोहली

## बेटे के जन्म के कारण नहीं खेले थे इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने बेटे अकाय के जन्म के बाद रविवार को भारत लौट आए और आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपनी फ्रैंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ट्रेनिंग शिविर में जुड़ने को तैयार हैं। कोहली ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला लेते हुए भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज से हटने का फैसला किया था। बाद में बताया गया कि यह ब्रेक इसलिए लिया गया ताकि यह स्टार बल्लेबाज ब्रिटेन में अपने बेटे के जन्म के समय अपनी पत्नी के साथ रह सके। आईपीएल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने एक्स पर पोस्ट किया, ''विराट कोहली लौट आऐ हैं। 'रेड किंग' भारत में 22 मार्च को सीएसके के खिलाफ अपना आईपीएल अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं। किंग के लिए चीयर करने और 'किंगली बीट्स' पर थिरकने के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि स्टार स्पोर्ट्स का नया एंथम 'कोहली कॉलिंग' सभी मंच पर रिलीज हो गया है। इस आईपीएल में कोहली के संबंध में सभी चीजों के लिए स्टार स्पोर्ट्स पर ट्यून करें।'' कोहली रविवार को मुंबई पहुंचे और उनके जल्द ही टीम के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ने की उम्मीद है। आरसीबी अभी तक आईपीएल खिताब नहीं जीत पायी है। कोहली ने पिछले आईपीएल सत्र में 639 रन बनाए थे।



**टी-20 विश्वकप टीम में जगह बनाने के लिए आईपीएल अहम**

**आईपीएल** का आगामी सीजन टी-20 विश्व कप टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिहाज से कोहली के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा, जो इस लीग के कुछ दिनों बाद खेला जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, टी-20 विश्व कप में कोहली की जगह तय नहीं हुई है क्योंकि चयनकर्ता कोहली को टी-20 योजना में बनाए रखने के बारे में कुछ सोच रहे हैं।

### अश्विन को 500 सोने के सिक्के और एक करोड़ रुपए का इनाम

भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने कुछ हफ्तों पहले हुई भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज में एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया था। अश्विन टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 500 विकेट पूरे करने वाले केवल नौवें खिलाड़ी बने थे। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 5 मैचों में 26 विकेट चटकाए थे। अब इस यादगार और ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन ने अश्विन को सम्मानित किया है।



टेस्ट क्रिकेट में 100 मैच खेलने और 500 विकेट लेने की उपलब्धि पर तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन ने रविचंद्रन अश्विन को 1 करोड़ रुपए का चेक देने के अलावा भी कई उपहार दिए हैं। अश्विन को 500 विकेट पूरे करने के लिए 500 सोने के सिक्के, एक चांदी की ट्रॉफी, एक खास ब्लेजर (कोट) दिया गया। वहीं अश्विन ने अभी तक आईपीएल में 197 मैच खेले हैं और अगर वह आईपीएल-2024 में तीन मैच खेल लेते हैं तो वह अपने 200 आईपीएल मैच पूरे कर लेंगे।

वह आईपीएल के इतिहास में 200 या उससे ज्यादा मैच खेलने वाले कुल 10वें खिलाड़ी बनेंगे। आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड महेंद्र सिंह धोनी (250) के नाम है।

### गोलकीपिंग कोच बने वान

**नई दिल्ली ।** भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष हॉकी टीम की तैयारियों में मदद के लिए नीदरलैंड के गोलकीपिंग विशेषज्ञ डेनिस वान डी पोल को फिर से अपने सहयोगी स्टाफ में शामिल किया है। वान पहली बार 2019 में भारतीय टीम से जुड़े थे।



भारतीय टीम अभी भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग ले रही है। वान डी पोल शिविर से जुड़कर तीनों गोलकीपर पीआर श्रीजेश, कृष्ण पाठक और सूरज करकेरा के साथ मिलकर काम करेंगे।

मुख्य कोच क्रेग फुल्टन की देखरेख में 10 दिवसीय विशेष गोलकीपिंग शिविर ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम के रवाना होने से एक सप्ताह पहले 26 मार्च को समाप्त होगा।

वान डी पोल ने पिछले साल एशियाई खेलों से पहले भारतीय टीम के लिए जुलाई और सितंबर में दो विशेष शिविर आयोजित किए थे।

## दीक्षा ने गोल्फ क्लासिक के कट में जगह बनाई

**एजेंसी, लॉन्गवुड (फ्लोरिडा)**

भारत की दीक्षा डागर ने दूसरे दौर में छह बर्डी और इतनी ही संख्या में बोगी लगाकर इवन पार 71 का कार्ड खेला, जिससे वह आईओए गोल्फ क्लासिक के कट में जगह बनाने में सफल रही।

गोल्फर दीक्षा डागर ने एप्सन टूर की इस प्रतियोगिता के पहले दौर में तीन ओवर 74 का कार्ड खेला था। इस तरह से दूसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर तीन ओवर पर है। टूर्नामेंट में कट भी तीन ओवर पर गया।

लेडीज यूरोपियन टूर की दो प्रतियोगिताओं में शीर्ष 10 में जगह बनाकर यहां पहुंची दीक्षा अगले सप्ताह भी एप्सन टूर के टूर्नामेंट में भाग लेगी। इसके बाद वह फिर से लेडीज यूरोपियन टूर में लौट जाएगी।



गोल्फ क्लासिक में दूसरे दौर के बाद लिंडसे मैक्कर्डी एक शॉट से आगे थीं। लिंडसे ने 65 का कार्ड खेला, जबकि डेवी वेबर (66) दूसरे और चीनी ताइपे की विवियन होउ (63) तीसरे स्थान पर हैं।

## धावक राम बाबू ने पेरिस ओलंपिक का क्वालीफिकेशन मानक हासिल किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के राम बाबू ने स्लोवाकिया में डुडिंस्का 50 मीट में 1:20.00 सैकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष 20 किमी रेस क्वालीफिकेशन मानक हासिल किया। हांगझोउ एशियाई खेलों में 35 किमी पैदल चाल रेस के कांस्य पदक विजेता बाबू ने इस 'रेस वॉकिंग टूर' के गोल्ड स्तर के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया।



यह पहली बार है जब कोई भारतीय एथलीट इस प्रतियोगिता में पोडियम पर पहुंचा हो। ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए कट ऑफ मानक 1:20.10 सैकेंड है।

बाबू (24 वर्ष) इस तरह क्वालीफिकेशन मानक पार करने वाले देश के सातवें पुरुष पैदल चाल एथलीट बने। ऐसा करने वाले अन्य पैदल चाल एथलीट अक्षदीप सिंह, सूरज पंवार, सर्विन सेबेस्टियन, अर्शप्रीत सिंह, प्रमजीत बिष्ट और विकास सिंह हैं।

महिलाओं में प्रियंका गोस्वामी ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र पैदल चाल एथलीट हैं। प्रियंका ने पिछले साल झारखंड में ओलंपिक क्वालीफिकेशन मानक हासिल किया था।

एक देश ओलंपिक की व्यक्तिगत ट्रैक और फील्ड स्पर्धा में केवल तीन एथलीट भेज सकता है जिससे अब यह भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) पर तय करेगा कि वह इन सात पैदल चाल खिलाड़ियों में से किसे पेरिस ओलंपिक के लिए भेजता है।

## नॉर्थ जोन यूनिवर्सिटी दूसरी बार चैंपियन

**टीम में हिमाचल के दो कोच और दो खिलाड़ी शामिल**




विजयी ट्रॉफी के साथ पोज देते नॉर्थ जोन यूनिवर्सिटी के खिलाड़ी व सहयोगी स्टॉफ।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

बीसीसीआई द्वारा आयोजित बिजी ट्रॉफी का खिताब नॉर्थ जोन यूनिवर्सिटी ने साउथ जोन को हराकर लगातार दूसरी बार जीता। साउथ जोन ने पहले खेलते हुए 284 रन बनाए, जिसके जवाब में नॉर्थ जॉन की टीम ने 7 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

हिमाचल से संबंध रखने वाले डॉ विक्रांत भारद्वाज को असिस्टेंट कोच बनाया गया था और जरनैल सिंह को स्ट्रैंथ और कंडीशनिंग कोच। टीम में हिमाचल के दो खिलाड़ी राघव आगरा और आदित्य चौहान थे।

## गुजरात यूनिवर्सिटी में नमाज पढ़ने को लेकर अफगानी छात्र से मारपीट

**एजेंसी, अहमदाबाद**

गुजरात यूनिवर्सिटी में शनिवार देर रात विद्यार्थियों के साथ मारपीट मामले की जांच के लिए पुलिस आयुक्त जीएस मलिक ने 5 पुलिस उपाधीक्षक और 4 क्राइम ब्रांच के पुलिस अधिकारियों की टीम बनाई है। मामले में अब तक एक आरोपित की पहचान कर ली गई है। मारपीट में एक अफगानी छात्र घायल हुआ है।

शनिवार देर रात गुजरात यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे अफगानिस्तान विद्यार्थी समेत अन्य विद्यार्थियों पर बाहर से आए 20 से 25 लोगों ने हमला कर दिया। यह सभी छात्र रमजान को लेकर हॉस्टल के बाहर नमाज पढ़ रहे थे, इसी विवाद में इनके साथ मारपीट गई। बाद में यूनिवर्सिटी पुलिस ने मौके पर आकर सभी को खदेड़ दिया।

घटना को लेकर देर रात ही गुजरात यूनिवर्सिटी थाने में 20 से 25 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना की जानकारी



मिलने पर गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी और पुलिस आयुक्त जीएस मलिक ने कड़ी कार्रवाई की बात कही है। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है।

घायल छात्र का हाल जानने शहर पुलिस आयुक्त समेत विधायक कौशिक जैन, कुलपति नीरज गुप्ता आदि अस्पताल पहुंचे हैं। घटना को लेकर रविवार सुबह एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने अपने एक्स अकाउंट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह को टैग करके पूछा, क्या वे कड़ा संदेश भेजने के लिए हस्तक्षेप करेंगे ?

### अफगानिस्तान में सड़क हादसे में 21 की मौत

**काबूल।** दक्षिणी अफगानिस्तान में एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए। प्रांतीय यातायात विभाग की तरफ से यह जानकारी दी गई।

हेलमंद में विभाग की ओर से एक बयान में कहा गया है कि दुर्घटना रविवार सुबह दक्षिणी कंधार और पश्चिमी हेरात प्रांतों के बीच मुख्य राजमार्ग पर हेलमंद प्रांत के गेराश्क जिले में हुई।

हेलमंद में एक यातायात अधिकारी कादरतुल्ला ने कहा कि एक मोटरसाइकिल सवार अपने वाहन समेत एक यात्री बस से टकरा गया। इसके बाद बस सड़क के विपरीत दिशा में एक ईंधन टैंकर से टकरा गई। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की जांच चल रही है।

## इसराइल की सीरिया में एयरस्ट्राइक चरमपंथियों के कई ठिकाने तबाह

**एजेंसी, बेरूत**

इसराइली सेना ने सीरिया पर शनिवार देर रात कई ठिकानों पर भीषण हवाई हमला किया है। इसराइली सेना की इस एयरस्ट्राइक में सीरिया के कई आतंकी ठिकाने तबाह हो गए हैं। इसराइली सेना ने यह हमला दक्षिणी सीरिया में कई स्थानों पर एक साथ किया।

इस हवाई हमले में एक सैनिक घायल हो गया। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी 'सना' ने एक अज्ञात सैन्य अधिकारी के हवाले से बताया कि वायु रक्षा प्रणाली ने इसराइल के कब्जे वाले गोलन हाइट्स की ओर से देर रात स्थानीय समयानुसार 12:42 बजे आई कुछ मिसाइलों को मार गिराया।

एक बयान में कहा गया है कि इन हमलों से सीरिया को काफी नुकसान पहुंचा है। युद्ध पर निगरानी रखने वाले ब्रिटेन स्थित संगठन 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमैन राइट्स' ने बताया कि इसरायली हवाई हमलों में दमिश्क के उत्तरपूर्वी कलमौन पर्वत पर स्थित दो सैन्य अड्डों को निशाना बनाया गया। इस इलाके में लेबनान का चरमपंथी समूह हिजबुल्ला की मौजूदगी है। इसमें कई चरपंथियों के मारे जाने की भी आशंका है।



**सीरिया में 2024 का 24वां इसराइली हमला**

हमलों में हथियारों की एक खेप को निशाना बनाया गया। ब्रिटिश संगठन ने बताया कि यह 2024 में सीरिया में इजराइल का 24वां हमला है। उन्होंने हिजबल्ला और ईरान के अर्द्धसैनिक बल रेवोल्यूशनरी गार्ड समेत विभिन्न समूहों के 43 लड़ाके मार गिराए हैं और नौ नागरिकों की भी मौत हुई है।

### अरुणाचल-सिक्किम में अब 2 जून को निकलेगा परिणाम

**नई दिल्ली।** केंद्रीय चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में होने वाले विधानसभा चुनावों के परिणाम की तारीख बदल दी है। शनिवार को चुनाव आयोग ने चुनावी कार्यक्रमों का ऐलान करते हुए बताया था कि लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणाम 4 जून को ही आएंगे लेकिन आयोग ने अब इसमें बदलाव किया है। अब अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनाव के परिणाम 2 जून को आएंगे। बता दें कि लोकसभा चुनावों के साथ अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, आंध्र प्रदेश और उड़ीसा में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## तमिलनाडु के गिरफ्तार मछुआरों की रिहाई के लिए केंद्र से आग्रह

**एजेंसी, चेन्नई**

भाजपा की तमिलनाडु इकाई और पीएमके ने रविवार को श्रीलंका द्वारा 21 और मछुआरों की गिरफ्तारी पर केंद्र से उन सभी मछुआरों की शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई और पीएमके के शीर्ष नेता अंबुमणि रामदास ने कहा कि द्वीप राष्ट्र ने 21 मछुआरों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनकी नावें भी जब्त कर ली गई हैं। उनकी गिरफ्तारी के विषय में विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि इन मछुआरों को 16 मार्च की रात को श्रीलंकाई अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया था।

विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखते हुए अन्नामलाई ने कहा कि हम आपके ध्यान में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा तमिलनाडु के रामेश्वरम के 21 मछुआरों की हिरासत लेने की बात को रखना चाहते हैं। इन मछुआरों की मछली पकड़ने वाली नौकाओं को भी जब्त कर लिया गया है, इसलिए हम इस मामले में हस्तक्षेप का अनुरोध करते हैं।

केंद्र सरकार को श्रीलंका द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों की गिरफ्तारियों और हमलों की अनुमति नहीं देनी चाहिए। केंद्र सरकार को सभी 58 मछुआरों और उनकी सभी नौकाओं की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए।

## यूक्रेन ने रूस में राष्ट्रपति चुनाव के अंतिम दिन ड्रोन हमले किए

**मास्को।** यूक्रेन ने रविवार को रूस के क्षेत्रों पर श्रृंखलाबद्ध ड्रोन हमले किए। ये हमले ऐसे समय किए गए जब रूस के लोग राष्ट्रपति चुनाव के अंतिम दिन मतदान कर रहे थे। इस चुनाव से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर को और छह वर्ष का शासन मिलने की उम्मीद है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रात के समय यूक्रेन के 35 ड्रोन को मार गिराने की सूचना दी, जिनमें मॉस्को क्षेत्र में चार ड्रोन शामिल हैं।

मास्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ या कोई क्षति नहीं हुई।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, दो ड्रोन रूस की राजधानी मास्को के ठीक दक्षिण में कलुगा क्षेत्र में और मास्को के उत्तर-पूर्व में यारोस्लाव क्षेत्र में मार गिराए गए।

## विपक्षी गठबंधन के लिए बोझ बन गए हैं राहुल गांधी : नकवी

**एजेंसी, कोलकाता**

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी विपक्षी गठबंधन के लिए 'बोझ' बन गए हैं। उन्होंने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के हाथों हार के बाद कई विपक्षी दलों को मान्यता खोने का जोखिम हो सकता है।



पूर्व केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के कार्यान्वयन से उत्पन्न हुई आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा, 'मुसलमानों सहित एक भी भारतीय नागरिक नए कानून से प्रभावित नहीं होगा'।

उन्होंने विपक्ष पर देशभर में सांप्रदायिक संघर्ष और भ्रम पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

नकवी ने विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस के प्रति जनता के बीच विश्वास की व्यापक कमी का हवाला देते हुए, लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार की निर्णायक जीत का पूर्वानुमान जताया। उन्होंने विपक्षी गठबंधन की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें सुसंगत नेतृत्व और नीतियों का अभाव है, गठबंधन का आंतरिक संघर्ष और महत्वाकांक्षाएं इसकी प्रभावशीलता में बाधा बन रही हैं।

### नाइजीरिया में समुदायों के बीच झड़प में 16 सैनिकों की मौत

अबुजा। दक्षिणी नाइजीरिया में दो समुदायों के बीच झड़प के दौरान स्थिति संभालने पहुंचे चार अधिकारियों सहित कम से कम 16 सैनिकों की मौत हो गई। रक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

रक्षा मुख्यालय के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल तुकुर गुसाउ ने बताया कि यह हमला बोमाडी परिषद क्षेत्र में उस समय हुआ जब शांति बनाए रखने के लिए तैनात सैनिकों को ''समुदाय के कुछ युवाओं ने घेर लिया और मार डाला।''

इस हमले में कमांडिंग ऑफिसर, दो मेजर, एक कैप्टन और 12 सैनिकों की मौत हो गई। इस मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## सिद्धार्थ की फिल्म 'योद्धा' की कमाई में उछाल, दूसरे दिन 5 .75 करोड़ कमाए

**एजेंसी, मुंबई**

बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा, राशि खन्ना और दिशा पटानी स्टारर 'योद्धा' आखिरकार 15 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म का खूब प्रमोशन किया गया लेकिन पहले दिन फिल्म की ओपनिंग कुछ खास नहीं रही। हालांकि दूसरे दिन फिल्म की कमाई में उछाल देखने को मिला है।



इस फिल्म ने एडवांस बुकिंग के दम पर पहले दिन 4.1 करोड़ का कलेक्शन किया है। दो दिनों में मिलाकर इस फिल्म ने 9.85 करोड़ की कमाई की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म का बजट तकरीबन 55 करोड़ के आसपास है। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना पहली बार स्क्रीन शेयर करते नजर आ रहे हैं।

### अदा शर्मा की 'बस्तर' का नहीं चला जादू

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बस्तर : द नक्सल स्टोरी' बॉक्स ऑफिस पर पूरी तरह से ठंडी नजर आ रही है।



इस फिल्म को दर्शकों का रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। ब्लॉकबस्टर 'द केरला स्टोरी' के बाद यह अभिनेत्री अदा शर्मा और निर्देशक सुदीप्तो सेन की दूसरी फिल्म थी।